

7 द हाउस ऑफ़ लैक्मे...

www.swatantramat.com

# स्वतंत्र मत



11 जैसे माँ के चरणों में ....

■ वर्ष 31 अंक 86 | डाक/नगर संस्करण | ■ जबलपुर मंगलवार 16 सितम्बर 2025 | ■ पृष्ठ 12 ■ मूल्य रु. 3.00


# कांग्रेंस का हर एक कार्यकर्ता आपके साथ खड़ा है: राहुल गांधी

## पंजाब में बाढ़ पीड़ितों से मिले राहुल गांधी, बोले सरकार पीड़ितों को जल्द मुआवजा दे

अमृतसर/गुरदासपुर

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार 15 सितंबर पंजाब का दौरा किया। उन्होंने अमृतसर और गुरदासपुर में अलग-अलग स्थानों पर बाढ़ पीड्तिों से मुलाकात की। राहुल पंजाब में लगभग साढ़े 6 घंटे रहे। अमृतसर के घोनेवाल गांव में बाढ़ से हुए नुकसान के बारे में बताते हुए एक बच्चा रो पड़ा, जिसे राहुल गांधी ने गोद में उठाकर चुप कराया। इसके बाद राहुल गांधी ने गुरदासपुर में भी प्रभावित क्षेत्रों का ट्रैक्टर से दौरा किया। सुरक्षा कारणों के चलते वह पाक बॉर्डर से सटे गांवों में नहीं जा सके। अपने दौरे के दौरान उन्होंने मीडिया से कोई बात नहीं की। शाम 4 बजे वह पठानकोट से दिल्ली के लिए रवाना हो गए। दौरे के बाद राहुल गांधी ने एक्स पर लिखा बाढ़ ने पंजाब में भारी तबाही मचाई है। आज घोनेवाल में ग्रामीणों से मिला। उजड़े आशियाने, बर्बाद खेत, बिखरी जिंदगियां। दर्द आंखों में साफ दिखता है, मगर हौसला अटूट है। राज्य और केंद्र सरकार दोनों हर हाल में यह सुनिश्चित करें कि राहत पैकेज और मुआवजा बिना देरी पीड़ितों तक पहुंचेए जिन्हें इस वक्त इसकी सबसे ज्यादा जरूरत है। इस त्रासदी में मैं हर पीड़ित परिवार के साथ खड़ा हूं। उनकी आवाज बुलंद करूंगा और उन्हें हर संभव मदद दिलाना मेरा संकल्प है। पंजाब में बाढ़ से 23 जिलों के 2,097 गांव प्रभावित हुए हैं और लगभग 1,91,926 हेक्टेयर में फसलें डूब गई हैं। 15 जिलों में 52 लोगों की जान जा चुकी है। 6 दिन पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पंजाब का दौरा किया था और स्थिति को देखते हुए पंजाब को 1,600 करोड़ रुपए देने की



घोषणा की थी। इस पैकेज को भगवंत मान सरकार ने नाकाफी बताया था।

### अमृतसर में डूबी फसलें और टूटे घर देखे

राहुल गांधी सोमवार सुबह करीब 9.30 बजे अमृतसर एयरपोर्ट पहुंचे। सबसे पहले वह अमृतसर के घोनेवाल गांव गए। यहां उन्होंने बाढ़ से प्रभावित लोगों से मिलकर डूबी हुई फसलों और टूटे हुए घरों का जायजा लिया। उन्होंने गुरुद्वारा बीड़ बाबा बुड्ढा साहिब में मत्था भी टेका। इसके बाद राहुल गांधी गुरदासपुर के गुरचक्क गांव पहुंचे, जहां उन्होंने उस स्थान का दौरा किया जहां बांध टूटने से खेत और घर जलमग्न हो गए थे। उन्होंने किसानों से मुलाकात की और फ्रि ट्रैक्टर पर सवार होकर आधा किलोमीटर दूर खड़ी अपनी गाड़ी तक पहुंचे।

### पाक बॉर्डर से सटे 7 गांवों में नहीं जा पाए

इसके बाद उन्होंने दीनानगर में बाढ़ पीड़ितों से मुलाकात की। मकौड़ा पत्तन गांव में लोगों से मुलाकात की। राहुल को पाकिस्तान बॉर्डर से सटे 7 गांवों में भी जाना था, लेकिन सुरक्षा कारणों से अधिकारियों ने उन्हें आगे न जाने की सलाह दी, जिसके बाद राहुल गांधी वापस चले गए। राहुल के साथ पंजाब कांग्रेस के प्रधान अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग, पंजाब कांग्रेस इंचार्ज भूपेश बघेल और विधानसभा में विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा भी मौजूद रहे। राहुल गांधी ने पंजाब के बाढ़ पीड़ितों का दर्द समझा, बोले हर कांग्रेस कार्यकर्ता अपके साथ खड़ा है।

### हरियाणा में 3 क्रिमिनल लॉ होंगे लागू : अमित शाह

**चंडीगढ़।** हरियाणा में 3 अक्टूबर से केंद्र सरकार के 3 नए क्रिमिनल लॉ पूरी तरह से लागू हो जाएंगे। इसकी शुरुआत केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कुरुक्षेत्र से करेंगे। उनके दौरे से पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज 16 सितंबर को एक अहम बैठक बुलाई है। इस बैठक में मुख्यमंत्री अधिकारियों के साथ प्रदेश में तीनों नए कानूनों को लेकर अब तक हुई तैयारियों पर चर्चा करेंगे। यह बैठक हरियाणा सिविल सचिवालय में होगी। हरियाणा में 3 नए आपराधिक कानून लागू करने के लिए पुलिस और गृह विभाग ने तैयारी पूरी कर ली है। सभी विभागों ने नए कानूनों के अनुसार काम करना शुरू कर दिया है।

### काल बना तेज रफ्तार ट्रक

**इंदौर।** इंदौर में सोमवार शाम को एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। एक ट्रक ने कई लोगों की टक्कर मार दी, जिसमें कई लोग घायल हो गए। 4 से 5 लोगों की मौत की भी खबर है। इधर हादसे के बाद गुस्साए लोगों ने ट्रक में आग लगा दी है। हादसा इंदौर के एयरपोर्ट रोड स्थित शिक्षक नगर में हुआ है। घायलों को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया जा रहा है। घटना से इलाके में अफ्रा.तफ्री मच गई है। जानकारी मिलने पर पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची है। रेस्क्यू कार्य शुरू कर दिया गया है।

### वित्त मंत्रालय के डिप्टी सेक्रेटरी को बीएमडब्ल्यू ने मारी टक्कर, मौत

**नई दिल्ली।** दिल्ली में छावनी मेट्रो स्टेशन के पास बीएमडब्ल्यू कार की टक्कर में वित्त मंत्रालय के अधिकारी की मौत हो गई। अधिकारी की पहचान वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग में डिप्टी सेक्रेटरी नवजोत सिंह के रूप में हुई है। नवजोत सिंह अपनी पत्नी संदीप कौर के साथ बाइक से जा रहे थे। तभी कार ने पीछे से टक्कर मार दी। कार सवार महिला ने नवजोत और उनकी पत्नी को अस्पताल पहुंचाया। जहां नवजोत की मौत हो गई, पत्नी की गंभीर हालत है। सूत्रों के अनुसारए नवजोत और उनकी पत्नी को पास के किसी अस्पताल में भर्ती कराने के बजाय, हादसे वाली जगह से लगभग 17 किलोमीटर दूर जीटीबी नगर के न्यूलाइफ अस्पताल ले जाया गया।

**सुप्रीम कोर्ट ने दिया अहम फैसला**

# वक्फ : पूरे कानून पर नहीं सिर्फ तीन बदलावों पर रोक

नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार 15 सितंबर को वक्फ कानून पर रोक लगाने से इनकार कर दिया और कहा कि इसके पक्ष में संवैधानिकता की पूर्व धारणा है। हालांकि कोर्ट ने कुछ प्रावधानों पर रोक लगा दीए जिनमें वह प्रावधान भी शामिल है जिसमें कहा गया था कि सिर्फ पिछले पांच साल से इस्लाम का पालन कर रहे लोग ही वक्फ बना सकते हैं। हालांकि कोर्ट ने वक्फ बोर्ड के सीईओ के पद पर गैर-मुस्लिम को नियुक्त किए जाने के प्रावधान पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। अंतरिम आदेश सुनाते हुए मुख्य न्यायाधीश भूषण रामकृष्ण गवई और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच ने कहा हमने प्रत्येक धारा को दी गई चुनौती पर प्रथम दृष्टया विचार किया और पाया कि पूरे कानून पर रोक लगाने का कोई मामला नहीं बनता। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने उस प्रावधान पर रोक लगा दी, जिसमें कहा गया था कि पिछले पांच सालों से इस्लाम का पालन कर रहे व्यक्ति ही वक्फ बना सकते हैं।




### भूमि विवाद का निपटारा कलेक्टर नहीं कर सकते

कोर्ट ने उस प्रावधान पर भी रोक लगा दी जो सरकार की ओर से नामित किसी अधिकारी को यह तय करने का अधिकार देता है कि जो वक्फसंपत्ति है वह वास्तव में सरकारी संपत्ति पर अतिक्रमण है या नहीं। मुख्य न्यायाधीश गवई ने कहा हमने माना है कि पूर्व धारणा हमेशा कानून की संवैधानिकता पर आधारित होती है और दुर्लभतम मामलों में ही ऐसा किया जा सकता है। हमने पाया है कि पूरे अधिनियम को चुनौती दी गई है, लेकिन मूल चुनौती धारा 3(आर), 3सी, 14....को थी।

### वक्फ बोर्ड में कितने हो सकते हैं गैर-मुस्लिम सदस्य?

सीजेआई गवई ने निर्देश दिया कि जहां तक संभव होए राज्य के वक्फ बोर्ड का मुख्य कार्यकारी अधिकारी एक मुस्लिम होना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने गैर-मुस्लिम को सीईओ नियुक्त करने की अनुमति देने वाले संशोधन पर रोक नहीं लगाई है, लेकिन कहा है कि जहां तक संभव हो मुस्लिम को ही नियुक्त किया जाना चाहिए। सीजेआई ने यह भी कहा कि राज्य वक्फ बोर्डों और केंद्रीय वक्फ परिषदों में गैर-मुस्लिमों की संख्या सीमित कर दी है। केंद्रीय वक्फ परिषदों के 22 सदस्यों में से सिर्फ चार गैर.मुस्लिम हो सकते हैं, जबकि राज्य वक्फ बोर्ड्स के 11 सदस्यों में से सिर्फ गैर-मुस्लिमों को नियुक्त किए जाने की ही अनुमति है। सुप्रीम कोर्ट ने 22 मई को तीन प्रमुख मुद्दों पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था, जिनमें अदालतों की ओर से वक्फ, वक्फ बाय यूजर घोषित संपत्तियों को गैर-अधिसूचित करने का अधिकार भी शामिल है, जो वक्फ(संशोधन) अधिनियम 2025 की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं की सुनवाई के दौरान सामने आया था।

### आदेश पर कांग्रेस-भाजपा का बयान

**जयराम रमेश वरिष्ठ कांग्रेस नेता**

वक्फ़ संशोधन अधिनियम 2025 पर सुप्रीम कोर्ट का आज का आदेश केवल उन दलों की जीत नहीं है, जिन्होंने संसद में इस मनमाने कानून का विरोध किया था, बल्कि उन सभी संयुक्त संसदीय समिति के सदस्यों की भी जीत है जिन्होंने विस्तृत असहमति नोट्स प्रस्तुत किए थे।

**इमरान प्रतापगढ़ी कांग्रेस सांसद**

वक्फ (संशोधन) अधिनियम 2025 पर सुप्रीम कोर्ट का जो फैसला आया है, वह एक बड़ी जीत है। सुप्रीम कोर्ट ने आज अपने फैसले में जो अंतरिम रोक लगाई है, वह दर्शाता है कि अदालत ने कानूनों को लाने के पीछे सरकार की साजिश और मंशा को समझा है।

**पवन खेड़ा कांग्रेस नेता**

मेरे हिसाब से ऐसी नौबत आनी ही नहीं चाहिए थी। जब बिना चर्चा के कानून बनाए जाते हैं तो आखिरकार सुप्रीम कोर्ट को दखल देना पड़ता है और राहत देनी पड़ती है। यह पहली बार नहीं है, पिछले 10-11 सालों में कई बार ऐसा हुआ है।

**जगदंबिका पाल**

बीजेपी सांसद और वक्फ बिल की संयुक्त संसदीय समिति के चेयरमैन जगदंबिका पाल ने कहा सुप्रीम कोर्ट ने आज साफ कर दिया है कि संसद से पास हुआ कानून पूरी तरह वैध है। यह बिल लोकसभा-राज्यसभा में 14 घंटे की चर्चा और जेपीसी में 6 महीने की समीक्षा के बाद बना है।



# चुनावी रंग में बिहार सौगातों की बौछार

**पूर्णिया।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार 15 सितंबर को बिहार के लिए 40 हजार करोड् के प्रोजेक्ट शुरू किए। उन्होंने पूर्णिया एयरपोर्ट के नए टर्मिनल भवन का उद्घाटन किया। एयरपोर्ट के बाद पूर्णिया के एसएसबी ग्राउंड में प्रधानमंत्री ने सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कांग्रेस और राजद से बिहार के सम्मान के साथ पहचान को भी खतरा है। ये लोग बिहार की तुलना बीड़ी से करते हैं। एसआईआर का जिक्र किए बिना पीएम ने कहा श्राजद और कांग्रेस घुसपैठियों को बचाने के लिए यात्राएं निकाल रही हैं। प्रदर्शन कर रही हैं लेकिन घुसपैठियों पर ताला लगाना एनडीए की पक्की जिम्मेदारी है। बिना नाम लिए राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहाए श्जो मेरे पहले यहां के चक्कर काटकर गए, उन्हें मखाना का नाम भी नहीं पता होगा। वे मंच तक खुली गाड़ी से लोगों का अभिवादन करते हुए पहुंचे। इस दौरान उनके साथ सीएम नीतीश कुमार और डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी भी थे। इससे पहले नीतीश कुमार का संबोधन हुआ। उन्होंने सभा में मौजूद लोगों से पीएम को खड़े होकर प्रणाम करने को कहा। मुख्यमंत्री के कहने पर लोग खड़े हुए और उन्हें प्रणाम किया।

**पीएम ने बिहार के लिए शुरु किए 40 हजार करोड़ के प्रोजेक्ट**

### खाद के लिए किसानों में चलीं लाठियां



**मुरैना/श्योपुर।** मुरैना में खाद वितरण केंद्र पर भगदड़ मच गई। इसके बाद किसानों के दो पक्ष आपस में भिड़ गए। एक-दूसरे पर जमकर लाठियां भांजी। तीन किसान घायल हो गए। एक जिला अस्पताल में भर्ती है। झड़प का वीडियो भी सामने आया है। मामला सोमवार को गल्ला मंडी परिसर का है। यहां खाद वितरण काउंटर पर सुबह 5 बजे से ही किसान जुटने लगे थे। गल्ला मंडी परिसर में सुबह साढ़े 9 बजे जैसे ही खाद वितरण केंद्र खुलाए किसानों में धक्कामुक्की होने लगी। कुछ किसान लाइन से बाहर हो गए। वे वापस लाइन में घुसे तो दूसरे किसानों ने उन्हें धक्का दे दिया। उनके बीच बहस होने लगी। बहस के बीच किसान दो गुट में बंट गए।

## एक लाख की रिश्वत लेते एसआई गिरफ्तार

**मर्डर केस में क्लीनचिट देने की थी डिमांड**

इंदौर।

इंदौर में लोकायुक्त पुलिस ने आजाद नगर में पदस्थ एसआई धर्मेंद्र राजपूत को एक लाख रुपए की रिश्वत लेते रंगेहाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी एसआई ने हत्या के केस में एक युवक के पिता को क्लीनचिट देने की लिए रिश्वत मांगी थी। युवक ने इसकी शिकायत लोकायुक्त पुलिस से कर दी। सोमवार को एसआई ने युवक को थाने के बाहर एक दुकान पर बुलाया था। यहां



जैसे ही एसआई ने रुपए लिए लोकायुक्त पुलिस ने उसे पक? लिया। लोकायुक्त डीएसपी सुनील कुमार तालान ने बताया कि मूसाखेड़ी में कुछ दिन पहले एक युवक के साथ चोरी की शंका में मारपीट की गई थी। उसकी मौत हो गई थी। पुलिस ने रामचंद्र सिंह तोमर को भी इस मामले में आरोपी बनाया था। तब से ही एसआई द्वारा उससे क्लीन चिट देने के नाम रिश्वत मांगी जा रही थी। हाईकोर्ट से जमानत होने के बाद भी आगे कोई कार्रवाई नहीं करने के नाम 2 लाख रुपए मांगे गए। फिर 1.50 लाख रुपए मांगे गए। इसके बाद सौदा 1 लाख रुपए में तय हुआ।

## मध्यप्रदेश में बनेगा इंजीनियर ट्रेनिंग एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट

### सीएम ने कहा ऐसा इंस्टीट्यूट बनेगा जिसमें दूसरे प्रदेशों से भी ट्रेनिंग लेने आएंगे इंजीनियर

भोपाल।

मध्य प्रदेश में इंजीनियरिंग ट्रेनिंग एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट बनेगा। जिसमें ट्रेनिंग देकर इंजीनियरों को दक्ष बनाया जाएगा। यह बात मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कही। वे इंजीनियर-डे पर सोमवार को कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि अभियंता का मतलब आरंभ और शुभारंभ कर्ता है। सीएम ने कहा कि वैज्ञानिक शोध करते हैं, लेकिन जनता की सुगमता के लिए बीच की कड़ी अभियंता होते हैं। कोरोना के दौर में हमने नमस्कार को चमत्कार देखा। अच्छे-अच्छे राष्ट्राध्यक्ष हाथ जोड़े खड़े थे। पार्लियामेंट की दोनों डिजाइन देखो तो पुरानी वाली मितावली पढ़ावली की है। नए भवन की डिजाइन हमारे बीजा मंडल की है। सृजन वालों से आज के समय में अभियंता ही जुड़ता है। अभी मप्र के इंजीनियर ट्रेनिंग एंड रिसर्च के लिए प्रदेश से बाहर जाते हैं। ऐसा इंस्टीट्यूट बनेगा कि दूसरे प्रदेशों से भी यहां ट्रेनिंग लेने इंजीनियर आ सकेंगे।



### कई सरकार हमारे कामों को अपना रहीं

सीएम ने कहा कि देश में कई सरकारें हमारे कामों को अपना रही हैं। समय पर निर्माण करने वालों को सम्मानित करना चाहिए। वो जमाना गया जब ताजमहल बनने के बाद हाथ काट दिए जाते थे। अब तो ताजमहल जैसे कामों का ठेका लेने दस लोग खड़े रहते हैं। पुष्पक विमान की विशेषता थी कि कम लोग हों तो वह सिकुड़ जाता था और ज्यादा लोग हों तो साइज बढ़ जाता थे, लेकिन एक सीट खाली रह जाती थी। आज वैसा विमान बना नहीं। आप लोग बजरंगबली से कम थोड़े हो बुद्धि से रास्ते बनाने का काम इंजीनियर करते हैं चिनाव जैसे ब्रिज आप लोगों ने बनाए।

## पाती पिरी जंगल में एक करोड़ का इनामी सहदेव सोरेन ढ़ेर

हजारीबाग

हजारीबाग जिले में पुलिस और नक्सलियों के बीच सोमवार को बड़ी मुठभेड़ हुई। गोरहर थाना क्षेत्र के पाती पिरी जंगल में हुई इस मुठभेड़ में तीन कुख्यात नक्सली मारे गए। इनमें नक्सली संगठन की केंद्रीय समिति का सदस्य सहदेव सोरेन उर्फ परवेश भी शामिल है, जिस पर एक करोड़ रुपए का इनाम घोषित था। लंबे समय से सुरक्षा एजेंसियां इसकी तलाश में थीं। मुठभेड़ में कोबरा 209 और हजारीबाग पुलिस की संयुक्त टीम ने भाग लिया। मुठभेड़ के बाद



**हजारीबाग में मुठभेड़ 3 इनामी नक्सली मारे गए**

पुलिस ने मौके से एके 47 सहित कई घातक हथियार बरामद किए हैं। हजारीबाग के एसपी अंजनी अंजन ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि यह सुरक्षा बलों के लिए बड़ी उपलब्धि है। पुलिस और नक्सलियों के बीच चली इस मुठभेड़ में दो जवान भी घायल हुए हैं। ये अजय भौमिक 209 कोबरा बटालियन के सिपाही और सुब्रतो विश्वास कोबरा के जवान हैं। बरही अनुमंडलीय अस्पताल में किया गया। दोनों को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर किया गया। सुब्रतो विश्वास पश्चिम बंगाल तो अजय भौमिक असम का रहने वाला है। मुठभेड़ में मारा गया दूसरा नक्सली रघुनाथ हेंब्रम था, जो बिहार-झारखंड विशेष क्षेत्र समिति का सदस्य था। उस पर 25 लाख रुपए का इनाम घोषित था। वहीं तीसरा नक्सली बीरसेन गंझू उर्फ रामखेलावन था, जो क्षेत्रीय समिति का सदस्य था। उस पर 10 लाख रुपए का इनाम था।

# पंडित शम्भूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय में हिंदी पखवाड़ा संगोष्ठी व्याख्यान और विविध प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन




शहडोल (स्वतंत्रमत)।

पंडित शम्भूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ एवं हिंदी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में हिंदी पखवाड़ा उत्साहपूर्वक मनाया जा रहा है। इस अवसर पर दो चरणों में विविध शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलगुरू प्रो. रामशंकर ने की। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि च्हिंदी केवल भाषा नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और एकता की आत्मा है। यह विश्व में भारत की पहचान को स्थापित करती है। आज आवश्यकता है कि हम हिंदी को तकनीक और शोध के क्षेत्र में भी अग्रणी बनाएं।ज्ज विशिष्ट अतिथि प्रो. आशीष तिवारी ने कहा कि च्हिंदी का अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य लगातार सशक्त हो रहा है। प्रवासी भारतीय समुदाय और डिजिटल माध्यमों ने हिंदी को विश्व पटल पर नई पहचान दी है।ज्ज प्रो. महेंद्र किशोर भटनागर ने अपने विचार रखते हुए कहा कि च्हिंदी साहित्य भारतीय ज्ञान परंपरा का संवाहक है। इसके बिना हमारी सांस्कृतिक विरासत अधूरी है।ज्ज प्रो. विनोद शर्मा ने कहा कि च्हिंदी की दशा और दिशा तभी सशक्त होगी जब हम इसे अपने दैनिक जीवन और प्रशासनिक कार्यों में सहज रूप से अपनाएँ।ज्ज विश्वविद्यालय परिसर प्राभारी प्रो. गीता सराफ ने कहा कि च्हिंदी हमारी मातृभाषा होने के साथ-साथ सामाजिक सरोकार और संवेदनशीलता की भाषा है। विद्यार्थियों को इसमें लेखन और अभिव्यक्ति की क्षमता बढ़ानी चाहिए।ज्ज हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. गंगाधर ढोके ने बताया कि च्हिंदी पखवाड़ा विद्यार्थियों में भाषा के प्रति आत्मीयता जगाने और उन्हें साहित्यिक व सांस्कृतिक गतिविधियों से जोड़ने का अवसर प्रदान करता है।ज्ज आपने अपने वक्तव्य में कहा भारतीय दर्शन में समन्वय की परम्परा को भक्तिकालीन साहित्यिक धाराओं में देखा जा सकता है। विभागाध्यक्ष हिन्दी ने कहा वस्तुतरू भक्ति कालीन साहित्य उपनिषदकाल में महान ऋषियों, मुनियों और नाथ सम्प्रदाय एवं सिद्धों की ध्यान और योग की पद्धतियां ही है जो सरलीकृत रूप में साधारण भारतीय जनमानस की चेतना के अनुरूप व्यक्त हुई है। जिसका असर सूफी साहित्य में गालिब की रचनाओं में भी दृष्टिगत होता है। कार्यक्रम के प्रथम चरण में च्हिन्दी का अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्यज्ज विषय पर संगोष्ठी तथा च्राजभाषा हिन्दी की दशा एवं दिशाज्ज विषय पर व्याख्यान आयोजित किए गए। साथ ही च्भारतीय ज्ञान परंपरा में हिन्दी साहित्य की भूमिकाज्ज विषय पर निबंध प्रतियोगिता, हिंदी के महत्व पर आधारित स्लोगन प्रतियोगिता, प्रश्नमंच प्रतियोगिता तथा प्रतिष्ठित कवियों की रचनाओं एवं स्वरचित रचनाओं पर आधारित काव्य-पाठ का कमश: आयोजन किया जाएगा। पखवाड़े के दूसरे कार्यक्रम में हिंदी वर्तनी प्रतियोगिता, वाद-विवाद प्रतियोगिता तथा काव्य-लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर हिंदी की समृद्ध परंपरा और सृजनात्मक शक्ति को उजागर करेंगे। इस अवसर पर विभाग से आयुष, डॉ. लोकेश, मंजुला और वीरेंद्र ने भी अपने विचार रखे और हिंदी के विकास में युवाओं की भूमिका पर जोर दिया। कार्यक्रम के अंत मे डॉ संगीता धुर्वे ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। पूरे कार्यक्रम का संचालन डॉ. दिलीप तिवारी ने किया। अंत में सभी प्रतिभागियों एवं विद्वानों के प्रेरणादायी उद्बोधनों के साथ हिंदी पखवाड़े के कार्यक्रमों का शुभारंभ हुआ।



# सहकारी समिति कर्मचारी संघ ने समस्याओं को लेकर संभागायुक्त को सौंपा ज्ञापन

शहडोल (स्वतंत्रमत)।

प्राथमिक सहकारी समिति कर्मचारी संघ, भोपाल संभाग इकाई शहडोल द्वारा उपरोक्त संदर्भित ज्ञापनों के माध्यम से कई बार निवेदन किया गया कि संभाग स्तर पर कार्यरत पैक्स सहकारी समिति कर्मचारियों को शासन के आदेशों के अनुसार वेतनवृद्धि कमीशन राशि तथा अन्य देय लाभों का समय पर भुगतान सुनिश्चित कराया जाए। किंतु खेद है कि बार-बार निवेदन करने के उपरांत भी आज दिनांक तक इस संबंध में कोई ठोस कार्यवाही अथवा दिशा निर्देश प्राप्त नहीं हुए। इसके परिणामस्वरूप समिति कर्मचारियों में निराशा असंतोष एवं असुरक्षा की भावना व्याप्त हो रही है, जो संगठन के लिए भी अत्यंत चिंतन का विषय है।

चूँकि आपका कार्यालय संभाग स्तर पर सर्वोच्च प्रशासनिक इकाई है, अत: यहां से यदि समय रहते कोई निर्णय या ठोस कार्यवाही नहीं होती तो कर्मचारियों के पास धरना प्रदर्शन एवं आंदोलन का मार्ग अपनाने के अतिरिक्त कोई विकल्प शेष नहीं रहेगा। उपरोक्त संदर्भित ज्ञापनों पर दो दिवस के भीतर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।, संबंधित विभाग को आदेशित कर समिति कर्मचारियों को शासन आदेशानुसार देय लाभ तत्काल प्रदान कराए जाएँ।, समिति कर्मचारियों के वैधानिक अधिकारों का शीघ्र क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए।,

अन्यथा, यदि निर्धारित अवधि में कार्यवाही नहीं की जाती है तो संगठन द्वारा 18 सितम्बर को संभाग के समस्त सात सौ कर्मचारियों के साथ आपके कार्यालय के समक्ष एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करने को विवश होगें, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

# दिव्यांगता प्रमाण-पत्र जारी करने के लिए स्क्रीनिंग शिविर का आयोजन



शहडोल (स्वतंत्रमत)।

प्रदेश में दिव्यांग बच्चों के शीघ्र पहचान एवं त्वरित दिव्यांगता प्रमाण-पत्र जारी करने हेतु स्क्रीनिंग शिविर का आयोजन शासन के निर्देशानुसार 15 सितम्बर से 14 नवम्बर 2025 तक आयोजित किया जा रहा है। शिविर में ऐसे दिव्यांग बच्चे जिनकी आयु 0 से 18 वर्ष है उनके आकलन पश्चात जिले के विभिन्न विशेषज्ञों अस्थि रोग, नेत्र रोग, ई एन टी रोग, मनोचिकित्सक, मेडिसिन विशेषज्ञ की उपस्थिति में दिव्यंता प्रमाण-पत्र बनाया जा रहा है। इसी कड़ी में संभागीय मुख्यालय के महात्मा गांधी स्टेडियम में दिव्यांग स्क्रीनिंग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 50 लोगो का पंजीयन किया गया जिसमें पात्र 20 लोगो का दिव्यांगता प्रमाण-पत्र बनाया गया।

## नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार का शहडोल आगमन



शहडोल (स्वतंत्रमत)। जिला काँग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष अजय अवस्थी ने जानकारी देते हुए बताया है कि मध्यप्रदेश विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार का किसान न्याय यात्रा एवं वोट चोर गद्दी छोड़ कार्यक्रम के तहत शहडोल आगमन हो रहा है। जिलाध्यक्ष ने बताया कि नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार 16 सितम्बर को दोपहर 12.00 बजे संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की मूर्ति मे माल्यार्पण कर, अंबेडकर चौक से पद यात्रा करते हुए, जिला कलेक्ट्रेट के सामने धरना स्थल पर जनसभा को संबोधित करने के उपरांत कलेक्टर को ज्ञापन सौंपेगे। तदुपरांत दोपहर 02 बजे जयसिंहनगर मे आदिवासी कांग्रेस द्वारा स्वागत समारोह एवं जनसामान्य से चर्चा करेंगे, इसके पश्चात शाम 04 बजे ब्यौहारी मे जनसामान्य से भेंट व चर्चा करेंगे।

# महिला अपराध और महिला सुरक्षा पर एक दिवसीय अभियोजन कार्यशाला

शहडोल (स्वतंत्रमत)।

संचालक बी.एल. प्रजापति लोक अभियोजन संचालनालय भोपाल के आदेशानुसार जिलां अभियोजन संचालनालय के द्वारा होटल और रिसार्ट जय विलास पैलेस में एक दिवसीय सम्भगीय अभियोजन दक्षता संवर्धन कार्यशाला महिला अपराध और महिला सुरक्षा विषय पर सम्पन कराया गया। इस कार्यशाला में सम्भाग के तीनों जिलों के अभियोजन अधिकारी गण, और कर्मचारी गण जिला शहडोल के पुलिस अधिकारी गण, जिला न्यालालय में कार्यरत सभी लोक ओर अपर लोक अभियोजक गण, चीफ डिफेन्स कोंसिल, ओर सहायक डिफेन्स कौंसिल, कोर्ट मोहर्रिर गण, प्रशिक्षण प्रतिभागियों के रूप में भाग लिया, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संचालक, बी.एल. प्रजापति थे, ओर कार्यक्रम की अध्यक्षता अभियोजन उप निदेशक लोक अभियोजन शहडोल एस.एल. कोस्टा साहब द्वारा किया गया, कार्यक्रम में विशिस्ट अतिथि के रूप में प्रधान जिलां एवम सत्र न्यायाधीश काशीनाथ सिंह, अपर सत्र न्यायाधीश महोदय, कमलेश कुमार कोल, कृष्णपाल सिंह मुख्य, न्यायिक मजिस्ट्रेट, राजेंद्र सिंह सिंगार न्यायिक मजिस्ट्रेट सीता सरन यादव, दीप्ती चौहान, स्वेता यादव, प्रीती सिंह बघेल शामिल हुए, कार्यक्रम में विशिष्ट प्रशिक्षण कर्ता अधिकारी गणो में, अनुज अग्रवाल, साइबर एक्सपर्ट नई दिल्ली: ने साइबर अपराधों के बारे में बताया, रविंद्र सिंह, सूर्य प्रसाद पाण्डेय सहायक जिलां अभियोजन अधिकारी उमरिया और रीवा ने पास्को एक्ट ओर किशोर न्याय अधिनियम के प्रावधनों के बारे में व्याख्यान दिए, एफ एस एल अधिकारी डॉ. प्रदीप पोर्ते ने घटना स्थल से साक्ष्य संकलन के विषय में व्याख्यान दिए, कार्यक्रम के अंत मे डॉ. हर्षिता सिंह, मेडिकल कालेज शहडोल ने मानशिक तनाव प्रबंधन विषय पर व्याख्यान दिए, कार्यक्रम की शुरुआत, माता सरस्वती के पूजन और अर्चना से हुई, प्रधान जिला और सत्र न्यायधीश द्वारा माता सरस्वती की विधिवत आरती के बाद कार्यक्रम प्रारम्भ हुआ, इस अवसर पर, सहायक निदेशक उमरिया, आर.के. चतुर्वेदी, सहायक निदेशक अनूपपुर हेमंत अग्रवाल, सहायक निदेशक हरिओम कुसमाकर बैस उपस्थित रहे, कार्यक्रम में मुख्य अथिति के रूप में संचालक लोक अभियोजन संचालनालय भोपाल ऑनलाइन मोड में उपस्थित होकर कार्यशाला के आयोजन का उद्देश्य बताया, ओर प्रधान जिलां ओर सत्र न्याधीश द्वारा महिला कानून के विकास और महिला अधिकारों के बारे में व्याख्यान दिये।

कार्यक्रम में विशिष्ट अथिति अपर कलेक्टर सरोधन सिंह द्वरा, बताया गया कि जब तक समाज मे नैतिक मूल्यो का विकास नही होगा, तब तक महिला सम्बन्धी अपराधों में कमी नही आ पाएगी, कार्यक्रम में मंच का संचालन सहायक जिलां अभियोजन अधिकारी मऊगंज अंजू सिंह चौहान द्वारा किया गया। कार्य के अंत में सहायक निदेशक हरिओम कुसमाकर बैस ने सभी अतिथियों को धन्यवाद देकर ओर अथितियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर कार्यक्रम का समापन किया।



## अंतिम छोर के किसानों को लाभान्वित करने कृषक भाईचारा अभियान हुआ शुरू

### एसडीएम रामबाबू देवांगन की अनूठी पहल

**डिंडौरी (स्वतंत्र मत)** बजाग क्षेत्र के छोटे तबके के किसानों को शासन की विभिन्न योजनाओं से जोड़ने के उद्देश्य से एसडीएम श्री रामबाबू देवांगन के नेतृत्व में कृषक भाईचारा अभियान की शुरुआत की गई है। यह अनूठी पहल कलेक्टर के मार्गदर्शन में चलाई जा रही है, जिसका मकसद किसानों को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना है।अभियान अंतर्गत राजस्व, कृषि, पंचायत, पशुपालन, महिला एवं बाल विकास सहित विभिन्न विभागों की टीमें गांव-गांव पहुंचकर संयुक्त कृषक एवं आमजन संवाद शिविर आयोजित कर रही हैं।

# अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल का संगठन विस्तार अभियान

**डिंडौरी (स्वतंत्र मत)** अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल के जिलापदाधिकारियों द्वारा रविवार को ब्लॉक बजाग एवं आसपास के ग्रामों में संगठन विस्तार एवं संपर्क अभियान चलाया गया। इस अवसर पर नवीन हनुमान चालीसा केंद्रों का शुभारंभ किया गया एवं ग्राम समितियों का गठन किया गया।

कार्यक्रम में संगठन मंत्री अरविंद बघेल, जिला अध्यक्ष जितेंद्र विश्वकर्मा, महामंत्री पुरुषोत्तम प्रजापति, जिनेंद्र सिंह ठाकुर एवं मुकेश विश्वकर्मा की



उपस्थिति रही। संगठन ने ग्राम हर्रा, बोन्दर, पिंडरूखी में ग्राम समितियों का गठन किया, वहीं ब्लॉक बजाग में भी समिति का गठन कर कार्यकर्ताओं को आत्मरक्षा के लिए त्रिशूल भेंट किए गए।

संपर्क अभियान के दौरान डिंडौरी जिले में बढ़ रही गौवंश तस्करी पर चिंता जताई गई। संगठन के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने बजाग थाने पहुंचकर पुलिस अधिकारियों से मुलाकात की और गौवंश तस्करी की रोकथाम हेतु ठोस कदम उठाने का निवेदन किया। संगठन ने आश्वासन दिया कि इस अवैध व्यापार की रोकथाम में वे पुलिस प्रशासन का हर संभव सहयोग करेंगे।

## 193 नवीन तालाबों के निरीक्षण हेतु 74 अधिकारियों को सौंपी गई जिम्मेदारी

**डिंडौरी (स्वतंत्र मत)** जिले में मनरेगा योजना अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत 193 नव निर्मित तालाबों की गुणवत्ता और प्रगति का निरीक्षण करने हेतु 74 अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। अभियान के तहत कराए गए नवीन तालाबों के निर्माण का निरीक्षण 15 सितम्बर से 25 सितम्बर 2025 तक किया जाएगा। निरीक्षण हेतु जल संसाधन, पीआईयू, शिक्षा, खाद्य , पशु चिकित्सा, कृषि सहित अन्य विभागों के अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस संबंध में कलेक्टर कार्यालय डिंडौरी द्वारा आदेश जारी कर अधिकारियों की जिम्मेदारियां तय की गई हैं। आदेश के अनुसार, सभी जनपदों में तालाब निर्माण स्थलों का स्थल निरीक्षण कर रिपोर्ट 26 सितम्बर तक प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। निरीक्षण के दौरान तालाबों की स्थिति, फोटो प्रमाण और निर्माण गुणवत्ता का परीक्षण किया जाएगा।

यह कदम मनरेगा योजना के तहत जल संरक्षण और ग्रामीण विकास को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# देर रात भरभराकर गिरा जर्जर भवन, बड़ा हादसा टला

## किराए के कच्चे मकान में हो रहा आंगनवाड़ी का संचालन

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

करंजिया विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत मुसामुंडी में प्रायमरी स्कूल के पास का वर्षों पुराना आंगनवाड़ी जर्जर भवन के सामने का हिस्सा रात्रि में भरभराकर गिर गया जिससे कोई जनहानि नहीं हुई। हालांकि इस भवन में विगत वर्षों से केंद्र का संचालन बंद था जबकि इसके अधिक क्षतिग्रस्त होने से लोग इसके आसपास पास जाने से कतराते थे वहीं इस भवन के निर्माण के बाद ग्राम में आज तक विभाग द्वारा अन्य नये भवन का निर्माण नहीं कराया गया ऐसे हालात में आंगनवाड़ी के संचालन के लिए किराए के खपरैल कच्चे मकान में निर्भरता हैं,इस पूरे मामले में अभिभावकों का एकमत हैं वें कहते हैं कि बरटोला में गणेश सिंह





के कच्चे मकान में अव्यवस्थाओं के बीच नौनिहालों को बैठाकर शिक्षाध्ययन कराया जा रहा हैं।जो बच्चों के सेहत के लिए ठीक नहीं है बावजूद जिम्मेदार इन्हें कागजों में बढ़िया बता सच्चाई छुपाएं हैं गौरतलब हैं कि आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों को आकर्षित करने के लिए खेल खिलौने के माध्यम से अनेको गतिविधियां की जाती हैं लेकिन ऐसे गंदगी वाले माहौल में क्या सकारात्मक गतिविधि की जाती होगी प्रश्ननीय हैं।

निश्चित जगह का होना अनिवार्य- विभागीय नियमानुसार किराए के भवन मे संचालित आंगनबाड़ी केन्द्र के लिए एक निश्चित माप वर्ग फीट की जगह का होना अनिवार्य हैं। इसके साथ ही वह जगह पूरी तरह पक्की होनी चाहिए और शौचालय की सुविधा के साथ बिजली की व्यवस्था भी होना अनिवार्य हैं। किंतु यहां के किराए के कक्ष में संचालित आंगनवाड़ी केन्द्र में उपरोक्त नियमों परिपालन दूर दूर तक नहीं हैं। बावजूद इसके वर्षों से इन्हीं हालातों में केंद्र लगाया जा रहा हैं।

नौनिहालों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए ग्राम के जागरूक लोग पूर्व से शिकवे शिकायत दर्ज करा रहें हैं लेकिन उनके तमाम अनुनय विनय को अब तक अस्वीकार किया जाता रहा जिसके परिणाम में ग्रामीण अब बड़ा विरोध खड़ा करने की तैयारी की बात कर रहें वे कहते हैं कि वर्तमान में गंदगी,और प्रदूषित जल से क्षेत्र बीमारियां फैल रही हैं ऐसे में कीचड़,गोबर ,और गौशाला के नजदीक बैठाकर बच्चों को शिक्षा देना यानि नन्हें मुन्नों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करना हैं लिहाजा शासन स्तर से बेहतरीन व्यवस्था बनाकर आंगनवाड़ी का संचालन सुनिश्चित किया जाए। वैसे भी यहां विभाग द्वारा निर्धारित मापदंडों का पालन नहीं हो रहा हैं और अव्यवस्थाओं के बीच इन आंगनबाड़ी केन्द्रों का संचालन जमीनी स्तर पर कम कागजों मे ज्यादा किया जा रहा हैं।

**हादसा टला** -पड़ोस में रहने वाले संतोष धुर्वे ने बताया कि वो तो गनीमत रही कि रात में भवन के सामने का हिस्सा गिरा इसलिए कोई जनहानि नहीं हुई और बड़ा हादसा टल गया ईश्वर की कृपा से सब सुरक्षित हैं,किंतु यही घटना स्कूल के समय या दिन में घटता तो पता नहीं क्या हालात बनते क्योंकि जर्जर भवन से सटकर प्रायमरी स्कूल और दूसरे तरफ खाद्यान्न वितरण करने का कार्यालय हैं जबकि इसी परिसर में कुछ दूरी पर पंचायत भवन और मिडिल स्कूल तथा तेजस्विनी समूह वालों के कामकाज चलते हैं जहां बड़ी संख्या में विघार्थियों तथा आमजन आते जाते रहते हैं।

### राजस्व क्षेत्र में विभाग का नहीं हैं भवन

प्राप्त जानकारी के अनुसार हम जिस क्षेत्र की बात कर रहें हैं वह सरकारी रिकॉर्ड में राजस्व की भूमि हैं और उस जर्जर भवन के बाद से अब तक यहां लंबे समय से महिला बाल विकास विभाग ने अपना खुद का सरकारी भवन नहीं बनाया जबकि यहां दो आंगनवाड़ी केन्द्र संचालित हैं स्थानीय लोगों में इस अनदेखा पक्ष से बेहद नाराजगी हैं इन्होंने गुस्से का इजहार करते हुए कहा कि सरकार ने आंगनवाड़ियों के लिए पर्याप्त बजट दिया ताकि सारे संसाधन की उपलब्धि के साथ इनका संचालन हो वहीं वर्तमान में डिंडौरी कलेक्टर भी आंगनवाड़ी केन्द्रों की दशा दिशा सुधारने लगातार प्रयास कर रही हैं तो हमारे गांव के लिए भी सर्व सुविधायुक्त भवन का निर्माण कराया जाने हेतु पहल की दरकार हैं।हम सभी ग्रामवासी शासन प्रशासन से मांग करते हैं कि निर्माण के रास्ते के जितने रोड़ा बाधा हैं उन्हें तत्काल दूर करते हुए नये भवन के निर्माण की स्वीकृति प्रदान करें।

#### इनका कहना हैं,,,

हमारे पंचायत द्वारा नये भवन के लिए मांगपत्र दिया गया हैं लेकिन अभी तक कुछ नहीं हुआ ऐसे परिस्थितियों में दोनों केंद्र का संचालन खपरैल कच्चे मकान से किया जा रहा हैं। जहां समस्याएं व्याप्त हैं।

**कपिल आर्मो सरपंच ग्राम पंचायत मुसामुंडी**

नये भवन के लिए फाइल भेजा गया हैं स्वीकृति पश्चात ही निर्माण कार्य प्रारंभ किया जा सकता हैं कच्चों मकानों की बजाएं पक्के भवन में आंगनवाड़ी लगाने हेतु कहा गया हैं।

**मीरा उइके प्रभारी परियोजना,अधिकारी करंजिया**

# मांगें नहीं मानीं तो हजारों गायों को भोपाल छोड़कर लौट आएंगे : कम्प्यूटर बाबा

## गौरक्षा यात्रा के लिए कम्प्यूटर बाबा ने मांगी भिक्षा, सरकार पर लगाए आरोप

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



कम्प्यूटर बाबा ने अपने समर्थकों के साथ भिक्षा मांगी। वे सोमवार दोपहर ढोल-ढमाकों के साथ साधु-संतों को साथ लेकर सड़क पर उतरे और जनता से गौरक्षा यात्रा के लिए भीख देने की अपील करने लगे। उन्होंने दुकानों और चौराहों पर जा-जाकर प्रदेश में गौवंश की बदहाली का आरोप लगाया। कम्प्यूटर बाबा ने गौ संवर्धन के लिए अपनी यात्रा का ऐलान भी किया है। उन्होंने कहा कि 7 अक्टूबर से हजारों गायों को साथ लेकर गौरक्षा यात्रा निकालेंगे। यह पैदल यात्रा 14 अक्टूबर को राजधानी भोपाल पहुंचेगी। जहां राज्य सरकार से गौरक्षा के लिए प्रभावी योजनाएं शुरू करने की मांग करेंगे। अगर हमारी मांगें नहीं मानीं तो हजारों गायों को छोड़कर लौट आएंगे। कम्प्यूटर बाबा ने कहा कि मैं सिर्फ भाजपा से नहीं बल्कि कांग्रेस सहित तमाम विपक्षी दलों से गौरक्षा की मांग कर रहा हूं। प्रदेश की सड़कों पर गौ-माता तड़प-तड़पकर मरने को मजबूर हैं। जबकि मोहन यादव इस पर जरा भी ध्यान नहीं है। उन्होंने बताया कि गौ-रक्षा के विषय में सीएम से कई बार मिलने की कोशिश की गई। उन्हें पत्राचार भी किया गया। लेकिन, एक बार भी उन्होंने हमारी मांग को नहीं सुना। ऐसी स्थिति में यह निर्णय लिया कि अब हम ही सड़क पर उतरे।

### नर्मदापुरम से शुरू होगी यात्रा

कम्प्यूटर बाबा ने कहा कि रोजाना सड़क हादसे हो रहे हैं। जिसमें की गौमाता मर रही हैं और आम जनता भी। इसलिए अब यह विचार किया है कि जल्द ही प्रदेश में गौमाता न्याय यात्रा निकाली जाएगी। जिसमें सैकड़ों साधु-संतों के साथ आम जनता भी शामिल होगी। 7 अक्टूबर को नर्मदापुरम से शुरू होकर 14 अक्टूबर को भोपाल में समाप्त होने वाली यह यात्रा 8 दिनों तक चलेगी। इस यात्रा में हजारों गौमाता गले और सींग में ज्ञापन लेकर चलेगी। कोशिश होगी कि मुख्यमंत्री से मुलाकात हो, और अगर ऐसा नहीं होता है। या मुख्यमंत्री मोहन यादव हमसे मिलने को तैयार नहीं होते तो हैं हजारों गायों को राजधानी में ही छोड़ देंगे। कम्प्यूटर बाबा ने कि इस यात्रा को सफल बनने और अधिक से अधिक लोगों को शामिल करने के लिए महाकौशल की यात्रा में निकले हैं। सोमवार को हिंदू संत शहर के मालवीय चौक, बड़ा फुहारा, कोतवाली में भिक्षा पात्र के साथ नजर आए, इस दौरान उनके साथ साधु-संत भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि मोहन सरकार को सनातन-सनातन करते-करते दो साल बीत गए हैं। अभी तक कुछ नहीं हुआ है। सनातन की जननी गौमाता है, इसलिए इनकी रक्षा की लिए गौरक्षा यात्रा निकाली जा रही है।

# प्रकरणों के निराकरण में उदासीनता बरतने पर होगी कार्यवाही

## लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश



जबलपुर (स्वतंत्र मत)

कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्टर सभागार में लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस दौरान नगर निगम कमिश्नर रामप्रकाश अहिरवार, सीईओ जिला पंचायत अभिषेक गहलोत और अपर कलेक्टर नाथूराम गोंड सहित सभी अधिकारी मौजूद रहे । बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने विभागवार सीएम हेल्प लाईन के प्रकरणों की समीक्षा की और कहा कि प्रकरणों का निराकरण समय सीमा में करना सुनिश्चित करें। पचास दिन से अधिक के लंबित प्रकरणों का निराकरण तत्परता से करें। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि यदि प्रकरणों के निराकरण में उदासीनता बरती जाती है तो नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जायेगी। इसके साथ ही उन्होंने अनुभागवार फार्मर रजिस्ट्री में प्रगति की समीक्षा कर कहा कि इसमें प्रगति लायें। कलेक्टर श्री सिंह ने भूमि आवंटन के प्रकरण, एक बगिया मां के नाम, एक पेड़ मां के नाम, एनएसी रजिस्ट्रेशन, ऋण वसूली, चलित पशु चिकित्सा इकाई, फसल कटाई, नरवाई प्रबंधन, बैंक से जुड़ी स्कीमों के क्रियान्वयन, ई-केवायसी, दिव्यांगजनों के सहायक उपकरण, राष्ट्रीय पोषण सप्ताह पर विस्तार से चर्चा कर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि इस दिशा में प्रगति लाये।

### इन मुद्दों पर भी हुई चर्चा

इसके अलावा उन्होंने कहा कि सेवा पखवाड़ा के दौरान किये जाने वाले कार्य, सुराज योजना, राशन वितरण, 21 सितंबर को आयोजित होने वाली मैराथन स्कूल वाहन व चालकों के सत्यापन, छात्रावासों के निरीक्षण पर भी विस्तार से चर्चा कर आवश्यक निर्देश भी दिये। बैठक के दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने समाचार पत्रों में प्रकाशित विभिन्न समस्याओं व जनहित के मुद्दों से जुड़े समाचारों पर संबंधित अधिकारियों से जानकारी लेकर समस्याओं का समाधान करने के लिए कहा।

# थल सैनिक कैंप पूर्ण करने पर हुआ भव्य स्वागत



सिहोरा (स्वतंत्र मत)। शास. श्यामसुन्दर अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिहोरा में अंडर ऑफिसर रजनी कोरी के सफलतापूर्वक थल सैनिक कैंप, दिल्ली में पूर्ण कर वापस आने पर स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्राचार्य प्रो एम के श्रीवास्तव, एनसीसी ऑफिसर डॉ.अर्चना नामदेव, के मार्गदर्शन में कार्यक्रम किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि सूबेदार मुकेश कुमार यादव, 5 हरियाणा बटालियन एवं एआईसीटीएसए इंचार्ज दिल्ली, पी आई स्टाफ हवलदार पप्पू कुमार वन एमपी. सिग्नल कम्पनी जबलपुर, रजनी कोरी के पिता संत लाल कोरी एवं माता सुनीता कोरी उपस्थित रहे। रजनी कोरी द्वारा थल सैनिक कैंप प्रक्रिया से संबंधित अनुभवों को सभी के साथ साझा किया गया कि किस प्रकार कड़ी मेहनत लग्न व परिश्रम के साथ निरंतर 6 कैंप में 1.2 सेटी मीटर पुर्पिंग के साथ फायरिंग में महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व कर फायरिंग में गोल्ड मेडल प्राप्त कर, राष्ट्रीय स्तर पर दिल्ली में आयोजित थल सैनिक कैंप 2025 में सहभागिता का अवसर प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में सीनियर अंडर ऑफिसर संतोष कुमार बढ़ई, अंडर ऑफिसर मीनू दुबे, अंडर ऑफिसर रंजीत गड़ारी आदि उपस्थित रहे।

# एनएसओ छात्र संगठन ने सौंपा ज्ञापन

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



एनएसओ छात्र संगठन के प्रतिनिधिमण्डल द्वारा सोमवार को कुलगुरु के नाम ज्ञापन सौंपा गया। संगठन के अध्यक्ष गोपाल पाराशर ने बताया की मेडिकल यूनिवर्सिटी जबलपुर की स्थापना हुए 14 वर्ष से ज्यादा का समय हो चुका है लेकिन मेडिकल यूनिवर्सिटी में अभी भी स्थायी अधिकारियो व कर्मचारियों के 90 प्रतिशत पद रिक्त है, पद रिक्त होने के कारण स्टूडेंट के परीक्षा, परिणाम इत्यादि काम समय पर पूरे नहीं हो पाते है और स्टूडेंट के परीक्षा, परिणाम इत्यादि सभी कार्य विलम्ब से चलते रहते है, स्टूडेंट की डिग्री समय पर नहीं हो पाती है और स्टूडेंट का भविष्य खराब होता है। संगठन द्वारा विगत 3-4 वर्षो से रिक्त पदों को भरने के लिए मेडिकल यूनिवर्सिटी मे कुलपति को व भोपाल मे मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री जी को लगातार ज्ञापन दिये जा रहे है लेकिन ना तो मेडिकल यूनिवर्सिटी के कुलपति जी को और ना ही सरकार के प्रमुखो को स्टूडेंट के भविष्य की कोई चिंता है, मध्यप्रदेश सरकार तो मेडिकल यूनिवर्सिटी मे स्थायी अधिकारियो व कर्मचारियों के रिक्त पदों को भरने की बजाय मेडिकल यूनिवर्सिटी के भव्य स्वरूप को बिगाड़ने मे लगी हुई है, साथ ही नर्सिंग व पैरामेडिकल शिक्षा की गुणवत्ता को बर्बाद करने के लिए नर्सिंग व पैरामेडिकल क्षेत्र के कालेजों को क्षेत्रीय यूनिवर्सिटीज मे जोड़ने का आदेश जारी कर चुकी है और संगठन द्वारा लगातार विरोध दर्ज कराने के बावजूद भी आदेश को वापस भी नहीं ले रही है। साथ ही कालेजों को मेडिकल यूनिवर्सिटी मे ही सम्बद्ध रखने की मांग को गयी है जिससे नर्सिंग व पैरामेडिकल शिक्षा की गुणवत्ता खराब न हो। संगठन ने कहा कि अगर मांगो पर जल्द एवं उचित कार्यवाही नहीं की गयी तो संगठन द्वारा मेडिकल यूनिवर्सिटी, भोपाल व दिल्ली में विरोध प्रदर्शन किया जायेगा।

# चौकीदार की मौत, मकान मालिक पर एफआईआर

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

अधारताल थाने में अंशु बाई कोल उम्र 55 वर्ष निवासी ऋषिनगर करोंदा अधारताल ने सूचना देकर बताया कि उसके पति मुन्ना लाल कोल उम्र 56 वर्ष अधारताल हाउसिंग बोर्ड कालोनी में चौकीदारी करते थे । जो 31 अगस्त को काम पर गये थे रात में घर नहीं आने पर वह दोपहर पति को देखने गयी देखी कि उसके पति मुन्नालाल कोल हाउसिंग बोर्ड कालोनी में मृत अवस्था में पड़े हुये थे। पुलिस ने जब इस मामले की जांच की तो पता चला कि मकान मालिक निकेश जैन के निर्माणाधीन मकान में लगभग 9 माह पूर्व से मुन्नालाल चौकीदारी का काम करता था। मृतक की पीएम रिपोर्ट में मृत्यु का कारण सिर में गम्भीर चोट होना लेख है। कथनो एवं घटनास्थल का निरीक्षण करने पर पाया गया कि चौकीदार के रहने सोने एवं सुरक्षा के पर्याप्त साधन मकान मालिक द्वारा नहीं कराये गये । निर्माणाधीन मकान में असुरक्षित तरीके से सीढ़ी में ईंटें रखीं हुई थी सीढ़ी से मुन्नालाल कोल का पैर फिसलकर नीचे गिरने एवं ईंट मुन्नालाल के ऊपर गिरने से सिर में गम्भीर चोट आने से मृत्यु हो गयी थी। पुलिस ने आरोपी मकान मालिक निकेश जैन के विरूद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

# हिंदी दिवस पर विविध आयोजन



सिहोरा (स्वतंत्र मत)

शासकीय महाविद्यालय मझौली में हिंदी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के जनभागीदारी अध्यक्ष हेमंत मिश्रा ने हिंदी दिवस के अवसर पर अपने उद्बोधन में कहा कि हिंदी को राजभाषा बनाने का समर्थन न सिर्फ हिंदी भाषी राज्यों अपितु बंगाल, गुजरात, महाराष्ट्र, तमिलनाडु आदि राज्यों के प्रतिनिधियों ने भी किया है। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ तनुज चमोली ने कहा कि सबसे पहले हमें अपनी मातृभाषा हिंदी पर गर्व होना चाहिए, ये हमें शक्ति देती है, यही भाषा सारे विकास का दरवाजा भी खोलती है। अंग्रेजी विद्वान् नमन अवस्थी भाषा की महत्वता को रेखांकित करते हुए कहा कि हिंदी हमारी राष्ट्रीय चेतना का प्रतीक है और अन्य किसी भाषा पर पकड़ बनाने के पूर्व हमें अपनी मातृभाषा को सुदृढ़ बनाना होगा एवं हिंदी को अधिक संस्कृतनिष्ठ बनाने का आवाहन किया। हिंदी में हमारी संस्कृति निहित है और हमारी संस्कृति को पहचानने के लिए हमें हिंदी के साथ-साथ संस्कृत का भी निरंतर अध्ययन करना होगा, तभी हम अपनी संस्कृति को गहराई से समझ पाएंगे। इस अवसर पर महाविद्यालय के डॉ. अमोद कस्तवार एवं बड़ी संख्या में महाविद्यालय के छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# जीएसटी में एंटी-प्राफीटरिंग जांच सिस्टम बन्द होने पर भेजा पत्र

जबलपुर । जीएसटी एंटी-प्राफीटरिंग जॉच सिस्टम 31 मार्च से बन्द कर दी गई है। नतिजन 1 अप्रैल से नई शिकायत लेना बन्द कर दिया गया है। केवल पुरानी दर्ज शिकायतों पर ही जांच जारी है। ऐसे में यदि 22 सितम्बर से जीएसटी रेट घटाने के आदेश के तहत उपभोक्ताओं को लाभ नहीं मिलता है। तो उनके पास शिकायत दर्ज करने का अब दूसरा फोरम बचा नहीं है, क्योंकि एंटी प्राफीटरिंग जॉच सिस्टम बन्द करने के बाद उसके विकल्प में दूसरे नये सिस्टम का नोटिफिकेशन अभी तक नहीं किया गया है। उक्त बाते कहते हुए नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच के डॉ. पीजी नाजपांडे ने सचिव, जी.एस.टी. कॉसिल नई दिल्ली को पत्र भेज कर इस बिन्दु पर नोटिफिकेशन जारी करने का निवेदन किया है। उन्होंने बताया कि जीएसटी एक्ट के अनुसार यदि रेट घटाने का लाभ उपभोक्ताओं को नहीं दिया जाता है तो उसे प्राफीटरिंग माना जाता है। इसी के खिलाफ यह एंटी प्राफीटरिंग सिस्टम है। एंटी-प्राफीटरिंग जॉच सिस्टम में ऑनलाईन शिकायतों के पोर्टल में 1 अप्रैल से नई शिकायत स्वीकार करना बन्द हो गया है।



# प्रेरणा राष्ट्रभाषा अभिव्यक्ति सभा लालकिला परिसर में सम्पन्न

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



प्रेरणा हिन्दी प्रचारिणी सभा (मुख्यालय जबलपुर) की लालकिला परिसर में हिन्दी दिवस 14 सितम्बर को राष्ट्रभाषा हिन्दी विषयक अभिव्यक्ति सभा आयोजित की गई। हिन्दी को राष्ट्रभाषा बनाने हेतु पूरे देश में प्रेरणा का अभियान चलाया जा रहा है। प्रेरणा हिन्दी प्रचारिणी सभा के संस्थापक कवि संगम त्रिपाठी, राष्ट्रीय महासचिव प्रदीप मिश्रा अजनबी एवं पूरे देश से आये प्रतिनिधियों द्वारा हिन्दी को शीघ्र राष्ट्रभाषा बनाने हेतु भारत सरकार से अनुरोध किया गया। साथ ही स्वतंत्रता के 78 वर्ष बाद भी संविधान की मंशा के अनुरूप देश में सर्वाधिक बोली जाने वाली भाषा को अभी तक राष्ट्रभाषा का दर्जा न दिए जा सकने पर आक्रोश व्यक्त किया गया। वक्ताओं ने आने वाले समय में इस अभियान को और गति देने का संकल्प लिया। उक्त अभिव्यक्ति सभा में देश के अनेक प्रांतों से सम्मिलित हुए सभा के सदस्यों राजश्री यादव आगरा, यशोधरा यादव यशो आगरा, मंजू यादव ग्रामीण आगरा, डॉ. ओम ऋषि भारद्वाज एटा, डॉ निधि बोथरा जैन इस्लामपुर पश्चिम बंगाल, कवि सिंगर मास्टर सलीम नीमच, अनिल राही ग्वालियर, विजय कुमार कुशवाहा ग्राम गोसड़ा समस्तीपुर, विनीता श्रीवास्तव जबलपुर आदि द्वारा भी वांछनीय अभिव्यक्तियां दी गई। द्वितीय चरण में आयोजित कवि सम्मेलन में कृष्ण कुमार कपासिया बुलंदशहर, मुनेन्द्र प्रसाद पाण्डेय रीवा, कवि संगम त्रिपाठी जबलपुर, डॉ महिमा दुबे खरगोन आदि ने काव्य पाठ किया। कवि सम्मेलन का संचालन सीमा शर्मा मंजरी ने किया व आभार कवि संगम त्रिपाठी ने अभिव्यक्त किया ।

# सच्ची मित्रता के प्रतीक हैं श्रीकृष्ण-सुदामा : सुरेंद्र शास्त्री

## पुरानी जगदम्बा कालोनी में भागवत कथा का आयोजन

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा जी की मित्रता समाज में आर्थिक रूप से फैले भेदभाव को मिटाती है। लक्ष्मी पति होते हुए भी भगवान श्रीकृष्ण ने सुदामा जैसे गरीब और निर्धन ब्राह्मण से मित्रता निभाई। वास्तव में भगवान श्रीकृष्ण सुदामा ही सच्ची मित्रता के प्रतीक हैं। इसी प्रसंग से आज की युवा पीढ़ी को प्रेरणा लेना चाहिए। जीवन में एक सच्चा मित्र बहुत आवश्यक होता है, जो बिना किसी स्वार्थ के मित्रता के वास्तविक मूल्य को समझे। उक्त उद्गार पुरानी जगदम्बा कालोनी में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में शिव मंदिर कचनार सिटी बड़े शंकर जी के मुख्य आचार्य तथा मां दक्षिणेश्वरी धाम के संस्थापक प्रसिद्ध कथा वाचक सुरेंद्र कृष्ण शास्त्री महाराज ने व्यक्त किए। व्यास पीठ से शास्त्रीजी ने श्रीमद् भागवत महापुराण के अनेक प्रसंगों पर विस्तार से प्रवचन दिए। परीक्षित मोक्ष की कथा के साथ विगत सात दिनों से चल रही श्रीमद् भागवत कथा का विराम हुआ। पूजन कार्य संजय उपाध्याय और अमित उपाध्याय ने संपन्न कराया। स्व.वायके शर्मा की स्मृति में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में व्यास पीठ का पूजन सरला शर्मा तथा रश्मि शर्मा ने किया। इस दौरान शरद शर्मा, अभय शर्मा, नवनीता शर्मा, रानू शर्मा, प्रभव, शांतनु, शिवा विश्वकर्मा, शिवम, रिया, प्रिंसी सहित अन्य भक्त उपस्थित रहे।

# शराब के लिए रुपए न देने पर मारपीट

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

अधारताल थाने में रोहित यादव उम्र 21 वर्ष निवासी इमलिया पुरानी बस्ती अधारताल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह डीजे एवं टेंट का काम करता है । रात के वक्त वह अपने साथी राहुल ठाकुर के साथ शमशान घाट इमलिया के पास खड़ा था। तभी अरविन्द उर्फ गिल्ला ठाकुर एवं धर्मेन्द्र बर्मन आकर उससे शराब पीने के लिये 500 रूपये मांगने लगे, उसने रूपये देने से मना किया तो दोनों गाली गलोज करने लगे, गालियां देने से मना करने पर हाथ मुक्कों से मारपीट कर कान के पीछे, गाल में चोट पहुंचा दी तथा दोनों जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। पुलिस ने मामले को जांच में लिया है।

# मप्र हाईकोर्ट के आदेश पर 15 दिन में सुनाया उम्रकैद का फैसला

## हत्या से जुड़ा मामला, लगाया जुर्माना

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



अपर सत्र न्यायाधीश इरशाद अहमद की अदालत ने हत्या के आरोपित जबलपुर निवासी धर्मेंद्र राठौर, मनीष तिवारी, अजीत तिवारी व भागवती बाई का दोष सिद्ध पाया और चारों को उम्रकैद की सजा सुना दी। साथ ही 30-30 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। विशेष बात यह रही कि यह फैसला हाई कोर्ट के आदेश के पालन में महज 15 दिन के भीतर सुना दिया गया। दरअसल मप्र हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति विवेक अग्रवाल व न्यायमूर्ति अवनींद्र कुमार सिंह की युगलपीठ ने अभियुक्त कथन में त्रुटि पाते हुए अपर सत्र न्यायाधीश राजेश नंदेश्वर के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई के निर्देश दे दिए थे। इसके साथ ही 30 दिन के भीतर अभियुक्त परीक्षण लेखबद्ध कर नए सिरे से निर्णय लेने के निर्देश दे दिए थे। प्रभारी लोक अभियोजक अनिल तिवारी ने अभियोजन की ओर से पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि गढ़ा पुलिस ने 28 अप्रैल, 2014 को पिंटू उर्फ सुधीर जैन की हत्या के मामले में धर्मेंद्र राठौर, मनीष तिवारी, अजीत तिवारी व भागवती बाई के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया था। मृतक पिंटू का शव लक्ष्मीनारायण मंदिर, रमनगरा की झाड़ियों में मिला था।

### हत्या के बाद जुर्म छिपाने की मंशा

आरोपी ने धारदार हथियार से हत्या के बाद जुर्म छिपाने की मंशा से शव को पेट्रोल डालकर जला दिया था। हत्या की वजह रंजिश थी। आरोपितों ने ट्रायल प्रक्रिया में गुमराह करने के लिए, मनमाने कथन दर्ज कराए थे। यही बात रेखांकित होने पर मप्र हाई कोर्ट ने सख्ती बरती थी।

# डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ ने मनाई डॉ. विश्वेश्वरैया की 165वीं जयंती

बालाघाट(स्वतंत्र मत)

भारत में हर साल 15 सितंबर को इंजीनियर दिवस का आयोजन किया जाता हैं। यह दिवस उन तमाम इंजीनियरों के प्रति सम्मान की याद दिलाता हैं, जिन्होंने देश के प्रगति में अपना योगदान दिया है। इसी के तहत बालाघाट में 15 सितंबर को डिप्लोमा इंजीनियर्स एसोसिएशन और सतपुड़ा क्षेत्रीय समिति ने देश के प्रथम इंजीनियर व भारत रत्न सर डॉ. मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की 165 वीं जयंती इंजीनियर दिवस के रूप में मनाई गई। इस दौरान संघ के पदाधिकारियों और सदस्यों ने डॉ. विश्वेश्वरैया की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके उनके वैज्ञानिक और तकनीकी योगदान को याद किया।



इस अवसर पर नगर के सर विश्वेश्वरैया चौक पर स्थित उनकी प्रतिमा पर इंजीनियरों ने माल्यार्पण किया। इस मौके पर इंजीनियर्स स्थानीय विश्वेश्वैया चौक पर उपस्थित हुए और उन्होंने विश्वेश्वैया जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद कर उनका जन्मदिन मनाया। इस दौरान इंजीनियर्स ने उनके बनाए हुए मार्ग पर चलकर देश के विकास में अपना शतप्रतिशत योगदान देने की बात कहीं। इस दौरान बड़ी संख्या में अभियंता उपस्थित थे।

जन्मदिवस के अवसर पर डिप्लोमा इंजीनियर एसोसिएशन ईकाइ के जिलाध्यक्ष सुनील हिरकने ने कहा कि देश के प्रथम इंजीनियर विश्वेश्वैया जी ने अंग्रेज शासन में भारत को इंजीनिरिंग के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर दिए है। जिसके कारण ही उनके जीते जी उन्हें देश के सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न से नवाजा गया। वे एक महान इंजीनियर थे और हम सबके के प्रेरणा स्त्रोत है। यह दिन देश के विकास में योगदान देने वाले इंजीनियरों को पहचानने और उनका आभार व्यक्त करने के लिए होता हैं। सर मोक्ष मुंडम विश्वेश्वैया जी के जन्मदिवस के अवसर पर डिप्लोमा इंजीनियर एसोसिएशन ईकाइ के जिलाध्यक्ष इंजी. सुनील हिरकने, सतपुड़ा क्षेत्रीय समिति के अध्यक्ष इंजी. अर्जुन सनोडिया, सचिव इंजी. नागेन्द्र धुर्वे, इंजी. चन्द्रकांत धारने, इंजी. विशाखा बारमाटे, इंजी. सरोज सरैया, इंजी. जी.वी. कौशिक, इंजी. जे.एल. खरे, इंजी. के.एल. सदाफल, इंजी. एच.के. बागेश्वर, इंजी. आर.के. शर्मा सहित अन्य इंजीनियरों की मौजूदगी में जयंती मनाई गई।

# समाज में हिन्दू धर्म रक्षा हेतु डहरवाल कलार समाज का अनूठा प्रयास

**डहरवाल कलार समाज संगठन गांव-गांव में बैठक कर घर वापसी के लिए कर रहा प्रेरित**

बालाघाट(स्वतंत्र मत)



जिले में डहरवाल कलार समाज संगठन बालाघाट ने अपने समाज में हिन्दू धर्म की रक्षा के लिये अनूठी पहल प्रारंभ की है जिसके अन्तर्गत अपनी समाज के प्रत्येक गांव में ऐसे लोगों का सर्वे करवाया जा रहा है जिनने अपना हिन्दू धर्म छोडकर अन्य धर्म को अपना लिया है। समाज संगठन के पदाधिकारियों को विभिन्न माध्यमों से जानकारी हो रही थीं कि समाज के कई परिवारों ने हिन्दू धर्म को छोड़कर अन्य धर्मो को अपना लिया है और यह सिलसिला निरंतर जारी हैं जो समाज में आपसी वैमनस्यता को बढ़ावा दे रहा है एवं हिन्दू धर्म के लिये भी घातक है जिसे एक षड्यन्त्र ही कहा जा सकता हैं। इस विषय पर समाज संगठन के पदाधिकारियों ने चिंता जाहिर करते हुये विचारोपरान्त निर्णय लिया है कि सर्वप्रथम जिले भर में ऐसे परिवारों का सर्वे कराकर उनके साथ संवाद करके उन्हे हिन्दू धर्म की अच्छाइयों के बारे में समझाईये देकर उनकी घर वापसी करवाई जायेगी और दूसरे लोगों को इस प्रकार के कदम उठाने से रोका जायेगा एवं इसके बाद भी संगठन को अपेक्षित सफलता नहीं मिलती हैं, तब समाज संगठन एवं जिले भर के वरीष्ठ सामाजिक बन्धुओं की उपस्थिती में आगामी नवम्बर माह में बड़ी बैठक करके ऐसे परिवारों के साथ समाज ने क्या करना चाहियें इस विषय पर विचार मर्थन करके समाज एव धर्म हित में अंतिम निर्णय लिया जाना कहा हैं। इस संबंध में जिला संगठन के द्वारा जिले की सभी तहसीलों में तहसील व ग्राम समिति के पदाधिकारियों के साथ-साथ बैठके जारी हैं जो 12 सितम्बर 2025 से प्रारंभ हुई है एवं 28 सितम्बर 2025 को समाप्त होंगीं। जिले की बड़ी बैठक करके इस विषय से संबंधित निर्णय को समाज हित में अंतिम रूप देकर जिले में अपने समाज के लोगों को षड्यन्त्र पूर्वक अन्य धर्म में जाने पर रोक लगाई जायेगी, ताकि अपने समाज एवं धर्म को किसी भी षड्यंत्रकारी प्रभाव से बचाया जा सके। विषय पर चर्चा करने एवं सभी तहसीलों में बैठकों को सफल बनाने में समाज के सभी प्रान्तीय, जिला, तहसील एवं ग्राम समिति के पदाधिकारियों का भरपूर सहयोग प्राप्त हो रहा है। जिला संगठन मंत्री शिवाजी बाविसताले, अध्यक्ष राजेन्द्र साकरे, जिला सचिव दुर्गाप्रसाद बाविसताले एवं जिला कोषाध्यक्ष परदेशी राठौर ने संयुक्त रूप से प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से जानकारी दी।

# वन विभाग ने रेत परिवहन करते ट्रैक्टर-ट्रॉली कि जब्त



**बालाघाट(स्वतंत्र मत)।** वन विभाग में अवैध रेत परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत मुख्य वन संरक्षक बालाघाट गौरव चौधरी के मार्गदर्शन में उड़नदस्ता दल प्रभारी अजय चौरे के निर्देशन में उड़नदस्ता दल बालाघाट द्वारा पश्चिम बैहर (सा.) के अंतर्गत 15 सितम्बर को बघोली बीट के कक्ष क्रमांक 1461 वन क्षेत्र में अवैध रूप से रेत का परिवहन कर रहे एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त कर कार्यवाही की गई। 15 सितम्बर की रात्रि में उड़नदस्ता दल वन वृत्त बालाघाट को सूचना प्राप्त हुई की पश्चिम बैहर (सा.) के अंतर्गत बघोली बीट के वन क्षेत्र से रेत का ट्रैक्टर-ट्रॉली के माध्यम से अवैध रेत का परिवहन किया जा रहा है। सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए, उड़नदस्ता दल द्वारा बघोली बीट के अंतर्गत पोंगारझोड़ी मार्ग पर कक्ष क्रमांक 1461 में रेत का परिवहन करते 01 ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त कर कार्यवाही की गई। पूछताछ में आरोपी वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने में असफल रहा। आरोपी का नाम व पता अजय पुषाम पिता कृपाल सिंह पुषाम ग्राम दीपुर थाना परसवाड़ा निवासी पर वन अपराध भारतीय वन अधिनियम 1927 के अंतर्गत कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान जब्त सामग्री में रेत 2.76 घ.मी., ट्रैक्टर-ट्रॉली 01, एमपी-50-ए-7285 (स्वराज रंग नीला) जब्त किया गया। इस कार्यवाही में राजेन्द्र कुमार मडामे उप व.क्षे., राकेश कुमार सनोडिया वनपाल, सौरभ यादव, देवेन्द्र उके वन रक्षक, सम्भू यादव वाहन चालक उड़नदस्ता दल वन वृत्त बालाघाट एवं बीट गार्ड बघोली एवं परिक्षेत्र सहायक खुरमुंडी का विशेष योगदान रहा।

## व्यापारियों एवं राईस मिलर्स के भंडारित धान स्टॉक के भौतिक सत्यापन के लिए दल गठित

**बालाघाट(स्वतंत्र मत)।** कलेक्टर मृणाल मीना ने जिले के समस्त मंडी समितियों के लायसेंसी एवं गैर-लायसेंसी फर्म व्यापारियों एवं राईस मिलर्स के प्रतिष्ठान एवं गोदाम में भंडारित धान स्टॉक के भौतिक सत्यापन के लिए विकासखंड स्तर पर दल गठित कर दिये है। जांच दल द्वारा धान के स्टॉक में कमी या अधिकता पाए जाने पर वैधानिक कार्यवाही के लिए जिला कार्यालय को प्रस्ताव भेजा जाएगा। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन का कार्य, आगामी दिनों में प्रारंभ होना है। व्यापारियों एवं राईस मिलर्स द्वारा क्रय कर भंडारित की गई धान समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के दौरान अनियमित तरीके से धान उपार्जन की व्यवस्था में शामिल न होने पर इसके लिए उनके भंडारित धान स्टॉक का भौतिक सत्यापन कराया जा रहा है। विकासखंड स्तर पर गठित जांच दल में राजस्व विभाग से तहसीलदार, संबंधित मंडी सचिव एवं मंडी के न्यूनतम 03 सहायक उपनिरीक्षक को सदस्य बनाया गया है।

# सहायक आयुक्त ने नवेगांव के छात्रावासों का किया निरीक्षण

## अधीक्षक को कारण बताओं नोटिस जारी

**बालाघाट(स्वतंत्र मत)।** सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्रीमती शकुंतला डामोर ने 15 सितम्बर को अनुसूचित जाति जूनियर बालक छात्रावास नवेगांव का आकस्मिक निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं को देखा। निरीक्षण के दौरान छात्रावास की व्यवस्था संतोषजनक नहीं पाए जाने पर अधीक्षक संदीप मडके को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है कि क्यों न उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाए। इसके साथ ही मंडल संयोजक सुश्री रीनल उइके को एक माह के भीतर छात्रावास की व्यवस्था में सुधार करने के निर्देश दिये गए है। छात्रावास के निरीक्षण के दौरान श्रीमती डामोर ने बच्चों से चर्चा की। इस दौरान छात्र आयुष उइके



ने इंजीनियर बनने की इच्छा व्यक्त की। इस पर श्रीमती डामोर ने आयुष से कहा कि उसे पढ़ाई के लिए सभी सुविधा उपलब्ध करायी जाएगी। वह पढ़ाई पर विशेष ध्यान दे। सहायक आयुक्त श्रीमती डामोर ने महाविद्यालयीन बालक छात्रावास का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं को देखा तथा छात्रों से चर्चा कर विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने छात्रों के लिए अंग्रेजी की कोचिंग चालू करने के निर्देश भी दिए। इस दौरान श्रीमती डामोर ने बालाघाट, वारासिवनी, कटंगी, तिरोड़ी, लालबर्रा, खैरलांजी, लांजी, किरनापुर के छात्रावास अधीक्षकों की बैठक लेकर उन्हें निर्देशित किया कि छात्रावासों के संचालन में किसी भी तरह की लापरवाही नही मिलना चाहिए अन्यथा अधीक्षक के विरुद्ध कड़ी अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने अधीक्षकों को छात्रावास की साफ-सफाई, भोजन एवं अन्य व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए, जिससे बच्चों को छात्रावास में शिक्षा के लिए अच्छा वातावरण मिल सके। छात्रावास अधीक्षकों को निर्देशित किया गया कि वे छात्रावास में अनिवार्य रूप से निवास करें।

# सर्पदंश से पीड़ित बालिका की जिला अस्पताल में एएसवी देकर बचाई गई जान

उमरिया (स्वतंत्रमत)

दिनांक 08-09-2025 को जिला अस्पताल उमरिया में महक कुशवाहा, उम्र-17 वर्ष पिता तारा कुशवाहा, निवासी बाका उमरिया, जिसे कोबरा सर्प ने उसके घर में दंश किया था जिसको उसके स्वजनों द्वारा 1 घंटे के अंदर अत्यंत गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल लाया गया था, जिसे हमारे आपातकाल में ड्यूटी पर उपस्थित डॉ ज्योति द्वारा तुरन्त तत्क्षण उनको



अटैंड कर परीक्षण किया गया जिसे अत्यंत गंभीर अवस्था में पाया गया उस क्षण मरीज बेहोशी की हालत में थी और ड्यूटी डॉक्टर द्वारा उचित सार्थक उपचार देते हुए डॉ राजीव लोचन द्विवेदी को इस मरीज की सूचना दी गई उस समय समस्त परिजन काफी घबराए एवम् व्याकुल थे जिसकी सूचना कैजुअल्टी स्टाफ द्वारा सिविल सर्जन डॉ के सी सोनी एवं आरएमओ डॉ संदीप सिंह को दी गई और सबने मिलकर उनके परिजन को समझाया और वो शांति का परिचय दिए उसे भर्ती किया गया उपचार के रूप में एंटी स्नेक वेनम एवम् अन्य समस्त जीवन रक्षक इंजेक्शन इत्यादि देकर बचाया गया और आज वो बच्ची स्वस्थ है एवं उसके माता पिता काफी खुश है। उन्होंने डॉ ज्योती, डॉ राजीव लोचन द्विवेदी, कैजुअल्टी के समस्त स्टाफ सिविल सर्जन, आरएमओ ,समस्त चिकित्सक,समस्त सेवारत नर्सिंग ऑफिसर एवं समस्त स्टाफ का आभार एवम् धन्यवाद किया। वही सिविल सर्जन डॉ. के.सी.सोनी ने कहा कि सर्पदंश मे बिना देरी किए अस्पताल में दिखाना चाहिए झाड़ फूंक में नहीं पड़ना चाहिए।

## उमंग स्कूल हेल्थ एंड वेलनेस कार्यक्रम आयोजित

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** उमंग स्कूल हेल्थ एंड वैलनेस कार्यक्रम के अंतर्गत शासकीय एक्सीलेंस जनजातीय कन्या छात्रावास पाली में आउटरीच निरीक्षण किया गया जिसमें कुल किशोरी 108 एवं अधीक्षक अर्चना सिंह एवं परामर्श दाता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम की जानकारी उपलब्ध कराई गई एवं किशोरावस्था में हो रहे शारीरिक परिवर्तन लड़का लड़की में होने अलग अलग ओर दोनों में सामान्य परिवर्तन बताया गया। मानसिक भावनात्मक एवं सामाजिक परिवर्तनों को विस्तार से बताया गया इसके पश्चात आरकेएसके के मुख्य छः प्राथमिकताएं पोषण, यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य, असंचारीय बीमारियां, मादक पदार्थों का दुरूपयोग, मानसिक स्वास्थ्य, हिंसा ,चोट एवं हिंसा, लिंग आधारित हिंसा की जानकारी दी गई।

## रेलवे ट्रैक में मिला भालू का शव ट्रेन की टक्कर से मौत की आशंका

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** सोमवार 15 सितंबर को जिले के घुनघुटी रेलवे स्टेशन के पास तीसरी लाइन पर एक भालू रेल हादसे का शिकार होकर मौत के घाट उतर गया। घटना स्थल रेलवे स्टेशन से महज 500 मीटर की दूरी पर है, जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। जैसे ही घटना की सूचना वन विभाग को मिली,एसडीओ दिगेंद्र सिंह, रेंजर अर्जुन सिंह बाजवा सहित परिक्षेत्र अंतर्गत वन अधिकारी और कर्मचारी तत्काल मौके पर पहुँचे। टीम ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए मृत भालू का पंचनामा तैयार किया और तफ्तीश शुरू कर दी है। ग्रामीणों के अनुसार इस क्षेत्र में



अक्सर वन्यजीवों की आवाजाही रहती है। रेल पटरियों से सटे जंगलों के कारण जंगली जानवरों के हादसों का शिकार होने की घटनाएँ समय-समय पर सामने आती रही हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि तीसरी लाइन के निर्माण के बाद रेल यातायात तेज हो गया है, जिससे इस तरह की दुर्घटनाओं का खतरा और बढ़ गया है। वन विभाग का कहना है कि मृत भालू का पोस्टमार्टम कर आगे की रिपोर्ट तैयार की जाएगी। जानकारों की माने तो मृत भालू की औसतन उम्र 05 से 06 वर्ष सम्भावित है।

# आदर्श महाविद्यालय में राष्ट्रीय हिंदी दिवस के अंतर्गत कार्यक्रम संपन्न




## भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ संपन्न

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शासकीय आदर्श महाविद्यालय उमरिया में राष्ट्रीय हिंदी दिवस कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय प्राचार्य डॉ सी बी सोंदिया के संरक्षण में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के अंतर्गत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ जुगल किशोर द्वारा हिंदी की विकास यात्रा ,विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के साथ मिलकर हिंदी भाषा को समृद्ध बनाने की बात कही। अन्य वक्ता के रूप में डॉ नवीन उपाध्याय द्वारा पंच परमेश्वर कहानी का उदाहरण देते हुए छात्र-छात्राओं को हिंदी का महत्व बताया।कार्यक्रम में अध्यक्षीय उद्बोधन डॉ सोंदीया द्वारा भारत को सशक्त और विकसित बनाने में हिंदी का विशेष योगदान है। हिंदी को राष्ट्रभाषा के रूप में प्रतिस्थापित करने की बात कही। कार्यक्रम में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ संयोजक डॉ नियाज अहमद अंसारी द्वारा हिंदी के विकास, संवैधानिक प्रावधान और राजभाषा विभाग द्वारा आयोजित की जाने वाली गतिविधियों के बारे में छात्र-छात्राओं को जानकारी दी। कार्यक्रम में प्रकोष्ठ के सहसंयोजक डॉ राजीव तिवारी सदस्य डॉ सपना झारिया ने सहभागिता प्रस्तुत की। कार्यक्रम में महाविद्यालय परिवार से डॉ हरेंद्र कुमार, सुनील हिरवे डॉ, अनुपम सिंह, डॉ निशी कर्ण, दिनेश विश्वकर्मा, डॉ राजेंद्र पटेल, डॉ रिचा तिवारी सहित महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक गण एवं छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता प्रस्तुत की।

# एक्सीलेंस स्कूल में अव्यवस्था को लेकर एबीव्हीपी ने प्रभारी मंत्री को सौंपा ज्ञापन

उमरिया (स्वतंत्रमत)

जिले के उत्कृष्ट विद्यालय में प्रभारी प्राचार्य उदयभान सिंह सोलंकी पर गंभीर अनियमितताओं और मनमानी का आरोप लगाते हुए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने शनिवार 12 सितंबर को एक दिन के लिए उमरिया प्रवास पर आए जिले के प्रभारी मंत्री श्री नागर सिंह चौहान को ज्ञापन सौंपा। मंत्री के उमरिया आगमन पर परिषद पदाधिकारियों ने विद्यालय में व्याप्त अव्यवस्थाओं और वित्तीय अनियमितताओं को लेकर शिकायत की गई। और ज्ञापन के माध्यम से बताया गया है जो निम्लिखित शामिल हैं जिसमे

***शाला विकास शुल्क में फर्जीवाड़ा का आरोप***- ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि प्रभारी प्राचार्य द्वारा विद्यार्थियों से 700 की अतिरिक्त वसूली की जा रही है, जिसे शाला विकास शुल्क बताया गया है। इस शुल्क की रसीद न तो विद्यालय की अधिकृत मुहर लगाई जाती है, न ही उस पर स्कूल का डाइस कोड होता है। इसके अलावा, नामांकन शुल्क 25 की जगह 35 वसूला जा रहा है, जो शासकीय नियों के विरुद्ध है।

***एआई की कक्षाएं ठप्प, विद्यार्थियों को नहीं मिल रहा नाम***- ईएफए योजना के




तहत विद्यालय को नौवीं और दसवीं के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विषय हेतु 40 कंप्यूटर सेट उपलब्ध कराए गए थे। भोपाल से ऑनलाइन लिंक के माध्यम से कक्षाएं संचालित होती है, लेकिन प्रभारी प्राचार्य की अकर्मण्यता एवं उदासीनता के कारण लैब संचालित नहीं है, जबकि त्रैमासिक परीक्षा निकट है, परंतु विद्यार्थियों को विषय सामग्री तक उपलब्ध नहीं कराई जा रही है।

***स्कूल में पुस्तकें और खेल सामग्री भी नही दी जाती***- ज्ञापन में यह भी बताया गया कि शासन द्वारा आवंटित पुस्तकें और खेल सामग्री विद्यार्थियों को नहीं दी जा रही हैं, जिससे उनकी शैक्षणिक और खेलकूद विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

***बुनियादी सुविधाओं का अभाव, विद्यालय में अव्यवस्था***- विद्यालय में स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था नहीं है, वाटर कूलर भी खराब पड़े हुए हैं। कक्षाओं में फर्नीचर, पंखे और लाइट की अत्यधिक कमी है तथा कक्षों के खिड़की-दरवाजे भी टूटे पड़े हुए हैं। वाशरूम की स्थिति भी अत्यंत दयनीय है, जहां साफ-सफाई नहीं होती हैं। प्रभारी प्राचार्य बिना सूचना के विद्यालय से अधिकांशतः अनुपस्थित रहते हैं, जिससे विद्यालय का प्रशासनिक कार्य भी बाधित होता है।

***विवादित रहे प्राचार्य श्री सोलंकी, कार्यवाही लंबित***- परिषद पदाधिकारियों ने बताया कि जनवरी में कलेक्टर, जिला उमरिया द्वारा प्रभारी प्राचार्य के विरुद्ध कार्रवाई हेतु कमिश्नर शहडोल को प्रस्ताव भेजा गया था, लेकिन अब तक कमिश्नर स्तर पर कोई भी निर्णय नहीं लिया गया, जिसके कारण प्राचार्य सोलंकी के हौसले बुलंद हो गए हैं। ज्ञापन में यह भी उल्लेख है कि वर्ष 2018 में यूबी सिंह पर मॉडल विद्यालय बरबसपुर में एक छात्र से छेड़छाड़ का आरोप लगा था, जिसके बाद तत्कालीन अधिकारियों ने उन्हें निलंबित भी किया था। परिषद ने मांग की है कि विद्यालय में व्याप्त अनियमितताओं की उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों पर शीघ्र कार्रवाई की जाए, ताकि विद्यार्थियों को सुरक्षित, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण मिल सके।

## समय-सीमा प्रकरणों की समीक्षा

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** समय सीमा एवं विभागीय समन्वय समिति की बैठक में कलेक्टर ने सीएम एवं सीएस मॉनिट के लम्बित शिकायत, जिले में समग्र ई-केवाईसी कार्य की प्रगति, सेवा पखवाड़ा अभियान के क्रियान्वयन, खाद एवं बीज की उपलब्धता, उच्च न्यायालय में जवाब दावा के लिए लम्बित न्यायालयीन प्रकरणों, सशस्त्र सेना झंडा दिवस 2024 में विभागों द्वारा सहयोग राशि एवं अंतरविभागीय बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। समग्र ई-केवाईसी कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा अभियान का क्रियान्वयन किया जाना है। जिन स्थानों पर विभागों द्वारा कैम्प लगाए जाएंगे उसमें हितग्राहियों के समग्र ई-केवाईसी का कार्य भी शामिल करें और इसमें प्रगति लाएं। इस अभियान के अंतर्गत जिन विभागों द्वारा विविध गतिविधियां आयोजित की जानी है उसकी तिथिवार जानकारी तैयार कर ली जाए।

## लेखा परीक्षा फॉर्म 19 तक

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** विभागीय लेखा प्रशिक्षण परीक्षा 23 नवंबर को नियत की गई है। इस परीक्षा में शामिल होने के लिए परीक्षार्थियों के द्वारा शासकीय लेखा प्रशिक्षण शाला जबलपुर में संपर्क कर प्राप्त किया जा सकता है। परीक्षा फॉर्म 19 सितंबर कार्यालयीन समय तक कार्यालय प्राचार्य शासकीय लेखा प्रशिक्षण शाला जबलपुर में जमा किए जाएंगे।

## सुरक्षाकर्मियों की होगी भर्ती

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** भारतीय सुरक्षा परिषद नई दिल्ली के द्वारा एसआईएस इंडिया लिमिटेड द्वारा सुरक्षा कार्यों के लिए आवेदित उम्मीदवारों को पंजीकृत कर प्रशिक्षणोपरांत स्थाई रोजगार देने के लिए कमाण्डेंट एसआईएस प्रशिक्षण केन्द्र सिंगरौली द्वारा शिविर लगाए जाएंगे। यह भर्ती शिविर कक्षा दसवी एवं बारहवी पास ग्रेजुएट, 19 से 40 वर्ष आयु के अभ्यर्थियों के लिए आयोजित किया जा रहा है। अभ्यर्थी को शैक्षणिक प्रमाण पत्र दो पासपोर्ट साईज फोटो, आधार कार्ड की छायाप्रति लेकर आना होगा। भर्ती शिविर का समय सुबह 10:30 बजे से अपरान्ह 4 बजे तक होगा। अधिक जानकारी के लिए एसआईएस लिमिटेड भर्ती के अधिकारी आकाश यादव, मोबाईल नंबर 7470439955 से संपर्क किया जा सकता है। यह शिविर थाना परिसर महाराजपुर में 19 सितंबर को, 20 सितंबर को बिछिया, 23 सितंबर को बम्हनी, 24 सितंबर को घुघरी, 25 सितंबर को निवास, 26 सितंबर को बीजाडांडी, 27 सितंबर को टिकरिया, 29 सितंबर को मवई, 3 अक्टूबर को नैनपुर, 4 अक्टूबर को मोतीनाला, 5 अक्टूबर को मोहगांव, 6 अक्टूबर को खटिया, 8 अक्टूबर को कोतवाली एवं 9 अक्टूबर को हिरदेनगर में लगाया जायेगा।

## येलोमोजेक की दी सलाह

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** जिले में सोयाबीन फसल का रकबा वर्तमान में 20 हेक्टेयर है। जिला स्तरीय निरीक्षण दल में कृषि वैज्ञानिक डॉ. रामेश्वर अहिरवार, मधु अली, अनुविभागीय कृषि अधिकारी मंडला द्वारा जिले के विकासखंडों में सोयाबीन फसल का सतत निरीक्षण किया जा रहा है। वर्तमान में सोयाबीन फसल पर कीट बीमारियों का प्रकोप होने की संभावना रहती है।

## राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** जिले में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम को सफल बनाने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण बैठक कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला योजना भवन में आयोजित की गई। बैठक में जिला टीकाकरण अधिकारी एवं इस कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. वाईके झारिया ने बताया कि 23 सितंबर को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस और 26 सितंबर को मॉप-अप दिवस मनाया जाएगा। इस दौरान जिले में 1 वर्ष से 19 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों और 20 वर्ष से 49 वर्ष की गैर-गर्भवती एवं गैर-धात्री महिलाओं को एल्बेंडाजॉल की गोली दी जाएगी।

## मोना मिश्रा बनी डीएसपी

**मण्डला/निवास(स्वतंत्र मत)।** निवास ब्लॉक से ग्राम बिसौरा निवासी शिक्षक बाबा मिश्रा जनपद सदस्य श्रीमति मंजुलता मिश्रा की सुपुत्री मोना मिश्रा का मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग की 2024 की परीक्षा में चयन हुआ है। मोना ने निवास एवं मंडला जिले का गौरव बढ़ाया है। इनका चयन मध्यप्रदेश पुलिस विभाग में डीएसपी पद पर हुआ है माता पिता का मार्गदर्शन एवं बच्चों की पढ़ाई के प्रति लगन ही आपको अपने लक्ष्य तक ले गई है। मोना ने अपनी सफलता का श्रेय परिजनों के साथ शिक्षक एवं सहयोगियों को दिया है।

# स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही आमजन पर पड़ रही भारी

## एक ही परिवार के चार लोगों की मौत से गांव में मातम, विधायक ने लगाए आरोप

मण्डला (स्वतंत्र मत)





जनपद पंचायत घुघरी की ग्राम पंचायत लाफन के सिमरिया ग्राम में उल्टी दस्त से एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई। तीन की मौत दो दिन में हुई है। मरने वालों में 18 महीने का बच्चा भी शामिल है। बताया जाता है कि सभी को डायरिया हुआ था। परिवार में अन्य लोगों की हालत भी खराब है। घटना घुघरी तहसील के लाफन ग्राम पंचायत के सिमरिया गांव की है। मृतकों में मुन्ना केराम 48 वर्ष नरवदिया केराम 68 वर्ष देवीसिंह केराम 44 वर्ष और 18 महीने का आदित्य अमरसिंह केराम का पुत्र शामिल हैं। सबसे पहले तीन दिन पूर्व आदित्य शामिल हैं। यहां स्वास्थ्य विभाग की टीम भी जांच के लिए गांव पहुंची है। परिवार और गांव के अन्य लोगों की जांच की जा रही है। फिलहाल यह सामने नहीं आया है कि डायरिया किस कारण फैला है। मौके पर बीएमओ डॉ. नीरज राज, एसडीएम हुनेन्द्र घोरमारे, पीएचई एसडीओ अभय जोशी मौजूद हैं। देवीसिंह की बेटी राजेश्वरी ने बताया कि आदित्य को उल्टी-दस्त हुई और अचानक झटके आए और मौत हो गई। उस वक्त की मां खेत पर थी। इसके बाद 13 सितंबर को मेरे बड़े पापा मुन्ना केराम और दादी नरबदिया केराम को उल्टी दस्त हुए। दोनों को निजी अस्पताल में दिखाया लेकिन असर नहीं हुआ। इसी दिन दोनों ने दम तोड़ दिया। इस दौरान पिता देवीसिंह केराम को भी उल्टी दस्त होने लगे। उन्हें बिछिया में भर्ती कराया गया था। बीएमओ डॉक्टर नीरज राज का कहना है कि घर में मौजूद मरीजों के सैंपल लेकर जांच के लिए मंडला भेजें गए हैं। परिवार की रमकी बाई को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। जांच के बाद ही कारण सामने आएगा। गांव के लोग कुएं का पानी पीते हैं। दूषित पानी भी कारण हो सकता है। एक हफ्ते तक टीम गांव में रहकर सर्वे करेगी। विधायक नारायण सिंह पट्टा भी मौके पर पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि खुले क्षेत्र का पानी पीना पड़ रहा है। शुद्ध पेयजल नहीं मिलने से संक्रमण हो रहा है। अस्पताल में भी स्टॉफ डॉक्टर नहीं है। उन्होंने हर घर नल जल योजना पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने बताया कि उनके क्षेत्र में लोगों को खुले और दूषित पानी का सेवन करना पड़ रहा है जिसके कारण संक्रमण फैल रहा है और मौतें हो रही हैं। विधायक पट्टा ने साफ तौर पर कहा कि दूषित पानी पीने की वजह से मौतें हुई हैं जो सरकार के शुद्ध पेयजल मुहैया कराने के दावों की पोल खोलता है। यह स्थिति इस बात की तरफ इशारा करती है कि सरकारी योजनाएं कागजों पर तो सफल दिखती हैं लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही है। जिस तरह से विधायक ने बताया लोग मजबूरी में खुले स्त्रोतों से पानी पी रहे हैं जो सीधे तौर पर स्वास्थ्य के लिए खतरा है। इस तरह के दूषित पानी से होने वाले संक्रमण से कई लोगों की जान जा चुकी है। विधायक पट्टा ने केवल पानी की समस्या पर ही नहीं बल्कि स्वास्थ्य सेवाओं की कमी पर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि अस्पताल में पर्याप्त स्टाफ और डॉक्टर नहीं हैं जिससे मरीजों को समय पर सही इलाज नहीं मिल पा रहा है। ऐसी स्थिति में जब लोग दूषित पानी के कारण बीमार हो रहे हैं तो अस्पताल में सुविधाओं की कमी उनकी तकलीफ को और बढ़ा रही है। गांव में कई लोग उल्टी-दस्त से पीड़ित हैं। मृतकों के परिवार और गांव के लोगों में डर का माहौल है। ग्रामीणों ने प्रशासन से गांव में तुरंत स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की है। साथ ही डायरिया को नियंत्रित करने के लिए सख्त कदम उठाने की मांग की है।

***स्वास्थ्य टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही*** - खण्ड चिकित्सा अधिकारी घुघरी के द्वारा ग्राम सिमरिया में उल्टी दस्त फैलने की सूचना मिलने पर तत्काल आरआरटी टीम एवं कॉम्बैट टीम के द्वारा ग्राम सिमरिया सेक्शन लाफन ब्लॉक घुघरी का दौरा किया गया जिसमें डॉ. वार्य.के. झरिया जिला स्वास्थ्य एवं महामारी नियंत्रण अधिकारी, डॉ. नीरज राज खंड चिकित्सा अधिकारी एवं स्वास्थ्य चिकित्सा दल के द्वारा ग्राम सिमरिया में जांच एवं उपचार की कार्रवाई की गई। जिस परिवार में मृत्यु हुई है उनसे भी संपर्क कर लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया एवं मृत्यु के संभावित कारणों को जानने का प्रयास किया गया।

***स्वास्थ्य विभाग के अपने दांवे***- जानकारी लेने पर पाया गया कि आदित्य पिता अमर सिंह 18 महीने बालक झाड़ियां में खेलने गया था एवं वहां से आने के बाद उसे शरीर में झटके आने लगे एवं उसके बाद उसकी मृत्यु हो गई । उसे उल्टी दस्त नहीं था दिनांक 13 सितंबर 2025 को देव सिंह केराम पिता बल्कू सिंह के द्वारा हेल्थ केयर हॉस्पिटल में डॉ. गुरु मोहन सिंह से इलाज करवा रहे थे उनकी जांच रिपोर्ट एवं उपचार रिपोर्ट परीक्षण करने पर पाया गया कि उन्हे किडनी संबंधी बीमारी थी जिसका कि वह इलाज करवा रहे थे हेल्थ केयर हॉस्पिटल में उनका इलाज चल रहा था उन्हें हेल्थ केयर हॉस्पिटल डॉ.गुरूमोहन सिंह के द्वारा जबलपुर मेंडिकल कालेज रिफर किया गया था परन्तु परिवार जनों द्वारा उन्हें मेंडिकल कालेज ना ले जा कर वापस ग्राम सिमरिया ले आये किडनी संबंधी बीमारी के कारण उनकी मृत्यु हुई। अन्य दो मृत्यु के बारे में तथ्यों का परीक्षण किया जा रहा है, एवं जॉच प्रक्रियाधीन है। चिकित्सा दल द्वारा ग्राम में भ्रमण के दौरान टीम द्वारा ग्राम सिमरिया में जांच एवं उपचार की कार्रवाई की गई जिसमें सामान्य दस्त के 6 मरीज पीड़ित पाए गए जिन्हें तत्काल उपचार दिया गया एवं 3 मरीजों को 108 एंबुलेंस के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घुघरी में सतर्कता के तौर पर भर्ती किया गया है, जहां वे उपचार ले रहे है।

***कुंए का पानी पीते है परिवार*** - सर्वे में पाया गया कि पूरा परिवार एक ही कुएं का पानी पीते थे जिसे 7 दिन पहले आशा कार्यकर्ता के द्वारा क्लोरिनेंशन किया गया था उस कुऐं के अलावा ग्राम में कहीं भी उल्टी दस्त के केस नहीं पाये गये। ग्राम सिमरिया एवं उसके आसपास से लगे गांव में लगातार जल शुद्धिकरण आशा एएनएम के द्वारा किया गया एवं लगातार क्लोरिनेशन करने के निर्देश दिए गए हैं एवं किसी भी सूचना मिलने पर तत्काल केस को उपचार एवं रेफर करने के निर्देश दिए गए हैं ग्राम सिमरिया में 2 एंबुलेंस 108 को ग्राम में तैनात किया गया है ताकि किसी भी विषम परिस्थितियों में केस को तत्काल रेफर किया जा सके विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारी एवं आरबीएसके चिकित्सा दल, मोबाइल मेडिकल यूनिट एवं सीएचओ एवं एएनएम को ग्राम सिमरिया में घर-घर जाकर सर्वे जॉच व उपचार करने हेतु निर्देशित किया गया है। चिकित्सा दल को ग्राम में 5 दिनों के लिए अस्थाई केम्प लगाकर सामान्य स्थिति होने तक वहीं पर रहकर कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया है, साथ ही आसपास के क्षेत्र से भी एएनएम, आशा कार्यकर्ता की ड्यूटी लगाई गई है, दूसरे क्षेत्र से भी आशा एएनएम, सीएचओ को जांच एवं उपचार हेतु कार्य संलग्न किया गया है।

***पीएचई ने किया क्लोरिनेशन***- जिला कलेक्टर सोमेश मिश्रा एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रेयांश कुमट के निर्देशानुसार एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री मनोज भास्कर के मार्गदर्शन में ब्लॉक घुघरी के ग्राम पंचायत के पोषक ग्राम सिमरिया में पीएचई विभाग द्वारा पंचायत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में सभी 14 पेयजल स्त्रोतों जिसमें 7 हैंडपंप एवं 7 कुआं में जर्मेक्स एवं ब्लीचिंग पॉउडर डालकर क्लोरिनेशन का कार्य किया गया। क्लोरिनेशन कार्य के साथ-साथ ग्रामीणों को पानी को छानकर उबालकर पीने के लिए समझाइश दी गई।

## हिन्दी दिवस पर महाविद्यालय में कार्यक्रम



मण्डला(स्वतंत्र मत)

हिन्दी दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री उत्कृष्ट महाविद्यालय रानी दुर्गावती शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य प्रभारी डॉ टीपी मिश्रा के मार्गदर्शन में और विभागाध्यक्ष हिन्दी विभाग डॉ एसएस ज्योतिषी के संयोजन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती वंदना के साथ हुई हिन्दी विभाग की डॉ दुर्गावती सल्लाम ने हिन्दी दिवस को रेखांकित करते हुए कहा कि 14 सितम्बर को हिन्दी दिवस इसलिए मनाया जाता है कि क्योंकि संविधान में इसे राजभाषा का दर्जा मिला है। पं जवाहरलाल नेहरू ने सन 1953 में हिन्दी दिवस मनाने घोषणा की थी। डॉ टीपी मिश्रा ने उद्बोधन में हिन्दी दिवस पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को हिन्दी दिवस मनाये जाने की विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए हिन्दी की महत्ता पर जोर दिया गया। इसी कड़ी में हिन्दी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ ज्योतिषी ने कहा कि अभी भी हिन्दी में सुधार की जरूरत है यह सत्य है कि हिन्दी का वर्चस्व बढ़ा है मानक शब्दों का विकास करना होगा। हिन्दी दक्षिण भारत में कमजोर है वहां पर सुधार की आवश्यकता प्रतीत होती है। इस दौरान डॉ बीएल झारिया, डॉ अनीता झारिया, डॉ सीमा धुर्वे, डॉ एएस बघेल, डॉ एसआर बघेल, डॉ गुलबहार खान, प्रो अरविंद कुमार ठाकुर, प्रो. अभिलाषा मरावी, डॉ संतोष गुजरे, डॉ नितिंका रघुवंषी, प्रो जयंती पटैल, डॉ रश्मि वर्मा, प्रो कृष्णा सरैया, प्रो. अनुराधा पाण्डेय अन्य समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

## चोरी की मोटरसाइकिल सहित दो गिरफ्तार


मण्डला(स्वतंत्र मत)



पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा के निर्देशन और अनुविभागीय अधिकारी पुलिस नैनपुर के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना बम्हनी ने कार्रवाई करते हुए चोरी की चार मोटर साइकिलें बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से करीब 1.85 लाख रुपये मूल्य की संपत्ति जब्त की है। थाना बम्हनी में दर्ज प्रकरण की विवेचना के दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने लगातार प्रयास कर संदिग्धो को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में संदिग्धो ने चोरी की वारदात को स्वीकार किया संदिग्धों के बताए अनुसार रात्रि के समय मास्टर चाबी का उपयोग कर गलियों से मोटरसाइकिल चुराई गई। जिसके बाद उनके कब्जे से चार मोटरसाइकिलें बरामद की गईं। आरोप दुर्गेश कुमार डेहरिया पिता गुलाब डेहरिया उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम छछारी चौकी टाटरी जिला मंडला, निलेश उर्फ भोलू यादव पिता दीपचंद्र यादव उम्र 19 वर्ष निवासी बड़ी खैरी को गिफ्तार किया गया है। वहीं जप्ती कार्यवाही में पांच टू व्हीलर वाहन जप्त किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूर्ण कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। कार्यवाही के दौरान थाना प्रभारी उपनिरीक्षक अरुण प्रताप सिंह भदौरिया, उपनिरीक्षक मानिक पटले, सहायक उपनिरीक्षक झनकार सिंह मर्सकोले, आरक्षक शिवराम बघेल, उमराव, महिला आरक्षक जयश्री एवं चालक नवीन की भूमिका रही है।

# दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक ने किया नैनपुर मंडला स्टेशन का निरीक्षण






## अमृत भारत योजना के तहत संरक्षा कार्यो का निरीक्षण

## नैनपुर में नव निर्मित प्रशिक्षु छात्रावास का शुभारंभ

**नैनपुर (स्वतंत्र मत)।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन के महाप्रबंधक तरुण प्रकाश का नैनपुर आगमन हुआ। रेलवे जी एम अमृत भारत योजना के तहत जारी निर्माण कार्यो की कार्य गतिविधियों के साथ नैनपुर बालाघाट और मंडला में चलने वाले संरक्षा कार्यो का निरीक्षण करने कल नैनपुर और मंडला फोर्ट पहुंचे थे। जनरल मेनेजर पहले नैनपुर पहुंचे जहां से वे सीधे मंडला रेलवे स्टेशन के निरीक्षण हेतु रवाना हो गए। इसके बाद पूर्वान्ह लगभग 11 बजे वे पुनः नैनपुर रेलवे स्टेशन पहुंचे, जहां उन्होंने स्टेशन परिसर और संबंधित विभागों का गहन निरीक्षण किया।

***महाप्रबंधक ने अमृत भारत योजना के तहतचल रहे कार्यों का किया निरीक्षण***- महाप्रबंधक ने अमृत भारत योजना के तहत नैनपुर स्टेशन पर जारी पुनर्विकास कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने आन लाइन सुविधा सहित रेलवे टिकट बुकिंग प्रणाली, यात्री प्रतीक्षालय, एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म तक जाने के लिए नए ब्रिज का निर्माण, और नैनपुर में प्रस्तवित पिट लाईन पर विस्तारित संभावनाओं का गहन निरीक्षण किया। स्ट्रेशन परिसर में अमृत भारत स्ट्रेशन योजना के तहत कार्यों की प्रगति का निरीक्षण करते हुए उन्होंने गुड्स शेड का निरीक्षण कर माल प्रबंधन लोडिंग-अनलोडिंग की व्यवस्था तथा सुरक्षा मानकों की समीक्षा भी की । इसके बाद महाप्रबंधक ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों प्रेस मीडिया और गणमान्य नागरिकों के साथ भेंट की। जहाँ क्षेत्रीय आवश्यकताओं और यात्री सुविधाओं के संबंध में उपयोगी सुझाव प्राप्त किये। नैनपुर स्ट्रेशन परिसर में लॉबी, यात्री प्रतीक्षालयों तथा चल रहे अमृत भारत स्टेशन योजना अंतर्गत विकास कार्यों पर आवश्यक दिशा निर्देश भी जारी किए। यहां महाप्रबंधक ने मान्यता प्राप्त रेलवे यूनियनों तथा जनप्रतिनिधियों के साथ वार्तालाप कर कर्मचारियों की समस्याओं स्टाफ कल्याण योजनाओं और यात्रियों को दी जाने वाली सेवाओं पर सुझाव प्राप्त किए। महाप्रबंधक ने नैनपुर स्थित सिंगल एवं दूरसंचार प्रशिक्षण केंद्र का भी निरीक्षण किया। यहाँ नवीन प्रशिक्षण केंद्र का निरिक्षण कर प्रशिक्षुओं से बातचीत की और तकनीकी दक्षता बढ़ाने के लिए अत्याधुनिक उपकरणों को प्रशिक्षण में शामिल करने के निर्देश दिए। इसी क्रम में नव निर्मित प्रशिक्षु छात्रावास का उद्घाटन भी किया गया। इसके पश्चात रेल गेज संग्रहालय का निरिक्षण किया । जहाँ ऐतिहासिक धरोहर को सुरक्षित रखने हेतु चल रहे संरक्षण कार्यों की सराहना की। महाप्रबंधक ने संपूर्ण निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंडला फोर्ट-नैनपुर बालाघाट गोंदिया खंड पर चल रहे सभी विकास एवं आधुनिकीकरण कार्यों को तय समयसीमा में पूर्ण किया जाए। उन्होंने विशेष रूप से यात्री सुविधाओं के सतत उन्नयन, स्टेशनों की स्वच्छता व प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा मानकों और आधुनिक तकनीक के प्रयोग पर बल दिया। स्थानीय जनप्रतिनिधियों तथा नागरिकों से प्राप्त सुझावों की योजनाओं में शामिल करने का आश्वासन देते हुए उन्होंने कहा कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे यात्रियों को बेहतर और सुरक्षित सेवा प्रदान करने के लिए सतत प्रयासरत है। महाप्रबंधक के साथ उप महाप्रबंधक, प्रमुख विभागाध्यक्ष मुख्य जन संपर्क अधिकारी, प्रधान मुख्य इंजीनियर, प्रधान मुख्य विद्युत् इंजीनियर, प्रधान मुख्म वाणिज्य प्रबंधक प्रधान मुख्य यांत्रिक अभियंता, प्रधान मुख्य सिंगल एवं दूरसंचार अभियंता, मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार गुप्ता, वरिष्ठ वाणिज्य प्रबंधक दिलीप सिंह नागपुर तथा विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी सहित इस निरीक्षण कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## पेंशनर्स ने निकाली रैली, सौंपा ज्ञापन

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** वरिष्ठ नागरिक पेंशनर एसोसिएशन के द्वितीय स्थापना दिवस के अवसर पर प्रदेश के साथ मंडला जिले में भी जिला शाखा अध्यक्ष बीके राय के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पेंशनरों ने रैली निकालकर कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। इसी के साथ ही जिला पेंशन कार्यालय को भोपाल स्थानांतरित ना कर जिले में ही यथावत रखने तथा विवादास्पद पेंशन कल्याण बोर्ड को निरस्त करने हेतु तथा नवीन पेंशनर कल्याण बोर्ड का गठन कर सभी पेंशनर्स संगठनों को प्रतिनिधित्व दिए जाने के लिए ज्ञापन सौंपा गया। प्रमुख मांगों में धारा 49 को समाप्त किया जाना पेंशनरों को केंद्र के समान उसी दिनांक से महंगाई राहत स्वीकृत किया जाना । 30 जून को सेवानिवृत्त पेंशनरों को एक वेतन वृद्धि दिया जाना, शिक्षकों की सेवानिवृत्ति पर अर्जित अवकाश की नगदी कारण की सुविधा दिया जाना, पेंशनरों को 5 लाख तक निःशुल्क चिकित्सा लाभ दिया जाना,पेंशनरों से आयकर नहीं लिया जाना, उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार छठवें वेतनमान का 32 माह का तथा सातवें वेतनमान का 27 माह का एरियर भुगतान किया जाना, आयु वृद्धि के साथ 65 वें वर्ष से प्रति 5 वर्ष में 10 प्रतिशत वेतन वृद्धि किया जाना, पेंशनर्स को रेल व बस यात्रा की छूट बहाल किया जाना शामिल हैं।

**कार्यालय बहुउद्देशीय कृषि साख सहकारी समिति (बी. पैक्स) नैनपुर मुख्यालय नैनपुर पं.क्र.-360**

**वार्षिक साधारण आम सभा की सूचना** दिनांक 11.09.2025

बहुउद्देशीय कृषि साख सहकारी समिति (बी. पैक्स) नैनपुर पं.क.360 के समस्त माननीय सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था की साधारण वार्षिक आम सभा की बैठक संस्था के प्रशासक महोदय की अध्यक्षता में सामुदायिक मगंल भवन वार्ड नं.12 (राधा कृष्ण मदिंर के पास ) नैनपुर में दिनांक- 26.09.2025, दिन शुक्रवार को समय 12.00 बजे दिन में निम्न विषय सूची पर निर्णय हेतु आमंत्रित की जाती है। निर्धारित समय पर गणपूर्ति न होने की दशा में आधे घंटे बैठक स्थगित की जाकर उसी स्थान एवं दिनांक पर बैठक की कार्यवाही की जावेगी। जिसमें गणपूर्ति की आवश्यकता नही होगी। बैठक में आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है। कार्यक्रम स्थल सामुदायिक मगंल भवन वार्ड नं. 12 (राधा कृष्ण मंदिर के पास) नैनपुर

**वार्षिक आम सभा की विषय सूची**

(1) वर्ष 2024-25 में आयोजित की गई प्रबंधकारिणी बैठकों का अवलोकन व पुष्टि बाबद विचार। (2) वर्ष 2024-25 की आय-व्यय, लाभ-हानि एवं स्थिति विवरण पत्रक के अनुमोदन बाबद विचार। (3)वर्ष 2025-26 के लिये प्रस्तावित बजट का अनुमोदन बाबद विचार। (4) समिति का वर्ष 2024-25 में हुए व्ययों का अवलोकन एवं स्वीकृत बजट में से कम अधिक होने पर पुनरीक्षित समायोजन बजट का अनुमोदन बाबद। (5) वर्ष 2023-24 के आडिट नोट का अनुमोदन । (6) अन्य विषय प्रशासक महोदय की अनुमति से।

**प्रबंधक एवं पदेन सचिव**
**बहुउद्देशीय कृषि साख सह. समिति (बी. पैक्स)**
**नैनपुर पं.क्रं. 360**

संपादकीय

# सड़क पर अंग्रेज

अमेरिका के बाद अब यूरोपीय देश ब्रिटेन में भी बाहरी लोगों का विरोध होने लगा है और उन्हें देश से निकालने की मांग की जा रही है। कमोबेश एक लाख लोग लंदन की सड़कों पर उतरे और देश से अवैध अप्रवासियों को बाहर करने की मांग के साथ बड़ा विरोध-प्रदर्शन किया। 'यूनाइट द किंगडम' बैनर के साथ यह रैली लंदन के व्हाइटहॉल क्षेत्र में आयोजित की गई, जहां संसद भवन के पास मार्च समाप्त हुआ। इस रैली का आयोजन विवादित दक्षिणपंथी और राष्ट्रवादी नेता माने जाने वाले टॉमी रॉबिन्सन ने किया, जो इसी साल जेल से रिहा किए गए थे। लंदन रैली में बड़ी संख्या में लोग यूरोपीय और ब्रिटिश झंडे और सेंट जॉर्ज क्रॉस के साथ नजर आए, और भीड़ ने 'हम अपना देश वापस चाहते हैं' जैसे नारे भी लगाए।

आयोजक रॉबिन्सन ने रैली को 'फ्री स्पीच, ब्रिटिश विरासत और संस्कृति के बचाव' का प्रदर्शन बताया। स्टीफन याक्सले-लेनन के नाम से भी जाने जाने वाले टॉमी रॉबिन्सन ब्रिटेन में दक्षिणपंथी, राष्ट्रवादी नेता माने जाते हैं और इंग्लिश डिफेंस लीग के संस्थापक भी रहे हैं, जिसपर 2010 में बैन लगा दिया गया था। इस संगठन का एक कार्यकर्ता एक मस्जिद में बम धमाके का दोषी पाया गया था और उसका कनेक्शन नॉर्वे के दक्षिणपंथी आतंकी एंडर्स बेहरिंग ब्रेविक से था, जो ब्रिटेन में आधिकारिक रूप से आतंकी घोषित है। लंदन में आयोजित प्रदर्शन में अमेरिकी टेक अरबपति एलॉन मस्क ने भी वीडियो लिंक के जरिए हिस्सा लिया। उन्होंने भीड़ को संबोधित करते हुए ब्रिटिश संसद को भंग करने और सरकार बदलने की मांग की। मस्क ने कहा कि ब्रिटेन की सुंदरता के बावजूद देश प्रवास की भीषण लहर से धीरे-धीरे तबाह हो रहा है और अगर यह जारी रहा तो लोगों को या तो लड़ना होगा या मरना होगा। मस्क ने अमेरिकी कंजर्वेटिव नेता चार्ली कर्क की हत्या का हवाला देते हुए लेफ्ट पार्टियों को हत्या का उत्सव मनाने वाली पार्टी बताया और स्थानीय बहुचर्चित मीडिया संस्थान पर भी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता खत्म करने में सहयोग देने का आरोप लगाया। मस्क की यह मौजूदगी और कट्टर रुख स्पष्ट करता है कि अमेरिकी 'मगा' विचारधारा के समर्थक ब्रिटिश दक्षिणपंथी आंदोलनों से जुड़ रहे हैं। उनके आने को कई विश्लेषक यूके और अमेरिका के दक्षिणपंथी आंदोलनों के अंतरराष्ट्रीय गठजोड़ का संकेत मान रहे हैं। मसलन, 'मगा' अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का स्वघोषित आंदोलन है, जिसके जरिए वह अमेरिका को ग्रेट बनाने की जद्दोजहद में जुटे हैं। इसी तरह अमेरिका में भी प्रवासन मुद्दे को लेकर राजनैतिक ध्रुवीकरण बढ़ा है और ट्रंप की मौजूदगी में 'मगा' समर्थक समूह उभरे हैं, जो प्रवासियों का विरोध करते हैं। लंदन की यह रैली चार्ली कर्क की हत्या के बाद आयोजित की गई थी और इसमें स्पीकर के तौर पर अमेरिकी और यूरोपीय दक्षिणपंथी लोगों जैसे राष्ट्रपति ट्रंप के पूर्व चीफ स्ट्रैटेजिस्ट स्टीव बैनन और जर्मनी की एएफडी पार्टी के सदस्य भी शामिल थे। बहरहाल, ब्रिटेन में भी प्रवासन अब प्रमुख राजनैतिक मुद्दा बन चुका है, अब आने वाले दिनों में देखना होगा कि लंदन की सड़कों पर आयोजित रैलियां क्या संसद तक का सफर तय कर सकती हैं?

# ओजोन परतः जीवन की ढाल और उसके संरक्षण का संकल्प



ललित गर्ग
लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तंभकार हैं

ओजोन परत पृथ्वी पर मानव जीवन की ढाल है, क्योंकि यह समताप मंडलीय परत पृथ्वी को सूर्य की अधिकांश हानिकारक पराबैंगनी विकिरण से बचाती है। सूर्य के प्रकाश के बिना मानव, प्रकृति एवं जीव-जंतुओं का जीवन को संभव नहीं है, लेकिन सूर्य की सीधी किरणें मानव के लिये हानिकारक भी है, इन हानिकारक किरणों से ओज़ोन परत ही रक्षा करती है, जीवन को संभव बनाती है। धरती पर बढ़ रही पर्यावरण विनाश की गतिविधियों के कारण ओजोन परत का क्षरण होने लगा, जब 1970 के दशक के अंत में वैज्ञानिकों को पता चला कि मानव निर्मित प्रकृति दोहन इस सुरक्षा कवच में छेद कर रही है, तो उन्होंने चिंता जताई। ओजोन परत में यह छेद दिनोंदिन बढ़ता जा रहा है, जो रेफ्रिजरेटर और एयर कंडीशनर जैसे एयरोसोल और शीतलन उपकरणों में इस्तेमाल होने वाली ओज़ोन-क्षयकारी गैसों (ओडीएस) के कारण हो रहा था, जिससे त्वचा कैंसर और मोतियाबिंद के मामलों में वृद्धि और पौधों, फसलों और पारिस्थितिक तंत्र को नुकसान पहुँचाने का खतरा पैदा कर रहा था। ओजोन परत का क्षरण एक गंभीर खतरा एवं चुनौती के रूप में सामने आया। इसलिये वियना कन्वेंशन में ओजोन के संरक्षण के लिये प्रतिवर्ष विश्व ओजोन दिवस मनाया जाने लगा। इस वर्ष हम वियना कन्वेंशन की 35वीं वर्षगांठ और वैश्विक ओज़ोन परत संरक्षण की 35वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। हर साल, विश्व ओज़ोन दिवस वर्तमान चुनौतियों और प्रगति पर ध्यान केंद्रित करने के लिए एक अनूठी थीम पर मनाया जाता है। 2025 का आधिकारिक थीम-'जीवन के लिए ओज़ोन' है। यह थीम हमारे ग्रह के लिए एक प्रभावी एवं रक्षात्मक ढाल के रूप में ओज़ोन परत के निरंतर महत्व पर प्रकाश डालती है और मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल की वैश्विक सफलता और भविष्य की संभावनाओं का जश्न मनाती है।

पृथ्वी की सतह से 10 से 40 किलोमीटर ऊपर समताप मंडल में स्थित ओज़ोन परत हमें हानिकारक पराबैंगनी विकिरण (यूवी रेडियेशन) से बचाती है। यह सुरक्षात्मक परत, जिसे स्ट्रैटोस्फेरिक ओज़ोन या अच्छी ओज़ोन के रूप में जाना जाता है, मोतियाबिंद और त्वचा कैंसर जैसे प्रतिकूल स्वास्थ्य प्रभावों को रोकती है तथा कृषि, वानिकी और जलीय जीवन की रक्षा करती है। यह दिन हमें स्मरण कराता है कि ओज़ोन परत केवल एक वैज्ञानिक शब्द नहीं, बल्कि पृथ्वी पर जीवन की सुरक्षा कवच है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा 1994 में स्थापित, यह दिवस 1987 में मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर की तिथि को चिह्नित करता है, जो एक महत्वपूर्ण घटना थी जब दुनिया ओज़ोन परत को नुकसान पहुँचाने वाले पदार्थों को नियंत्रित करने के लिए एकजुट हुई थी। ओज़ोन परत पृथ्वी के समताप मंडल में स्थित है और सूर्य की अधिकांश हानिकारक पराबैंगनी किरणों को अवशोषित करती है, जिससे इसका संरक्षण सभी प्रकार के जीवन के लिए आवश्यक है। इस दिवस का उद्देश्य ओज़ोन परत के क्षरण को रोकना और पर्यावरणीय संतुलन की



विश्व ओजोन दिवस आज

रक्षा करना है। यदि यह परत क्षतिग्रस्त हो जाए तो पृथ्वी पर जीवन असुरक्षित हो जाएगा। महात्मा गांधी ने कहा था कि प्रकृति हर व्यक्ति की आवश्यकता को पूरा करने के लिए पर्याप्त साधन देती है लेकिन लालच को पूरा करने के लिए नहीं। यही कथन आज ओज़ोन संकट की मूल जड़ को समझाता है।

ओज़ोन परत के क्षरण के मुख्य कारणों में क्लोरोफ्लोरोकार्बन (सीएफसी) युक्त गैसें हैं जो फ्रिज, ए.सी., एरोसोल स्प्रे और फोम में प्रयुक्त होती हैं। वाहनों और उद्योगों से निकलने वाले प्रदूषक, रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों का अत्यधिक उपयोग तथा वनों की अंधाधुंध कटाई और प्राकृतिक संसाधनों का दोहन भी इसके प्रमुख कारण हैं। इसका सीधा प्रभाव मानव स्वास्थ्य पर पड़ता है। त्वचा कैंसर और आँखों का मोतियाबिंद बढ़ रहा है, रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो रही है और बच्चों व बुज़ुर्गों में श्वसन संबंधी बीमारियाँ तेजी से फैल रही हैं। ओज़ोन क्षरण जलवायु परिवर्तन और मौसम की चरम स्थितियों को भी जन्म देता है। ग्लेशियर पिघलने की गति तेज हो रही है, समुद्र तल बढ़ रहा है जिससे तटीय शहर खतरे में हैं और बेमौसम बारिश, लू तथा चक्रवात जैसी प्राकृतिक आपदाएँ आम होती जा रही हैं। पर्यावरण पर भी इसका गहरा असर देखा जा रहा है। पौधों की वृद्धि और फसल उत्पादन प्रभावित हो रहा है, जल-जीवों और समुद्री पारिस्थितिकी को हानि पहुँच रही है और जैव विविधता असंतुलित हो रही है।

बढ़ते प्रदूषण और वाहन संकट ने इस समस्या को और गंभीर बना दिया है। वाहनों से निकलने वाली ग्रीनहाउस गैसें और धुआँ न केवल वायु प्रदूषण को बढ़ा रहे हैं बल्कि ओज़ोन परत को भी कमजोर कर रहे हैं। महानगरों में दमघोंटू धुआँ, बदली हुई वर्षा प्रणाली और सांस की बीमारियाँ इसी का परिणाम हैं। इस संकट से निपटने के लिए हमें ठोस कदम उठाने होंगे। पर्यावरण-अनुकूल तकनीक का प्रयोग, सार्वजनिक परिवहन और साइकिल जैसी स्वच्छ यातायात व्यवस्था का अपनाना, पेड़ लगाना और वनों का संरक्षण करना, सीएफसी और हानिकारक रसायनों पर नियंत्रण तथा सौर, पवन और जल जैसी नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों का उपयोग करना आज की आवश्यकता है। ओज़ोन परत पृथ्वी के जीवन की प्राकृतिक ढाल है। यदि यह नष्ट हो गई तो जीवन की सुरक्षा संकट में पड़ जाएगी।

ओज़ोन परत का संरक्षण एवं संवर्द्धन का संकल्प दर्शाता है कि विज्ञान द्वारा निर्देशित सामूहिक निर्णय और कार्रवाई ही प्रमुख वैश्विक संकटों का समाधान है। कोरोना वायरस महामारी जैसे महासंकटों ने इतनी सामाजिक और आर्थिक कठिनाइयाँ पैदा की हैं, ओज़ोन संधियों का सद्भाव और सामूहिक भलाई के लिए मिलकर काम करने का संदेश पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण एवं प्रासंगिक हो गया है। इस दिवस का नारा, 'जीवन के लिए ओज़ोन', हमें याद दिलाता है कि ओज़ोन न केवल पृथ्वी पर जीवन के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि हमें आने वाली पीढ़ियों के लिए ओज़ोन परत की रक्षा करते रहना चाहिए। अध्ययनों से पता चल रहा है कि तापमान, पराबैंगनी विकिरण और वर्षा की आवृत्ति कुछ पौधों की प्रजातियों के जीवित रहने के लिए उपयुक्त आवासों की उपलब्धता या सीमा निर्धारित करने वाले प्रमुख कारक हैं। पराबैंगनी-बी विकिरण और जलवायु परिवर्तन से जुड़े कारक पौधों की वृद्धि, रोगाणुओं और कीटों से बचाव, और खाद्य फसलों की गुणवत्ता को प्रभावित करते हैं। मानव स्वास्थ्य पर, पराबैंगनी विकिरण के गंभीर नकारात्मक प्रभाव हो सकते हैं, हालाँकि, मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल ने बड़ी संख्या में मामलों और मौतों को रोकने में अहम भूमिका निभाई है। प्रदूषण के संदर्भ में, पराबैंगनी विकिरण वायुमंडल की संरचना और गुणवत्ता पर; मानव, स्थलीय और जलीय पर्यावरण के स्वास्थ्य पर; गहरा प्रभाव डाल सकता है। यह प्लास्टिक प्रदूषकों के विघटन को बढ़ावा देता है जिसका मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण पर प्रभाव पड़ता है।

शहरी और महाद्वीपीय स्तर के वायु प्रदूषण में यूवी विकिरण एक प्रमुख कारक है क्योंकि मानवीय गतिविधियों और प्राकृतिक प्रक्रियाओं से उत्सर्जित कई कार्बनिक यौगिक सौर यूवी विकिरण द्वारा विषाक्त उत्पादों में परिवर्तित हो जाते हैं, जिससे वायु की गुणवत्ता कम हो जाती है और मानव स्वास्थ्य को नुकसान पहुँचता है। यूवी विकिरण जलीय वातावरण में प्रदूषकों के विघटन का एक प्रमुख कारण भी है, जिससे विषाक्त और कैंसरकारी उत्पाद उत्पन्न होते हैं। वायु की गुणवत्ता क्षोभमंडल में सौर यूवी विकिरण पर निर्भर करती है और इस प्रकार समतापमंडलीय ओजोन परत की मोटाई पर निर्भर करती है तथा यह समतापमंडल से क्षोभमंडल तक ओजोन के परिवहन से प्रभावित होती है। ओज़ोन परत का संरक्षण और संवर्धन इसलिए अत्यंत आवश्यक है क्योंकि यही परत सूर्य की घातक पराबैंगनी किरणों से धरती पर जीवन की रक्षा करती है। इसके बिना न तो मानव जीवन सुरक्षित रह सकता है, न ही पृथ्वी पर हरियाली, जल और प्राणी जगत का अस्तित्व संभव है। ओज़ोन का क्षरण हमारे स्वास्थ्य, पर्यावरण और भविष्य तीनों के लिए खतरे की घंटी है, इसलिए विश्व ओज़ोन दिवस केवल एक औपचारिक दिवस नहीं बल्कि यह संकल्प लेने का अवसर है कि हम प्रदूषण को रोकेंगे, हरियाली को बढ़ाएँगे, ऊर्जा के स्वच्छ साधनों का प्रयोग करेंगे और इस जीवनदायिनी ढाल को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे।

# बहुत नाइंसाफी है ,अब तेरा क्या होगा मेरे लाल...





दुनिया में हर बाप की एक ही इच्छा होती है कि उसका जो लाल है यानी बेटा वो उससे भी बड़ा आदमी बने उसका नाम उससे भी कहीं ज्यादा रोशन हो। हर बाप यही कोशिश करता है कि उसका बेटा कहीं ना कहीं सेट हो जाए विशेष कर नेताओं को तो लगता है कि यदि उनका बेटा उनकी तरह राजनीति में आ गया तो सैकड़ों कार्यकर्ताओं के सर को लांघता हुआ सबसे आगे खड़ा हो जाएगा और राजनीति में अपना झंडा गाड़ देगा और जब राजनीति में झंडा गाड़ देगा तो फिर चारों तरफ बहार ही बहार है, लेकिन भारतीय जनता पार्टी के नए प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल जी ने नेताओं के बेटे, बेटियों,रिश्तेदारों को पार्टी में पद देने से इनकार कर देने पर वे तमाम नेता आंसू बहाने लगे जो लंबे अरसे से अपने-अपने बेटे बेटियों को राजनीति के मैदान में सेट करने में जुटे हुए थे। खंडेलवाल जी ये बहुत ही बड़ी नाइंसाफी है इन नेताओं को क्या मालूम था कि आप ऐसी कोई स्कीम चालू कर दोगे जिससे उनके बेटे बेटियों की आगामी जिंदगी ही बर्बाद हो जाएगी क्योंकि नेताओं के बेटे हमेशा से नेता ही बनने की कोशिश करते रहे हैं और सेट भी होते रहे, सभी पार्टियों में एक जैसी ही परिपाटी है लेकिन बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष ने जो तीर फेंका है वो सीधा उन नेताओं के सीने में जाकर लगा है जो इस बात का रास्ता देख रहे थे कि उनका बेटा राजनीति में कितने अंदर तक सेट हो पाता है। वैसे भी नेताओं के खून में ही नेतागिरी के कीटाणु होते हैं और फिर जब वे अपने पिता का राजनीति में जलवा देखते हैं तो उनको भी लगता है कि नौकरी चाकरी में क्या रखा है बेहतरीन नेतागिरी करो, जय जयकार भी होगी, पद भी मिलेगा और माल भी, लेकिन अब दिल के अरमां आंसुओं में बह गए। नेताओं के बेटे क्या करें क्या ना करें इस बात को लेकर भारी परेशान क्योंकि इतना लंबा समय नेतागिरी में सेट होने में जो लगा दिया तो अब बाकी किसी काम के बचे नहीं और एक बार जिसको नेतागिरी का शौक लग जाता है उसके कीटाणु एड्स से भी ज्यादा खतरनाक होते हैं जो एक बार अंदर गए तो फिर बाहर नहीं निकल पाते। अपनी तो खंडेलवाल जी से एक ही हाथ जोड़कर प्रार्थना है कि हुजूर ऐसा मत करो कितने अरमान थे उन तमाम नेताओं के कि उनका बेटा उनसे भी बड़ा नेता बनेगा ,विधायक बन जाएगा, मंत्री बन जाएगा, मुख्यमंत्री बन जाएगा लेकिन आपने एक ही झटके में उनके तमाम अरमानों पर गर्म पानी डाल दिया अपने को तो लगता है कि वे तमाम नेता जो अपने-अपने बच्चों को राजनीति में सेट करने की कोशिश में लगे थे उनके दिल से एक ही आह निकल रही है बड़ी नाइंसाफी की है हुजूर आपने है अब क्या होगा मेरे लाल का।

## मुस्कुराती फोटो

कुछ समय पहले प्रदेश कांग्रेस के दो बड़े नेता पंद्रह महीने के कांग्रेस की सरकार ढह जाने पर एक दूसरे पर आरोप लगा रहे, थे कमलनाथ जी कह रहे थे कि लोगों को लगता था कि दिग्गी राजा पीछे से सरकार चला रहे हैं तो दिग्गी राजा का कहना था कि सिंधिया और कमलनाथ के बीच में पर्सनैलिटी क्लेशेज थे इसलिए सरकार गिर गई अब दो दिन पहले दोनों की एक मुस्कुराती हुई फोटो वायरल हुई है जिसमें दोनों एक दूसरे के कंधे पर हाथ रखकर यह बताने की कोशिश कर रहे हैं कि वे दोनों दो जिस्म एक जान हैं लगता है ऊपर से जमकर दम दी गई होगी कि एक तरफ तो हम गुटबाजी दूर करने की कोशिश कर रहे हैं दूसरी तरफ आप जैसे बड़े नेता एक दूसरे के खिलाफ मोर्चा खोले हुए हैं बेहतर है कि जल्दी एक फोटो खिंचवाओ, दोनों मुस्कुराओ भले ही वह मुस्कुराहट नकली ही क्यों ना हो और जनता के बीच उसको वायरल करो यह भी कहो कि हम दोनों के बीच में आज से नहीं बल्कि पचास साल से गहरे संबंध हैं यानी संबंधों की गोल्डन जुबली हो चुकी है इसलिए मतभेद हो सकते थे लेकिन मनभेद नहीं है भाजपा तो कांग्रेस के हर कदम पर नजरें गड़ाए रहती है और मजा लेने से चूकती नहीं है तो उसने भी कह दिया कि यह नकली मुस्कुराहट साफ-साफ बतला रही है कि दोनों अभी भी एक दूसरे से ना खुश है लेकिन जनता को तो बताना पड़ेगा कि हम सब एक हैं अगर पहले ही एक होते तो आज ये दिन ना देखने पड़ते और ना ही सरकार जाती। लेकिन कांग्रेस में तो ये हमेशा से चलता आया है नेता कहते हैं हमारे यहां लोकतंत्र है इसलिए हर व्यक्ति अपनी बात कह सकता है लेकिन ये भूल जाते हैं यह लोकतंत्र नहीं बल्कि अराजकता है।

## कथा में बुलाना कौन सा गुनाह

पीडब्ल्यूडी भोपाल रीजन में तैनात एक चीफ इंजीनियर ने नोट शीट में आदेश निकाला कि उनके घर में सत्यनारायण की कथा होने वाली है इसलिए तमाम स्टाफ को प्रसाद ग्रहण करने के लिए उनके निवास पर आना होगा चूंकि चीफ इंजीनियर का आदेश था तो पूरा डिपार्मेंट उनके घर पहुंच गया इसको लेकर बड़ा विवाद मच गया कि इस मामले में साहब जी ने नोट शीट क्यों चलाई अरे भाई सत्यनारायण की कथा है वैसे भी सत्यनारायण की कथा सुनना और सुनाना तो बड़े पुण्य का काम होता है उसमें तो यह भी बताया है कि जो कथा नहीं सुनता या कथा नहीं करता उसको क्या-क्या भोगना पड़ता है तो ऐसे कथा सुनने से कौन इनकार कर सकता था और फिर प्रसाद देना ये कौन सा गुनाह हो गया जिस पर लोग सवाल उठाने लगे। भाई साहब ने नोटशीट लिख दी चूंकि नोट शीट पर जो चीज़ लिखी जाती है वो पत्थर की लकीर हो जाती है अगर वे मौखिक रूप से अपने डिपार्टमेंट के लोगों से कहते तो हो सकता है बहुत से लोग कथा में न पहुंचते लेकिन चूंकि नोट शीट में यह बात कही गई थी तो इससे कोई इनकार नहीं कर सकता था और वैसे भी सत्यनारायण भगवान की कथा अगर उन भाई साहब ने अपने स्टाफ को सुना भी दी तो एक पुण्य का ही काम तो किया है कोई पाप तो कर नहीं दिया लोग अपने घर में कथा नहीं कर पा रहे या नहीं सुन पा रहे ऐसे में इस पापी संसार में और ऐसे डिपार्टमेंट में रहते हुए अगर इंजीनियर साहब ने कथा सुन ली और अपने स्टाफ को भी कथा सुना दी तो कम से कम उसका अच्छा प्रतिफल तो मिलेगा उसमें कोई संदेह की बात नहीं है। अपना तो मानना है कि आप तो हर महीने कथा करो और हर महीने अपने नोट शीट के माध्यम से स्टाफ को बुलाओ इस बात की चिंता मत करो कि लोग क्या कह रहे हैं वैसे भी एक मशहूर गाना है कुछ तो लोग कहेंगे, लोगों का काम है कहना, छोड़ो बेकार की बातों में कहीं बीच न जाए कथा की रैना।

## सुपर हिट ऑफ़ द वीक

सुनती हो पुरातत्व विभाग वालों को औरत का हजारों साल पुराना जबड़ा मिला है श्रीमानजी ने श्रीमती जी से कहा

लेकिन उन्हें कैसे पता चला कि जबड़ा औरत का है? श्रीमती जी ने पूछा

क्यों कि जबड़ा अभी भी चल रहा है!

श्रीमान जी ने उत्तर दिया।

# मोती किसे नहीं पहनना चाहिए

शास्त्र में हर रत्न का संबंध किसी न किसी ग्रह से माना जाता है। रत्नशास्त्र के अनुसार, ग्रहों के हिसाब से रत्न धारण करने पर जीवन की परेशानियां कम हो सकती हैं और तरक्की के रास्ते खुल जाते हैं। वहीं, अक्सर कुछ लोग शौकिया तौर पर किसी भी रत्न को धारण कर लेते हैं। लेकिन अगर बिना सोचे-समझे या बिना ज्योतिषीय सलाह के रत्न धारण कर लिया जाए तो इसका उल्टा असर भी हो सकता है। ऐसे में आज हम आपको बताएंगे सफेद मोती के बारे में। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार मोती का सीधा संबंध चंद्रमा से होता है। चंद्रमा को मन और भावनाओं का कारक माना गया है। इस कारण मोती धारण करने से व्यक्ति का मानसिक संतुलन ठीक रहता है, आत्मविश्वास बढ़ता है और गुस्से पर काबू पाया जा सकता है। लेकिन हर राशि पर इसका असर एक जैसा नहीं होता है। ऐसे में आइए जानते हैं कि किन राशियों को इसे धारण करने से बचना चाहिए।


## इन राशियों के लोग न पहनें मोती

रत्नशास्त्र की मानें तो कुछ राशियों के जातकों को सफेद मोती धारण करने से बचना चाहिए। इनमें मकर, वृषभ, तुला और कुंभ राशि शामिल हैं। दरअसल इन राशियों के ग्रह स्वामी की चंद्रदेव से नहीं बनती है। ऐसे में अगर ये लोग मोती पहनते हैं तो उनका मानसिक तनाव बढ़ सकता है। साथ ही, बिजनेस और करियर में रुकावटें आ सकती हैं। अगर राशि के हिसाब से मोती धारण नहीं किया जाए तो नींद की समस्या और अनावश्यक चिंता भी बढ़ सकती है। इसलिए ज्योतिषियों का कहना है कि इन राशियों के जातकों को मोती पहनने से पहले सावधानी बरतनी चाहिए और बिना सलाह के इसे धारण नहीं करना चाहिए।

## मोती पहनने के लाभ

रत्नशास्त्र के अनुसार, मोती के साथ कभी भी नीलम और गोमेद नहीं पहनना चाहिए। ये संयोजन अशुभ परिणाम दे सकता है और जीवन में परेशानियां खड़ी कर सकता है। ज्योतिष शास्त्र और रत्नशास्त्र की मानें तो मोती पहनने से कई लाभ मिलते हैं। अगर आपकी कुंडली में चंद्रमा कमजोर है तो आप ज्योतिषीय सलाह के बाद मोती पहन सकते हैं। वहीं, मोती धारण करने से आत्मविश्वास की कमी दूर होती है, गुस्सा कम होता है और मानसिक शांति भी मिलती है। इसके अलावा जिन लोगों को तनाव, डिप्रेशन और नींद से जुड़ी परेशानियां हैं, तो उनके लिए भी मोती बहुत शुभ माना जाता है।

# बुक-शेल्फ : लाज़वाब शख्सियतें : कुछ लाइक्स... घटित होते इतिहास का आईना



डॉ. सुधीर सक्सेना
लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं

अजय बोकिल पत्रकार-लेखक हैं, लिहाजा हम समानधर्मा या हमबिरादर या एक ही वृहत्तर कुल के सदस्य हैं। वह मुझसे कुछ कनिष्ठ हैं; कुछ साल छोटे। उन्हें पत्रकारिता में करीब चार दशक होने को आये। इधर करीब दो दहाइयों से मैं उनके लेखन को बारीकी से देखता आया हूँ और उनके लिखे को पसंद करता हूं। पसंद इसलिये नहीं कि उन्होंने बड़ी ऊंचाइयां छुई हैं, बल्कि इसलिये कि एक तो वह ऊर्जावान हैं, चेतस हैं, पूर्वाग्रह और दुराग्रह से परे हैं, खूब पढ़ते हैं और अपने को निरंतर माँजते रहे हैं। वह फौरी फतवे नहीं देते, आक्रामक या तल्ख नहीं होते, सन्दर्भों में गहरे धँसते हैं और सरल-सहज तरीके से कथ्य को प्रस्तुत करते हैं। उनकी भाषा अलंकृत, कृत्रिम या किताबी नहीं है, बल्कि उसमें रवानी है, वह बहते नीर की मानिंद है। उसमें लोल लहरें हैं, प्रवाह है, स्निग्धता है। वह तटबंधों को तोड़ती नहीं, बल्कि उससे अठखेलियां करती और नयी ऊर्मियां रचती है। बाज वक्त वह उसमें त्वरा से चमक पैदा करते हैं। भाषा को लेकर वह शुद्धतावादी या रूढ़िप्रिय नहीं हैं उनमें किंचित टकसाली वृत्ति भी है। मराठी भाषी होना उनकी भाषा को अलग रंगत देता है।

इन्हीं अजय बोकिल की एक किताब आई है- 'लाजवाब शख्सियतें = कुछ लाइक्स।' यह उनकी दूसरी किताब है। इसके पहले उनकी एक किताब आई थी = 'कोरोना काल की दंश कथायें।' इस दूसरी किताब में उनके विभिन्न सेलेब्रिटीज, व्यक्तियों, चरित्रों और स्मारकों पर लिखे लेखों का संकलन है। इसमें उनके मन की बातें है; सीधी निर्भीक और बेलाग। पौने तीन सौ पन्नों की इस किताब की शुरूआत पिक बैनी लता मंगेशकर से होती है, जिसे वह 'सुस्वरा' कहते हैं और मानते हैं कि उसमें पराकाष्ठा के शिखरों को वामन बना देने की शक्ति है। उसके सप्त सुरों में नवरसों की परिपूर्णता है और उसका गायन चित्त को चित्त से जोड़ता है। वह लिखते हैं कि लता आत्मा से गाती है। सुरों की कोई ममी नहीं होती और लता दीदी के स्वर श्रोता की आत्मा से एकाकार हो जाते हैं। उनके स्वर वह रस पैदा करते हैं; जिससे पूरी दुनिया समरस हो सके। यह उद्धरण इसलिये कि आप अजय के लेखन की तासीर बूझ सकें ओर उसके अंदाजे-बयां को जान सकें। इससे अगला ही लेख अभिनय सम्राट दिलीप कुमार पर है। शीर्षक है = युग पुरूष के नाभि चक्र में अद्वितीय दिलीप कुमार। पहले नाभि चक्र और फिर अद्वितीय। शब्द नया चाक्षुष बिंब रचते हैं। यह वही दिलीप साहब हैं, जो बालीवुड के इतिहास को दो भागों में बांट देते हैं = दिलीप पूर्व और दिलीप पश्चात। दिलीप एक्टिंग के वो आचार्य हैं, जिनके सबक बार-बार दोहराये जाते हैं और आगे भी दोहराये जाते रहेंगे। बाजार उनके कॅरियर को डिक्टेट नहीं करता। उलटे उन्होंने बाजार को डिक्टेट किया। अजय मानते हैं कि दिलीप साहब अभिनय के साथ आकाशीय ऊंचाई भी है। उनके स्कूल के सबक सोने से खरे हैं और जो अपने समय में खरा है, वह हर युग में खरा रहेगा।





तो यह है एथिक्स और एस्थेटिक्स का परिपाक। अजय बिग बी पर लिखते हैं। भूपिंदर सिंह पर लिखते हैं। मोहम्मद रफी, टॉम आल्टर, बाला सुब्रमण्यम, रजनीकांत, ओमपुरी, श्रीदेवी, इरफान खान, सलमान खान पर लिखते हैं। और तो और वह सिने गीतकार अभिलाष पर भी लिखते हैं, जिसने 'इतनी शक्ति हमें देना दाता' जैसा प्रार्थना गीत लिखा। वह राहुल बजाज, स्टीफन हाकिंग, उस्ताद बिस्मिल्लाह खान, एमएस धोनी, सनी लियोन, जसदेव सिंह, करूणानिधि, कल्याण सिंह, एलके अडवाणी, मायावती, राहुल गांधी, रॉबर्ट वाड्रा, श्रीधरन, शरद यादव, जसवंत सिंह, मुलायम सिंह आदि पर लिखते हैं, लेकिन तब ज्यादा अच्छा लगता है और उनकी खोजी वृत्ति और दृष्टिकोण का पता चलता है। जब वह योग शिक्षिका राफिया नाज, असाध्य रोगी अर्पण सरकार, जूतों के अस्पताल के मालिक नरसीराम, वृक्ष-सखी इलांगबाम बेलेंतीना, त्रिवेंद्रम की युवतम महापौर आर्या राजेन्द्रन, रेडियो आरजे मलिष्का, उड़नपरी हिमा दास, दुनिया में विशालतम परिवार के मुखिया जिओन चाना, छत्तीसगढ़ की लोक गायिका पूनम तिवारी, ग्रेटा थनबर्ग या सायबोर्ग के बारे में लिखते हैं। उनके ये सूचनाप्रद लेख हमारे ज्ञानकोष को समृद्ध करते हैं। उनके ये लेख सतही या हवा-हवाई न होकर व्यापक संदर्भों की पर्तें उघाड़ते हैं। वह जब गंगा की शुद्धता पर लिखते हैं तो सम्राट अकबर की बात करते हैं, जब किन्नरों पर लिखते हैं, तो मलिक काफूर का जिक्र करते हैं और हिन्दु बनाम हिंदुत्व की बात करते हैं, तो भारत को पुण्यभूमि और पितृभूमि मानने वाले सावरकर की ही बात नहीं करते, करन उन चंद्रनाथ वसु की भी बात करते हैं; जिन्होंने सन 1892में पहले पहल 'हिन्दुत्व-हिन्दू पत्रिका इतिहास में हिंदुत्व शब्द का प्रयोग किया था। अपने कतिपय लेखों में अजय दीवार पर लिखी इबारतों को पढ़ते नजर आते हैं और अपने निष्कर्षों को भी परोसते हैं, लेकिन ऐसा वह तभी करते हैं, जब वह स्वयं 'कन्विंस' या आश्वस्त होते हैं। 94वें ऑस्कर समारोह में जब वह बिल स्मिथ और क्रिस रॉक के अप्रिय प्रसंग के बहाने कॉमेडी कला की बात करते हैं, तो धार्मिक-राजनीतिक कॉमेडी पर संकट की भी बात करते हैं। वह कुणाल कामरा और मुनब्बर फारूकी का जिक्र करते हैं और कहते हैं कि कॉमेडी का जवाब कॉमेडी हो सकता है, थप्पड़ नहीं।

किताब में संकलित कुछ लेख अलहदा किस्म के हैं और उन्हें वर्गीकृत करना कठिन है। उनसे अजय के पत्रकारीय या लेखकीय व्यक्तित्व का पता चलता है। ऐसा ही एक लेख है 'माणिक से काफी पहले लीलाधर जोशी ने लिखी थी सादगी की स्क्रिप्ट यह दस्तावेजी लेख है। मीडिया पर एक-दो आलेखों के अलावा एक लेख है = एक लोकतंत्रवादी अखबार की मौत पर दो आंसू। यह हांगकांग के 'एप्पल डेली' पर एकाग्र है और 2015 में सुश्री चान पुई मान के पहली महिला प्रधान संपादक बनने के बाद की अभिव्यक्ति की निर्भीक शोकांतिका की गाथा है। यह लेख समकाल में मीडिया की दशा और दिशा की बात करता है। अजय दमन के लिए दक्षिण और वाम की यकसां लानत मलामत करते हैं। लोकशाही और राजशाही की तर्ज पर वह नया शब्द गढ़ते हैं 'ठोकशाही।' मुर्गे की अभिव्यक्ति की आजादी के हक में एक न्यायोचित मांग दिलचस्प है। इसमें और अन्यत्र भी। चुहल है और तंज भी। मुर्गा फ्रांस का राष्ट्रीय पक्ष है। उसे कोर्ट में घसीटने पर अदालत फैसला सुनाती है कि मुर्गे को बांग देने का नैसर्गिक आधार है। सुबह-सुबह मुर्गे की बांग में रूमानियत नजर आना एक नया रूपक गढ़ता है।

किताब में कुछ ऐसे लेख उन लोगों के बारे में हैं, जिन्होंने अजय के पत्रकारीय व लेखकीय व्यक्तित्व की रचना में बड़ी भूमिका निभाई है। अभय छजलानी, प्रभु जोशी, अजय यादव और महेंद्र सेठिया के बारे में आलेख ऐसे ही आलेख हैं। ये आलेख हमारे वक्त का रोजनामचा भी हैं। ये हमें शब्द-संसार के अंतर्लोक की सैर कराते हैं और बीते कालखंड के व्यक्तित्वों के बहाने मानवीय भावनाओं की सुरभि का एहसास कराते हैं। अजय ने प्रभुदा की यह सीख गांठ बांध ली कि आपका दृष्टिकोण आपके लेखन की विश्वसनीयता को स्थापित करता है। उन्होंने उनकी यह बात भी मानी कि किताब घटित होते इतिहास का आईना है। बड़े लोगों की संगत का असर अजय पर पड़ा। उन्होंने निकष निर्मित किये और उन पर खरा उतरने की कोशिश की। इसी की बदौलत वह 'बेशक राजनीतिक लड़ाइयां हमेशा लंबी होती है, लेकिन उसे लड़ने के तरीके समय सापेक्ष होने चाहिये जैसे निष्कर्ष प्रस्तुत कर सके।

किताब में काव्योपम उक्तियों की कमी नहीं है। पृष्ठ 64 पर लेख का शीर्षक है ङ्क 'मनुष्यता की वो तस्वीरें जिनसे गांधीवाद का कोलाज़ बनता है पठनीय है। युवा कलेक्टर प्रीति मैथिल, आईएएस स्वरोचित सोमवंशी, कोटा की कलेक्टर रूक्मणि रियार, मेघालय के राम सिंह धर, त्रिशूर की अपर्णा लव कुमार, मणिपुर के आर्मस्ट्रांग, बलरामपुर के अवनीश शरण का नजीरों के सहारे अजय कहते हैं गांधी आज भी जिंदा हैं और समाज की किसी न किसी खिड़की से झांक रहे हैं। बेशक समाज और मानवता की सेवा ही गांधी दर्शन का व्यावहारिक और सगुण स्वरूप है। नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने की पूर्वपीठिका में भारतीय राजनीति में मुलायम सिंह और लालू यादव की भूमिका का आकलन अजय की काबिले गौर निष्पत्ति है। कुल जमा यह किताब उनसे बड़े फलक के दस्तावेजी लेखन की उम्मीदें जगाता है।

# हिमाचल की कुल्लू घाटी के पांच नाले मनाली से लेकर पंजाब तक मचा रहे तबाही

कुल्लू

हिमाचल प्रदेश की कुल्लू घाटी के पांच नाले हर साल मनाली से लेकर मैदानी इलाकों तक भारी तबाही मचा रहे हैं। इन नालों में बाढ़ आने से व्यास नदी रौद्र रूप दिखा रही है। भारी बारिश और बादल फटने से फोजल, सरवरी, कसोल, हुरला और मौहल नालों में हर बरसात में बाढ़ आने से ब्यास नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। इससे उफनती ब्यास मनाली से पंजाब तक तबाही मच रही है। लगातार ऐसा हो रहा है। कुल्लू के मोहल में स्थित जीबी पंत राष्ट्रीय हिमालयी पर्यावरण अनुसंधान संस्थान मौहल के अध्ययन में यह खुलासा हुआ है।

## रिपोर्ट सरकार को सौंपी

संस्थान ने 2014 से 2025 तक कुल्लू घाटी में बाढ़ और आपदा पर यूके की कुंब्रिया यूनिवर्सिटी, दिल्ली और हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के साथ मिलकर यह अध्ययन किया है। इसकी रिपोर्ट राज्य सरकार और राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को इस साल मई में सौंपी है। अध्ययन के अनुसार ब्रिटिश इंडिया काल के अधिकारियों ने कुल्लू के इन पांच नालों का सर्वेक्षण किया था। अब जीबी पंत संस्थान की ओर से किए गए अध्ययन में 1835 से लेकर 2020 तक डाटा लिया गया। खास बात है कि ब्रिटिश पुस्तकालय लंदन, विभिन्न शोध रिपोर्टों और साहित्य से करीब 200 साल का रिकॉर्ड भी जुटाया गया।

## अध्ययन में सामने आईं ये बातें

अध्ययन में पता चला कि ये अंग्रेज अधिकारी उस वक्त इन नालों को तमाम गतिविधियों को डायरी में नोट करते थे। इसका रिकॉर्ड आज भी ब्रिटिश लाइब्रेरी लंदन में उपलब्ध है। इसके अलावा



मौसम का डाटा नग्गर फोल्ड स्टेशन भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के क्षेत्रीय स्टेशन कटराई से लिया गया है। अध्ययन में पता चला कि वर्ष 1990 से 2020 तक इन नालों में बाढ़ आने की संख्या 68 प्रतिशत अधिक बढ़ी है। कुल्लू जिले में 175 वर्षों (1846–2020) में 59 स्थानों पर 128 बाढ़ की घटनाएं हुई हैं। कुल्लू में भारी बारिश, बादल फटने के कारण आने बाली बाढ़ की व्यापकता 55 प्रतिशत और ग्रीष्मकालीन मानसून में बाढ़ की संख्या (जून से सितंबर) 87 फीसदी बड़ी है। पांचों नालों से जान जाने के साथ संपत्ति को नुकसान हो रहा है।

## साल दर साल हो रहा जानमाल का नुकसान

इस साल भी खोखन, सरवरी, कसोल, फोजन और गुरला (गाड़ा) नाले ने भारी तबाही मचाई है। 25 जून को कसोल में आई बाढ़ से यहां पार्क गाड़ियां बहने से बाल–बाल बचीं। 2023 में इस नाले में आई बाढ़ में 10 से अधिक गाड़ियां बह गई थीं और भुंतर–मणिकाय मार्ग भी बंद हो गया था। यहां से करीब 10 हजार पर्यटकों को रेस्क्यू करना पड़ा। वहीं, सरवरी नाले ने भी 2023 से 2025 तक भारी नुकसान पहुंचाया और पेयजल स्कीम को तहस–नहस कर दिया। हुरला नाले में तीन साल से बाढ़ आ रही है। शिलागढ़ के जंगल में बादल फटने से इस नाले में टनों के हिसाब से लकड़ी बहकर आई। इसका संज्ञान बीते दिनों शीर्ष अदालत ने भी लिया है। हुरला में कई बीघा जमीन, सेब और अनार के बगीचे, बई पुल भी वह गए। अगस्त में खोखन माले ने खूब तबाही मचाई और आठ गाड़ियां बह गईं। लोगों की जमीन को भारी नुकसान हुआ और जीबी पंत राष्ट्रीय हिमालयी पर्यावरण एवं सातत विकास अनुसंधान संस्थान मौहल कुल्लू को भी दो करोड़ का नुकसान हुआ है।

## सुझाव : नालों के किनारे निर्माण- खनन पर लगे रोक

अध्ययन रिपोर्ट में कहा गया है कि फोजल, सरवरी, कसोल, हुरला और मौहल नालों में आ रही बाढ़ आम जनजीवन को प्रभावित कररही है। अगर इन नालों का समय रहते तटीकरण नहीं किया गया तो नाले और खतरनाक साबित हो सकते हैं। इससे जानमाल को भारी नुकसान हो सकता है। ऐसे में संस्थान ने इसकी रिपोर्ट राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकारण और प्रदेश सरकार को सौंप दी है। इसमें दो सुझाव भी दिए हैं। इनमें पांचों नालों का समय पर तटीकरण किया जाए। इसके अलावा इन नालों के किनारे किसी तरह का निर्माण और खनन न करने का सुझावा दिया है। लोगों से भी इन नालों से दूर बसने की हिदायत दी गई है। तटीकरण करने पर खास जोर दिया गया है। तभी इन नालों से होने वाली तबाही कम हो सकती है।

अध्ययन में सामने आया है कि फोजाल, सरवरी, कसोल, हुसला और मौहल नाले सबसे अधिक जानमाल की नुकसान पहुंचा रहे हैं। बरसात में इन्हीं नालों से व्यास का जलस्तर बढ़ रहा है और मैदानी इलाकों तक तबाही हो रही है। आने वाले समय में संस्थान मनाली क्षेत्र में अति संवेदनशील बन चुके अलेऊ नाला, हरिपुर, मनालसु, बड़ाग्रां और खाकी नालों की स्थिति पर अध्ययन करेगा। यह नाले भी बरसात में तबाही मचा रहे हैं।

# ये बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, नस्लीय भेदभाव के खिलाफ पीएम कीर स्टार्मर ने दिया अल्टीमेटम

लंदन

लंदन में हुई दक्षिणपंथी रैली के दौरान अचानक हिंसा भड़क गई। प्रदर्शनकारियों और लंदन पुलिस के बीच झड़प देखने को मिली, जिसमें कई पुलिसकर्मी घायल हो गए। वहीं, रविवार को ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने भी इसे लेकर सख्त चेतावनी जारी की है। कीर का कहना है कि देश में किसी भी तरह का भेदभाव बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

कीर स्टार्मर के अनुसार,लोगों के बैकग्राउंड और उनकी त्वचा के रंग के आधार पर उन्हें निशाना बनाना किसी भी परिस्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। लंदन में शनिवार को दक्षिणपंथियों द्वारा बड़े पैमाने पर आंदोलन शुरू हुआ था। इस आंदोलन का नेतृत्व टॉमी रॉबिन्सन कर रहे थे। पुलिस के अनुसार, टॉमी की अपील पर लगभग डेढ़ लाख लोग लंदन की



सड़कों पर जमा हो गए थे, जिनसे पुलिस की झड़प हो गई। ब्रिटेन के पीएम कीर स्टार्मर ने पुलिस अधिकारियों पर किए गए हमलों की कड़ी निंदा की है। इस हिंसक प्रदर्शन में 26 पुलिसकर्मी घायल हैं। पुलिस ने 24 लोगों को हिरासत में लिया है। वहीं, अगले कुछ दिनों में लंदन पुलिस अन्य लोगों को भी हिरासत में ले सकती है।

लोगों को शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने का पूरा अधिकार है। यह हमारे देश के मूल्यों में है। मगर, जो पुलिस अधिकारी अपनी ड्यूटी कर रहे थे, उनपर हुए हमले को सही नहीं ठहराया जा सकता है। कीर स्टार्मर ने आगे कहा, हमारा झंडा देश की विविधता को दर्शाता है। हम इसे ऐसे हाथों में नहीं सौंप सकते हैं जो इसका इस्तेमाल हिंसा, डर और भेदभाव फैलाने के लिए करें। लंदन पुलिस के अनुसार 3 महिलाओं समेत 24 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें 19 साल से लेकर 58 साल कर के लोग शामिल हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है। अन्य आरोपियों की भी पहचान की जा रही है। इस मामले में अभी और गिरफ्तारियां भी हो सकती हैं।

**चीन ट्रेड वार्ता के बीच ट्रंप का बड़ा बयान**

# मैं कुछ नहीं कर सकता, अमेरिका में बंद हो सकता है टिकटॉक?

नई दिल्ली

अमेरिका और चीन के बीच व्यापार समझौते पर बातचीत शुरू हो गई है। दोनों देशों के बीच ये बातचीत स्पेन के मैड्रिट में हो रही है। इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने टिकटॉक को लेकर एक महत्वपूर्ण टिप्पणी की है।

दरअसल, अमेरिका में चीनी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म टिकटॉक को डेडलाइन जल्द ही समाप्त होने वाली है। इससे पहले टिकटॉक को जनवरी 2025 तक का ही समय दिया गया था। हालांकि, बाद में इसकी अवधि में विस्तार करते हुए 17 सितंबर तक की डेडलाइन दे दी गई।

अमेरिका और चीन के बीच व्यापार वार्ता हो रही है। दोनों देशों के बीच पिछले कुछ महीनों में व्यापार युद्ध की स्थिति आ गई है। हालांकि, दूसरी तरफ राजनीतिक संबंध लगाता आगे भी बढ़ रहे हैं। यूएस और चीन के बीच व्यापार



वार्ता स्पेन में हो रही है। इस बातचीत का नेतृत्व अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट और ट्रेड रिप्रजेंटेटिव जेमिसन ग्रीयर कर रहे हैं। वहीं, इस वार्ता में चीन की और से डिप्टी पीएम लिफेंग शामिल हुए हैं।

एचटी की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति ने न्यूजर्सी में पत्रकारों से मुखातिब होते हुए टिकटॉक के मुद्दे पर चर्चा की। राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि टिकटॉक खत्म हो जाएगा या इसकी डेडलाइन आगे बढ़ाई जाएगी इसको लेकर कुछ कहा नहीं जा सकता है। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि टिकटॉक अमेरिका में चलेगा या नहीं, यह पूरी तरीके से चीन पर ही निर्भर करता है। हालांकि, ट्रंप ने कहा टिकटॉक बच्चों को काफी पसंद आता है।

गौरतलब है कि अगस्त के महीने में डोनाल्ड ट्रंप ने कहा था कि अमेरिका की कंपनियां टिकटॉक को खरीदने के लिए तैयार हैं। डोनाल्ड ट्रंप ने कहा था कि वह टिकटॉक को बचाना चाहते हैं। लेकिन नियमों के अनुसार किसी भी अमेरिकी खरीदार को टिकटॉक खरीदने के लिए इजाजत लेनी होगी। यही वजह है कि यह प्रक्रिया काफी धीरे चल रही है।

# शासन की प्रक्रिया में पहली बार युवाओं को मिल रही भागीदारी : रेखा गुप्ता

नयी दिल्ली,(वार्ता)

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि पहली बार शासन की प्रक्रिया में युवाओं को सीधी भागीदारी दी जा रही है। श्रीमती गुप्ता ने विकसित भारत सीएम इंटर्नशिप प्रोग्राम का शुभारंभ करने के बाद सोमवार को कहा कि इंटर्नशिप प्रोग्राम के लिए ग्रेजुएशन और पोस्ट–ग्रेजुएशन कर रहे नौ हज़ार छात्रों ने आवेदन किया जिसमें से 87 युवाओं को दिल्ली सरकार के साथ काम करने के लिए चुना गया है। उन्होंने कहा कि आज से तीन नहीं तक दिल्ली सरकार के साथ ये छात्र इंटर्नशिप करेंगे। उन्होंने कहा मुझे ख़ुशी है कि पहली बार दिल्ली सरकार ने इस प्रकार की पहल की है जिसमें ये युवा दिल्ली सरकार को नई सोच और नई तकनीक के साथ जोड़ेंगे।



इस प्रकार की पहले सरकारों ने इंटर्नशिप कार्यक्रम किए भी तो उसमें केवल अपना राजनीतिक एजेंडा को आगे रखा और अपने लोगों को लाभ पहुंचाया गया था लेकिन इस बार पारदर्शी तरीके से भर्ती की गई है जिसमें युवा सरकार के साथ जुड़कर विकसित दिल्ली बनायेंगे। उन्होंने कहा कि यह पहली बार है जब शासन की प्रक्रिया में युवा माइंड्स को इतनी सीधी भागीदारी दी जा रही है। विकसित भारत सीएम इंटर्नशिप प्रोग्राम भविष्य के नीति–निर्माताओं को तैयार करने और लोकतंत्र को और जीवंत बनाने की दिशा में ऐतिहासिक पहल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह योजना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पीएम इंटर्नशिप योजना से प्रेरित है और शासन व्यवस्था में युवा सोच को शामिल करने की नवीन पहल है। तीन दिन की ट्रेनिंग के बाद चयनित युवाओं को दिल्ली सरकार के विभिन्न विभागों में तीन महीने की पेड इंटर्नशिप मिलेगी। यहाँ अधिकारियों के साथ काम करते हुए प्रशासनिक प्रक्रियाओं को समझेंगे और अपने सुझाव भी दे सकेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में हमारी सरकार युवाओं को सशक्त बनाने और उन्हें राष्ट्रनिर्माण की भावना से जोड़ने के लिए समर्पित है।

## दक्षिण कोरिया ने अफ्रीकी स्वाइन फीवर सामने आने के बाद क्वारंटीन अलर्ट जारी

**सोल,(वार्ता)।** दक्षिण कोरिया ने अफ्रीकी स्वाइन फीवर के मामले सामने आने के बाद क्वारंटीन अलर्ट जारी कर दिया है। गृह मंत्रालय ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। गृह और सुरक्षा मंत्रालय के मुताबिक एएसएफ का मामला रविवार रात ग्योंगगी प्रांत के योनचियोन काउंटी में एक सुअर फार्म में सामने आया। इससे पहले जुलाई में भी एक मामला सामने आया था। क्वारंटीन अधिकारियों ने देश भर में रेड अलर्ट जारी कर दिया है और योनचियोन और आसपास के क्षेत्रों में सुअर फार्मों और संबंधित सुविधाओं की गतिविधियों पर 48 घंटे की रोक लगायी है, जो मंगलवार को स्थानीय समयानुसार रात आठ बजे तक रहेगी। अधिकारियों ने प्रभावित सूअरों को मार कर दफनाने और योनचियोन सूअर फार्म के आसपास कीटाणुशोधन और उस तक पहुंच को नियंत्रित करने के लिए एक क्वारंटीन टीम भेजी है।

# बिहार में किसानों की जमीन लुटवा रही है भाजपा सरकार : कांग्रेस

नयी दिल्ली, (वार्ता)

कांग्रेस कहा है कि मोदी सरकार अपने नजदीकी उद्योगपति पर बिहार में भी मेहरबान हो रही है और वहां ऊर्जा संयंत्र की स्थापना के लिए किसानों की जमीन लूटकर गौतम अडानी को दी जा रही है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने सोमवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि बिहार में भागलपुर के पीरपैंती में किसानों की जमीन की लूट मची है और वहां स्थापित होने वाले ऊर्जा संयंत्र के लिए बहुत कम दरों पर किसानों की जमीन खरीदी जा रही है। उनका यह भी आरोप था कि वहां किसानों से डरा धमकाकर कम दाम पर जमीन खरीदी जा रही है।

श्री खेड़ा ने कहा, 10 लाख पेड़, 1,050 एकड़ जमीन राष्ट्र सेठ गौतम अडानी को पावर प्लांट लगाने के लिए एक रुपए प्रतिवर्ष पर 33 साल के लिए दे दी गई। जब आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिहार जा रहे हैं, तब वहां के ग्रामीणों को नजरबंद कर दिया गया, ताकि वे धरना न दे सकें। श्री बिहार से जाते–जाते अपने दोस्त अडानी को 1,050 एकड़ जमीन देने जा रहे हैं। ये 2,400 मेगावॉट का प्रोजेक्ट है, जिसका बजट 21,400 करोड़ रुपए है। इसकी घोषणा बजट में भी हुई थी। हालांकि उस वक्त सरकार ने कहा था कि वो खुद ये प्लांट लगाएगी लेकिन बाद में सरकार ने हाथ खड़े कर दिए और ये प्रोजेक्ट गौतम अडानी को दे दिया गया। भाजपा की स्थिति बिहार में बहुत खराब है। उन्हें डर है कि अगले चुनाव में जीत नहीं होगी इसलिए सुनिश्चित हार को देखते हुए चुनाव से पहले अपने मित्र का ऊर्जा संयंत्र स्थापित करवा रहे हैं। उनका कहना था कि महाराष्ट्र में जब चुनाव हुए तो उससे पहले पावर प्लांट का प्रोजेक्ट और धारावी गौतम अडानी को दे दिया था। इसी तरह, झारखंड और छत्तीसगढ़ में भी चुनाव से पहले गौतम अडानी को प्रोजेक्ट दिए गए। ये बहुत लंबी लिस्ट है और जब भाजपा को लगता है कि वह चुनाव हार जाएंगी इसलिए अडानी को पहले ही सौगात दे जाती है। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा, भाजपा पहले एक पेड़, मां के नाम जैसा अभियान चलाती है और फिर उसी जमीन को– जिसे किसान मां के समान मानता है– उसकी कीमत एक रुपए लगाती है। किसानों को धमकाकर, जबरदस्ती पेंसिल से दस्तखत कराए गए और उनकी जमीन ली गई। बिहार की जमीन पर, बिहार के पैसे से बना हुआ प्लांट, बिहार के कोयले से बनी हुई बिजली– बिहार के लोगों को छह रुपए प्रति यूनिट में बेची जाएगी। फिर इसी प्लांट से निकली बिजली बिहार के लोगों को 6.75 रुपए यूनिट की दर से बेची जाएगी।

## बेलारूस पड़ोसी देशों को बिन मांगी सहायता नहीं देना चाहता: लुकाशेंको

**मिन्स्क, (वार्ता)।** बेलारूस के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर लुकाशेंको ने सोमवार को कहा कि बेलारूस अपने पड़ोसियों के साथ सहयोग करने के लिए तैयार है। श्री लुकाशेंको ने कहा कि उसके पास अपने पड़ोसियों की बिना मांगे सहायता करने की कोई योजना नहीं है। श्री लुकाशेंको ने रूस की रज़्वेदचिक समाचार पत्रिका को दिए एक साक्षात्कार में कहा, बेलारूस बिना आमंत्रण के अपने पड़ोसियों की सीमाएं पार करने की कोई योजना नहीं बना रहा है। उन्होंने आगे कहा कि बेलारूस उन सभी के साथ मित्रता और सहयोग करने के लिए तैयार है जो ईमानदारी से ऐसा चाहते हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि बेलारूस के प्रति पश्चिम की अमित्र नीति आक्रामक होती जा रही है, लेकिन अभी तक उसे कोई विशेष जोखिम या प्रत्यक्ष सैन्य खतरा नहीं दिख रहा है।

**फिल्म/टीवी मनोरंजन**

# रियलिटी शो राइज़ एंड फॉल के साथे नये सफर की शुरुआत कर रही है कुब्रा सैत




कुब्रा सैत,रियलिटी शो राइज़ एंड फॉल के साथ अपने नये सफर की शुरुआत कर रही हैं। बोल्ड चॉइसेज़ और बेबाक अंदाज़ के लिए जानी जाने वाली कुब्रा सैत, जिन्होंने थिएट्रिकल और डिजिटल दोनों प्लेटफॉर्म्स पर अपनी प्रतिभा साबित की है, अब अपने पहले रियलिटी शो राइज़ एंड फॉल के साथ। बिल्कुल नए सफर की शुरुआत कर रही हैं। अपनी अनफ़िल्टर्ड पर्सनैलिटी और वर्सटिलिटी के लिए मशहूर कुब्रा सैत अब ऐसे मंच पर खुद को आज़मा रही हैं जहाँ अनप्रिडिक्टेबिलिटी ही असली नियम है। कुब्रा ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया जिसमें उन्होंने इस सफर के मायने बताए। अपनी ईमानदारी और गहराई से भरे अंदाज़ में उन्होंने कहा,मुझे अनजाने को खोजने का शौक है और यह मेरे लिए सबसे बेहतरीन अनुभव होने वाला है। मेरी ज़िंदगी के अनुभवों के हिसाब से, मैं कभी शासक बन सकती हूँ तो कभी मेहनतकश इंसान। मैं एक भरोसेमंद, ज़िम्मेदार इंसान हूँ। चाहे मैं बेसमेंट में रहूँ, मैं वफ़ादार रहूँगी। और हम ज़रूर उठेंगे। कुब्रा सैत का यह बयान बिल्कुल वही दर्शाता है जिसकी उम्मीद उनके फैंस उनसे करते हैं–हिम्मत, यक़ीन और अटूट जज़्बा। यह राइज़ एंड फॉल के फॉर्मेट को भी बखूबी दर्शाता है, जहाँ कंटेस्टेंट्स को ऊँचाइयों और गहराइयों से गुज़रते हुए, लॉयल्टी, स्ट्रैटेजी और एडैप्टेबिलिटी की असली परीक्षा देनी पड़ती है। कुब्रा के लिए, जो हमेशा खुद को नए रूप में ढालने के लिए जानी जाती हैं, यह मौका है स्क्रिप्ट्स और किरदारों को पीछे छोड़कर खुद को असली और अनफ़िल्टर्ड रूप में पेश करने का। उनके शब्द यह जताते हैं कि वह केवल सर्वाइव ही नहीं करना चाहतीं, बल्कि मुश्किलों के बावजूद मजबूती से खड़ी होकर जीतना चाहती हैं।

# इत्ती सी खुशी में अन्विता का किरदार सबसे कठिन परीक्षाओं से गुजरेगा : सुम्बुल

सुम्बुल तौकीर खान का कहना है कि सोनी सब के शो इत्ती सी ख़ुशी में उनका निभाया अन्विता का किरदार आगामी एपिसोड में सबसे कठिन परीक्षाओं से गुजरने वाला है। सोनी सब का हाल ही में शुरू हुआ शो इत्ती सी ख़ुशी अपनी दिल को छू लेने वाली कहानी और जिंदगी से जुड़ी सच्चाइयों को दिखाने वाले ड्रामे के दम पर दर्शकों का दिल जीत रहा है। यह शो अन्विता (सुम्बुल तौकीर खान) की कहानी है,जो एक युवा लड़की है जिसन बस एक ही सपना देखा है कि उसका परिवार सुरक्षित और एकजुट रहे। अपनी उम्र के अन्य लोगों की तरह बड़े सपने देखने के बजाय, अन्विता छोटे–छोटे काम करके घर का खर्च चलाती है और अपने पाँच छोटे भाई–बहनों की जिम्मेदारी निभाती है,पूरे मन से, पूरे प्यार से ।उसकी सबसे बड़ी चुनौती है उसके पिता सुहास (वरुण बडोला), जो शराबी हैं और जिनकी वजह से पूरा परिवार बेसहारा जैसी जिंदगी जीने को मजबूर है। हाल ही के एपिसोड्स में, सुहास का बर्ताव अचानक बदल जाता है। उसे लगता है कि उसके पास बस कुछ दिन बचे हैं। वह एक आदर्श पिता बनने का नाटक करता है, बच्चों का दिल जीत लेता है, लेकिन अन्विता को उस पर दोबारा भरोसा करने में हिचक होती है। इसी बीच, विराट (रजत वर्मा) दिल से किए गए प्रयासों से अन्विता का दिल फिर जीत लेता है, जबकि संजय (ऋषि सक्सेना) अपनी जांच–पड़ताल में विराट के राज के बहुत करीब पहुंच जाता है आने वाले एपिसोड्स में, जब सुहास फिर से शराब की लत में लौट आते हैं और चीकू की पीटीएम में जाने से इनकार कर देते हैं, तो अन्विता और सिद्धू अकेले ही पीटीएम में जाते हैं। ठीक तभी, जब लगता है कि चीकू को स्कूल से निकाल दिया जाएगा, विराट अचानक वहां आकर खुद को अन्विता का मंगेतर घोषित कर देता है, जिससे अन्विता स्तब्ध रह जाती है।





## शाहिद कपूर की फिल्म ओ रोमियो का फर्स्ट लुक रिलीज

अभिनेता शाहिद कपूर की आने वाली फिल्म ओ रोमियो का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। शाहिद कपूर जल्द ही निर्देशक विशाल भारद्वाज की आने वाली फिल्म ओ रोमियो में नजर आएंगे। इस फिल्म का निर्माण साजिद नाडियाडवाला कर रहे हैं। फिल्म ओ रोमियो का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। शाहिद कपूर ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर फिल्म ओ रोमियो का फर्स्ट लुक शेयर किया है। शाहिद कपूर ने इंस्टाग्राम पर फिल्म ओ रोमियो का पोस्टर साझा किया। पोस्टर में शाहिद हैट पहने हुए हैं और अपना चेहरा छिपाते नजर आ रहे हैं। फिल्म ओ रोमियो 14 फरवरी, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म में शाहिद कपूर ,तृप्ति डिमरी और नाना पाटेकर की अहम भूमिका होगी। यह फिल्म शाहिद और निर्देशक विशाल भारद्वाज की चौथी साझेदारी है, जिन्होंने पहले कमीने, हैदर और रंगून जैसी फिल्में बनाई हैं।

## द हाउस ऑफ़ लैक्मे ने अनीत पड्डा को ब्रांड का नया चेहरा बनाया

भारत के पहले और सबसे बड़े मेकअप ब्रांड, द हाउस ऑफ़ लैक्मे ने आज अनीत पड्डा को अपने नए चेहरे के रूप में स्वागत किया। दशकों से लैक्मे भारतीय सौंदर्य संस्कृति को आकार देने में सबसे आगे रहा है। यह सिर्फ आइकॉन को सेलिब्रेट नहीं करता बल्कि उन्हें बनाता भी है।

इस अवसर पर अनीत पड्डा ने अपनी खुशी जताते हुए कहा- मेरे लिए मेकअप कभी छिपाने के बारे में नहीं रहा, यह हमेशा आपके असली रूप को दिखाने के बारे में है। मुझे वह मेकअप पसंद है जो सहज हो लेकिन फिर भी एक स्टेटमेंट दे। लैक्मे का दर्शन इसी संतुलन को दर्शाता है। मैं इस ब्रांड के साथ साझेदारी कर बेहद उत्साहित हूँ, जो क्रिएटिविटी को प्रेरित करता है और औरतों को आत्मविश्वास से प्रयोग और अभिव्यक्ति करने के लिए प्रोत्साहित करता है।



# माई की महापंचायत ने विभिन्न समस्याओं के लेकर सौंपा ज्ञापन

## शहर दुर्गा उत्सव समिति के सभी समितियां हुई एकजुट



गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।

शहर की समस्त दुर्गा उत्सव समिति को होने वाली विभिन्न समस्याओं के समाधान हेतु एक मंच पर लाने के प्रयास के साथ माई की महापंचायत नामक मंच का विगत दिवस गठन किया गया। जिसके माध्यम से दुर्गा उत्सव समिति की विभिन्न समस्याओं का समाधान नवरात्रि के पहले करने हेतु अनुविभागीय राजस्व अधिकारी, अनुविभागीय पुलिस अधिकारी, नगर पालिका अध्यक्ष, कनिष्क अभियंता,विद्युत विभाग को विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा जिसमें उल्लेख किया कि दुर्गा उत्सव समिति पंडाल के पास रास्तों में जहां अंधेरा हो वह लाइट की व्यवस्था की जाए, नवरात्रि के पर्व से लेकर दशहरा तक शहर के विभिन्न स्थानों पर लगने वाले मांस,मटन और अंडे की दुकान बंद कराई जाए, पंडालों के आसपास सुबह शाम साफ सफाई की विशेष व्यवस्था की जाए, पंचमी से लेकर अष्टमी तक ग्रामीण श्रद्धालुओं की संख्या अधिक होती है उसे ध्यान में रखते हुए पार्किंग स्थल बनाए जाए जहां पर्याप्त लाइट की व्यवस्था भी की जाए, विसर्जन वाले रास्तों की विद्युत लाइन ऊंची करने का तत्काल कार्य किया जाए, नवरात्रि में अनावश्यक लाइट कटौती न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए, अति संवेदनशील स्थानों पर पुलिस की विशेष व्यवस्था की जाए, पुंगी बजाने वाले और हुड़दंग करने वाले असामाजिक तत्वों पर उचित कार्यवाही की जाए, पुलिस प्रशासन द्वारा लगाने वाले बैरिकेट्स को दुर्गा उत्सव समिति से सामंजस्य बनाकर ही बैरिकेट्स स्थापित किए जाए, पुलिस प्रशासन द्वारा विशेष पुलिस अधिकारी के बैच समिति पंडालों को दिए जाए ताकि व्यवस्था बनाने में दुर्गा उत्सव समिति के सदस्य भी प्रशासन का सहयोग कर सके, साथ ही पुलिस प्रशासन एक हेल्पलाइन जारी करे ताकि दुर्गा उत्सव समिति के आसपास होने वाली सुरक्षा समस्या के लिए पुलिस प्रशासन को तत्काल सूचित किया जा सके, पंचमी से लेकर अष्टमी तक श्रद्धालुओं की संख्या अधिक होती है उसे ध्यान में रखते हुए सीसीटीवी और डोन कैमरा से निगरानी रखी जाए। जिससे अवांछित उपद्रवी पर भी लगाम लगाई जा सके, पुलिस प्रशासन द्वारा पंचमी से लेकर अष्टमी तक टू व्हीलर और फॉर व्हीलर वाहनों के प्रतिबंधित की सूचना पूर्व से ही जारी की जाए ताकि बड़े बुजुर्ग श्रद्धालु बैठकी से लेकर चौथ के दिन तक वाहनों से दर्शन कर सके।

समिति की समस्याओं की गंभीरता को देखते हुए तत्काल समस्याओं का निराकरण करने निवेदन माई की महापंचायत किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या समिति के पदाधिकारी सहित अनेक सदस्य एवं गणमान्य नागरिक मौजूद थे।



# कृष्णा चौधरी बनीं मिस स्टार फेस ऑफ इंडिया, शहरवासियों में हर्ष

**गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।** नगर की बेटी कृष्णा चौधरी ने एक बार फिर गाडरवारा का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। 2022 में मिस मालवा और 2023 में मिस एमपी का खिताब जीतने के बाद कृष्णा ने अब मिस स्टार फेस ऑफ इंडिया 2025 का खिताब अपने नाम कर लिया है। यह इंटरनेशनल शो 14 सितंबर 2025 को मध्यप्रदेश के ऐतिहासिक नगर मांडव (इंदौर) में भव्य आयोजन के रूप में सम्पन्न हुआ। इस प्रतियोगिता का आयोजन प्रखर शर्मा द्वारा किया गया। जूरी में मुंबई के प्रसिद्ध कोरियोग्राफर जगदीश पुरोहित और मिस्टर वर्ल्ड 2016 के विजेता रोहित खंडेलवाल जैसे दिग्गज शामिल थे। जूरी ने सभी प्रतिभागियों के बीच से कृष्णा चौधरी को उनके आत्मविश्वास, व्यक्तित्व और मंच पर शानदार प्रस्तुति के लिए विजेता चुना।कृष्णा चौधरी गाडरवारा नगर के प्रतिष्ठित कपड़ा व्यापारी सुजीत चौधरी (वृंदावन धाम) की सुपुत्री हैं। उनकी इस उपलब्धि से न केवल परिवार बल्कि पूरा नगर गौरवान्वित महसूस कर रहा है। कृष्णा की यह उपलब्धियां यह साबित करती हैं कि छोटे शहरों की बेटियां भी बड़े सपनों को साकार कर सकती हैं।कृष्णा चौधरी के मिस स्टार फेस ऑफ इंडिया बनने की खबर फैलते बधाइयों का तांता लग गया है।

# कलचुरी कलार समाज की अनुकरणीय पहल, एक पौधा अपने पितरों के नाम



**गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।** पितृपक्ष का पावन माह चल रहा है। जिसमें पितरों की आत्मशांति के लिए अनेक कार्य किए जाते है। उन्हीं कार्यों में से शहर की कलचुरी कलार समाज ने एक अनुकरणी पहल की शुरुआत कि जिसके तहत सामाजिक बंधुओं ने अपने पितरों की याद में स्थानीय नई गल्ला मंडी स्थित श्री हनुमान मंदिर में 29 छायाकार, फलदार एवं पुष्पदार पौधों का रोपण किया। जिसमें सर्वप्रथम रामलला, हनुमान जी एवं सहस्त्रबाहु भगवान के साथ साथ समस्त पौधे की भी पूजा अर्चना की। एवं दो मिनिट का मौन धारण कर अपने पितरों की दिव्य आत्मा के लिए श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके उपरांत वाटिका में पौधों का रोपण किया गया।

**ये रहे उपस्थित**

इस अवसर पर अध्यक्ष मनीष जायसवाल,राजेन्द्र राय कोयला वाले,एस एस राय, मधुसूदन जायसवाल,राधारमन राय,रूपेश राय,रंजीत राय,मोहन राय,राजेंद्र राय आइल वाले,दयाल चंद्र राय, बंटी चौकसे,वीरेंद्र राय,गिरधारी लाल राय,आशीष राय,प्रभु दयाल राय,आशीष जायसवाल,कैलाश राय,अरविंद चौकसे,प्रभु दयाल राय,श्री राय,एस एस राय,राकेश जायसवाल,हंसू राय,यश राय, शिवम् चौकसे,शिवम् राय सहित इत्यादि सामाजिक बंधुओं की उपस्थिति रही।

# सांदीपनि उत्कृष्ट विद्यालय में उमंग दिवस का आयोजन





**करेली।** सांदीपनि शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में उमंग दिवस का आयोजन माँ सरस्वती की पूजा-अर्चन के साथ किया गया। आयोजन में मंचासीन अतिथियों में वक्ता के रूप में डॉ. यू.सी.विश्वकर्मा सेवानिवृत्त प्राचार्य महात्मा गांधी महाविद्यालय करेली, कॉलेज के प्रोफेसर डॉ. संजीव चौबे, तिलक सिंह राजपूत, शिवाजी यूथ क्लब के संचालक महेन्द्र सिंह कौरव एवं संस्था के प्राचार्य मोहन विश्वकर्मा शामिल हुये। डॉ विश्वकर्मा द्वारा विधार्थियों को मेंटनेंस, डॉ. चौबे द्वारा हेल्थ एवं वेलनेस, तिलक सिंह राजपूत द्वारा विधार्थियों को अपना भविष्य सवारेने हेतु टिप्स एवं महेन्द्र कौरव ने खेल से जुडे रहने हेतु प्रेरणा दी। इस अवसर पर उमंग दिवस की नोडल शिक्षिका प्रीति दीक्षित के मार्गदर्शन में विधार्थियों ने चित्रकला, वाद-विवाद, क्विज एवं अन्य गतिविधियॉ प्रस्तुत की। सभी गतिविधियों में मंचासीन अतिथियों के द्वारा विधार्थियों को पुरूस्कृत किया गया।

कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन प्राचार्य मोहन विश्वकर्मा एवं कार्यक्रम का संचानलन राजेन्द्र शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में योगेश सोनी, विभा शर्मा, नीलोफर अंजुम, माधुरी चौबे, रश्मि चैरसिया, अरविंद यादव एवं सुमित्रा मेहरा की सहभागिता रही। संस्था के आउटसोर्स कर्मचारी राहुल रजक, मोहन रजक, गायत्री रैकवार एवं प्रियंका मेहरा का सहयोग सराहनीय रहा।

# लीनेस क्लब संस्कार की आधिकारिक यात्रा संपन्न



**नरसिंहपुर ।स्वतंत्रमत ।**ऑल इंडिया लीनेस क्लब्स सी आई 1 संपदा की डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट लीनेस अनीता कपूर एवं एरिया ऑफिसर लीनेस रोजी बग्गा की उपस्थिति में लीनेस क्लब संस्कार की आधिकारिक यात्रा संपन्न हुई। कार्यक्रम में एरिया 9 की ऑफिसर शोभा चाहिल एवं दमोह क्लब अध्यक्ष स्मृति खरे भी उपस्थित रही । कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के पूजन से हुई जिसमें सुषमा तिवारी ,अंजना दुबे एवं दुर्गा राय ने सरस्वती वंदना गाई । वत्सला त्रिवेदी ने ध्वज वंदना पढ़ी।

अध्यक्ष ज्योति तिवारी ने सभी का स्वागत किया एवं सशक्त महिला स्वावलंबी महिला थीम पर अपने क्लब की विशेषताएं बताई कि क्लब का हर सदस्य समाज में विशेष योगदान दे रहा है । मनीषा पुरोहित ने क्लब के द्वारा वर्ष भर किए गए कार्यों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया एवं स्क्रैपबुक का विमोचन करवाया। ज्योति पचौरी ने वार्षिक आय व्यय का वयौरा प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन लीनेस रचना त्रिवेदी ने किया ।संध्या कोठारी ने बच्चों की मानसिक स्वास्थ्य पर कार्य करने पर जोर दिया।

डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट ने क्लब द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की एवं प्रसन्नता जताई ।कार्यक्रम में मालती त्रिवेदी, बलजीत कौर , सुमन शर्मा,गीता मिश्रा,रमा दुबे ,कुसुम राजपूत नंदिता चौबे, सुषमा मिश्रा, मनीषा टंडन ,शालू भाटिया ममता गुप्ता एवं गाडरवारा क्लब से उपस्थित अध्यक्ष सुषमा जैन सचिव शिखा नीखरा,निर्मला पटेल एवं संगीता सोनी की उपस्थिति भी प्रमुख रही ।आभार प्रदर्शन मनीषा पुरोहित ने किया ।

# कलेक्टर ने मिशन कर्मयोगी पर सीखें सप्ताह की समीक्षा

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने मिशन कर्मयोगी द्बतह्ङ्ग पर सीखें सप्ताह, टीएल पत्रों, सीएम हेल्पलाइन सहित विभिन्न विषयों की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री दलीप कुमार, अपर कलेक्टर श्रीमती अंजली शाह, एसडीएम और विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी मौजूद थे। बैठक में बताया गया कि भारत सरकार के



मिशन कर्मयोगी कार्यक्रम के तहत शासकीय अधिकारियों व कर्मचारियों के कार्यों का क्षमतावर्धन कर उनके द्वारा प्रदत्त सेवाओं का स्तर उच्च करना है। समस्त अधिकारी/ कर्मचारियों के क्षमता निर्माण के उद्देश्य से मिशन कर्मयोगी अंतर्गत भारत सरकार द्वारा निर्मित द्बतह्ङ्ग पोर्टल का उपयोग किया जाना है। कलेक्टर ने मिशन कर्मयोगी के अंतर्गत आयोजित होने वाले प्रशिक्षण की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों की समीक्षा की और सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का निराकरण संतुष्टि पूर्वक दर्ज करने को कहा।

# रोड पर बनी पुलिया के कारण परेशानी

**नरसिंहपुर ।स्वतंत्रमत।** छिंदवाड़ा रोड पर बनी पुलिया के कारण वाहन चालकों को बेहद परेशानी हो रही है और छुटपुट दुर्घटना रोज ही हो रहीं हैं। इस संबंध में केशव जाट , सतीश जाट , बिनोद साहू, गोलू जाट , अरविंद जाट, अज्जू जाट , बिट्टू साहू आदि ने बताया कि छिंदवाड़ा रोड पर मनोहारी गार्डन के सामने बनी पुलिया पर रोड धसक गई है जिससे रोड नीचे और पुलिया ऊपर हो गई है जिसके चलते टैपर बन गया है। इसके कारण जब वाहन निकलते हैं तो उछाल जाते हैं। जिसमें सर्वाधिक परेशानी मोटर साइकिल वालों को हो रही है क्योंकि मोटरसाइकिल निकलने पर गाड़ी उछल जाती है और कई बार वाहन से लोग गिर जाते हैं खासकर पीछे बैठा व्यक्ति कई बार उछलकर नीचे आ जाता है। प्राय प्रतिदिन ऐसी घटनाएं हो रही हैं । यदि समय रहते इसको ठीक नही किया गया तो किसी दिन बड़ी दुर्घटना हो सकती है। उल्लेखनीय है यह बेहद व्यस्त मार्ग है और यहां से अनेक गांवों के लोगों के अलावा छिंदवाड़ा नागपुर के लिए दिन रात वाहन निकालते रहते हैं। अपेक्षा है कि इसको अति शीघ्र संबंधित विभाग ठीक कराए। वहीं लोगों का कहना है कि यदि ठीक नहीं कर गया तो इसे लेकर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

# विभागीय लेखा प्रशिक्षण परीक्षा 23 नवंबर को

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** विभागीय लेखा प्रशिक्षण परीक्षा 23 नवंबर 2025 को नियत की गई है। उक्त परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए परीक्षार्थियों के आवेदन पत्र सुपर मार्केट तीसरी मंजिल गंजीपुरा रोड जबलपुर स्थित प्राचार्य शासकीय लेखा प्रशिक्षण शाला जबलपुर में सम्पर्क कर प्राप्त किए जा सकते हैं। परीक्षा फार्म सुपर मार्केट तीसरी मंजिल गंजीपुरा रोड जबलपुर स्थित प्राचार्य शासकीय लेखा प्रशिक्षण शाला जबलपुर में 19 सितम्बर की शाम 6 बजे तक कार्यालयीन समय में जमा किए जावेंगे। यह जानकारी प्राचार्य शासकीय लेखा प्रशिक्षण शाला जबलपुर ने दी है।

# समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार एवं बाजरा उपार्जन के लिए किसान पंजीयन हेतु जिले में 57 पंजीयन केन्द्रों का निर्धारण

## 10 अक्टूबर तक किया जाएगा किसानों का पंजीयन

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** मप्र राज्य शासन के खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2025- 26 में समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार एवं बाजरा उपार्जन के लिए किसान पंजीयन प्रक्रिया का निर्धारण किया गया है। समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार एवं बाजरा उपार्जन के लिए किसान पंजीयन का कार्य 10 अक्टूबर 2025 तक किया जाएगा। खरीफ विपणन वर्ष 2025- 26 में उपार्जन के लिए ई-उपार्जन पोर्टल में प्रदर्शित पात्र सहकारी समितियों (विगत दो खरीफ एवं रबी उपार्जन वर्ष की खरीदी मात्र एवं स्वीकृ?त मात्रा में 0.50 प्रतिशत तक का अंतर) के पंजीयन कार्य के लिए सहायक आयुक्त सहकारिता एवं महाप्रबंधक जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक नरसिंहपुर से समितियों के संबंध में प्राप्त प्रस्ताव एवं अनुशंसा तथा पंजीयन केन्द्र के लिए शासन से प्राप्त लक्ष्य के अनुसार जिला उपार्जन समिति की अनुशंसा उपरांत कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने जिले में 57 पंजीयन केन्द्रों का निर्धारण किया है। जारी आदेश के अनुसार करेली तहसील के अंतर्गत समिति कार्यालय सहकारी विपणन संस्था मर्यादित करेली, समिति कार्यालय सेवा सहकारी संस्था करताज, समिति कार्यालय वृहत्ता सेवा सहकारी संस्था करेली, समिति कार्यालय आदिम जाति सेवा सहकारी संस्था कोदसा, समिति कार्यालय सेवा सहकारी संस्था सुआतला, समिति कार्यालय प्राथमिक सहकारी समिति मर्यादित रामपिपरिया, समिति कार्यालय प्राथमिक सहकारी समिति मर्यादित केरपानी- सरसला, समिति कार्यालय वृहत्ता सेवा सहकारी संस्था आमगांवबड़ा और समिति कार्यालय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित मुर्गाखेड़ा को पंजीयन केन्द्र बनाया गया है।

इसी तरह गाडरवारा तहसील के अंतर्गत समिति कार्यालय सहकारी विपणन संस्था मर्यादित खुलरी, समिति कार्यालय सहकारी विपणन संस्था मर्यादित गाडरवारा, समिति कार्यालय वृहत्ता सेवा सहकारी संस्था गाडरवाड़ा, समिति कार्यालय सेवा सहकारी संस्था महगवांखुर्द, समिति कार्यालय आदिम जाति सेवा सहकारी संस्था गोटीटोरिया, समिति कार्यालय सेवा सहकारी संस्था चीचली, समिति कार्यालय सेवा सहकारी संस्था सीरेगांव, समिति कार्यालय सेवा सहकारी संस्था बाबईकला, समिति कार्यालय सेवा सहकारी संस्था पचामा, समिति कार्यालय वृहत्ता सेवा सहकारी संस्था करपगांव, समिति कार्यालय वृहत्ता सेवा सहकारी संस्था बसुरिया, समिति कार्यालय सेवा सहकारी समिति खेरूआ, समिति कार्यालय प्राथमिक सहकारी समिति मर्यादित बोहानी, समिति कार्यालय प्राथमिक सहकारी समिति मर्यादित चिर्रिया, समिति कार्यालय प्राथमिक सहकारी समिति मर्यादित इमझिरी, समिति कार्यालय सेवा सहकारी संस्था कोड़िया, समिति कार्यालय सेवा सहकारी संस्था सिहोरा, समिति कार्यालय सेवा सहकारी समिति सहावन, समिति कार्यालय सेवा सहकारी समिति मर्यादित डुगरिया, समिति कार्यालय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति सूरना और समिति कार्यालय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित शाहपुर गाडरवारा को पंजीयन केन्द्र बनाया गया है।

गोटेगांव तहसील के अंतर्गत समिति कार्यालय सेवा सहकारी संस्था वेदू, समिति कार्यालय सेवा सहकारी संस्था सूरवारी, समिति कार्यालय आदिम जाति सेवा सहकारी संस्था श्रीनगर, समिति कार्यालय प्राथमिक सहकारी समिति मर्यादित इमलिया-कामती, समिति कार्यालय प्राथमिक सहकारी समिति मर्यादित बरहेटा, समिति कार्यालय प्राथमिक सहकारी समिति मर्यादित मेख, समिति कार्यालय सेवा सहकारी समिति मर्यादित सिमरीबड़ी, समिति कार्यालय सेवा सहकारी समिति मर्यादित उमरिया और समिति कार्यालय सेवा सहकारी समिति मर्यादित बढ़ैयाखेड़ा को पंजीयन केन्द्र बनाया गया है। तेंदूखेड़ा तहसील के अंतर्गत समिति कार्यालय वृहत्ता सेवा सहकारी संस्था तेंदूखेड़ा, समिति कार्यालय वृहत्ता सेवा सहकारी संस्था डोभी, समिति कार्यालय प्राथमिक सहकारी समिति मर्यादित बिलगुवा और समिति कार्यालय प्राथमिक सहकारी समिति मर्यादित बिलहेरा को पंजीयन केन्द्र बनाया गया है। नरसिंहपुर तहसील के अंतर्गत समिति कार्यालय वृहत्ता सेवा सहकारी संस्था नरसिंहपुर, समिति कार्यालय वृहत्ता सेवा सहकारी संस्था लोकीपार, समिति कार्यालय सेवा सहकारी संस्था सिंहपुर, समिति कार्यालय सेवा सहकारी संस्था धमना, समिति कार्यालय वृहत्ता सेवा सहकारी संस्था डांगीढाना, समिति कार्यालय सेवा सहकारी संस्था मुंगवानी-पाठापिपरिया, समिति कार्यालय प्राथमिक सहकारी समिति मर्यादित नयागांव और समिति कार्यालय सेवा सहकारी समिति बचई-करहैया को पंजीयन केन्द्र बनाया गया है।

सांईखेड़ा तहसील के अंतर्गत समिति कार्यालय सेवा सहकारी संस्था खुर्सीपार, समिति कार्यालय सेवा सहकारी संस्था आड़ेगांव, समिति कार्यालय सेवा सहकारी संस्था रमपुरा, समिति कार्यालय सेवा सहकारी संस्था बनवारी, समिति कार्यालय सेवा सहकारी संस्था तूमड़ा और समिति कार्यालय सेवा सहकारी संस्था सासबहू को पंजीयन केन्द्र बनाया गया है।

# छात्र हितैषी मांगों को लेकर एनएसयूआई हल्ला बोल प्रदर्शन






## तिलक कॉलेज में बड़ी संख्या में छात्रों ने भरी हुंकार, कई गिरफ्तार

कटनी (स्वतंत्रमत)।

कांग्रेस की छात्र इकाई एनएसयूआई द्वारा शासकीय तिलक कॉलेज को ऑटोनोमस किए जाने की माँग लंबे समय से उठाई जा रही है। अनेकों बार ज्ञापन, हस्ताक्षर अभियान के उपरांत एनएसयूआई के सैंकड़ों कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने छात्रों के साथ कॉलेज को ऑटोनोमस एवं अन्य सात सूत्रीय मांगों को लेकर जोरदार हल्ला बोल प्रदर्शन किया। प्रदेश सचिव एनएसयूआई अजय खटिक एवं छात्र नेता अभिषेक प्यासी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में छात्रों ने हुंकार भरी। जानकारी अनुसार छात्रों ने सात सूत्रीय मांगें क्रमशः शासकीय तिलक कॉलेज को ऑटोनॉमस किए जाने, कॉलेज में एलएलबी व बेएएलएलबी कोर्स प्रारम्भ करा, जाने, महिला छात्रावास की फीस में कटौती किए जाने, परीक्षा परिणामों में गड़बड़ी रोकने, शिक्षा बजट कटौती एवं छात्रवृत्ति रोक बंद करने, लंबे समय से बंद पड़ी बस को निशुल्क कर प्रारंभ करने, गर्ल्स कॉमन रूम को पुनः प्रारंभ करने की माँग को लेकर प्रदर्शन हुआ। बिगड़ती स्थिति देख पुलिस प्रशासन ने प्रदर्शनकारियों पर वाटर चार्ज किया एवं बलप्रयोग कर प्रदर्शनकारी छात्र नेताओं को गिरफ्तार किया गया। प्राचार्य द्वारा मांगों पर जल्द त्वरित कार्यवाही करने का भी आश्वासन दिया व बताया की ऑटोनोमस की माँग पर कार्यवाही चल रही है। प्रदर्शन के दौरान मुख्य रूप से ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कमल पांडेय, आईटी सेल प्रदेश महासचिव द्वय सूर्यकांत कुशवाहा, शशांक गुप्ता, सचिन गर्ग, ऋषि सिन्हा, प्रिंस वंशकार, कृष्णा दुवे, प्रज्ज्वल साहू, सौरभ पांडे, सत्यम दवेदी, अतुल पटेल, अनुराग पटेल, बिट्टन तिवारी, करन वर्मा, राजन साहू, प्रवीण सिंह, निखिल उपाध्याय, अंकित रजक सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**फोटो : विकास गुप्ता**



## एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन एवं एकीकृत कृषि प्रणाली का विद्यार्थियों को दिया तकनीकी प्रशिक्षण

कटनी (स्वतंत्रमत)।

जैविक खेती को गति प्रदान करने के लिए मध्य प्रदेश शासन द्वारा निरंतर प्रयास किया जा रहा है इसी क्रम में शासकीय महाविद्यालय विजयराघवगढ़ में व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत शिक्षा के साथ स्वरोजगार स्थापित करने के लिए स्नातक स्तर के विद्यार्थियों को प्रचार्या डॉक्टर सुषमा श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण समन्वयक डॉक्टर अरुण कुमार सिंह एवं डॉ सुमन पुरवार के सहयोग से जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे द्वारा जैविक खेती का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन के अंतर्गत मिट्टी के भौतिक रासायनिक और जैविक गुणों की जानकारी दी गई। सूक्ष्म जैविकीय गतिविधियों से मिट्टी को पोषक तत्व प्राप्त होते हैं। पोषक तत्व प्रबंधन के घटक के अंतर्गत जैव उर्वरक जीवाणु खाद नील हरित काई अजोला से पोषक तत्वों की उपलब्धता जैविक नाइट्रोजन स्थिरीकरण घुलनशील फास्फोरस आदि पौधों में वृद्धि एवं विकास में सहायक होते हैं बायोडायनेमिक खेती विभिन्न जैविक खाद केंचुआ खाद एवं नारियल के रेशे से निर्मित कोकोपिट खाद पंचगव्य तथा पोषक तत्व प्राप्त करने के लिए सूक्ष्मजीव मृत जीवों पशुओं के अवशिष्ट एवं पौधों के अवशेष को विकसित करते हैं और उसका पुनः चक्रण कर पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कृषि को लाभ का धंधा बनाने के लिए एकीकृत कृषि प्रणाली को बढ़ावा देने हेतु कृषि के साथ जैविक खेती फसल उत्पादन पशुपालन सब्जी उत्पादन मछली पालन मुर्गी पालन फूलों की खेती रेशम पालन एवं कृषि वानिकी आदि से आय बढ़ाने का तकनीकी प्रशिक्षण दिया।

# नवपदस्थ कलेक्टर ने कलेक्ट्रेट कार्यालय का किया निरीक्षण



कटनी (स्वतंत्रमत)।

नवागत कलेक्टर आशीष तिवारी ने पदभार ग्रहण करने के बाद कलेक्ट्रेट कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ शिशिर गेमावत, अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्र, संयुक्त कलेक्टर जितेन्द्र पटेल और डिप्टी कलेक्टर द्वय प्रदीप कुमार मिश्रा व विंकी सिंहमारे उइके, ई-गवर्नेंस जिला प्रबंधक सौरभ नामदेव, जिला प्रबंधक लोकसेवा दिनेश विश्वकर्मा सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। नवपदस्थ कलेक्टर ने नजूल, शिक्षा, कृषि, महिला एवं बाल विकास, लोकसेवा, आदिम जाति कल्याण, श्रम, खाद्य, उद्यानिकी, सामान्य शाखा, सामाजिक न्याय, जिला कोषालय, भू-अभिलेख, रिकार्ड रुपए, अधीक्षक कक्ष, जिला खनिज प्रतिष्ठान कक्ष, सहकारिता और एनआईसी, ई-दक्ष, जिला स्तरीय कंट्रोल रूम, जिला योजना, जिला रोजगार कार्यालय, कलेक्टर एवं एडीएम कोर्ट आदि का भ्रमण कर निरीक्षण किया। कलेक्टर ने कक्षों में भ्रमण के दौरान मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों से औपचारिक परिचय भी प्राप्त किया।

# जालपा मड़िया में आयोजित की गई महत्वपूर्ण बैठक

कटनी (स्वतंत्रमत)।

बारडोली के ऐतिहासिक दशहरा चल समारोह को पुराने स्वरूप में वापस लाने और शहर की गौरवशाली परम्परा के अनुरूप नवरात्रि पर्व मनाने को लेकर कटनी दशहरा महोत्सव समिति द्वारा लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। इसी को लेकर रविवार को जालपा मड़िया में समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिसमें शहर की समस्त दुर्गा उत्सव समितियों के साथ ही गोलबाजार रामलीला कमेटी और घंटाघर रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों एवं सदस्यों की उपस्थिति रही। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है कि नवरात्रि और दशहरा पर्व को संस्कृति, परम्परा एवं धार्मिक आस्था के अनुरूप हर्ष और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। सभी दुर्गा उत्सव समितियां आपसी सहयोग से पर्वों को उत्साह के साथ मनाएंगी। बैठक में प्रमुख पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने अपने विचार रखते हुए कहा कि दशहरा पर्व को परम्परानुसार मनाया जाएगा। पर्व के दौरान जिला प्रशासन, पुलिस, नगर निगम और विद्युत विभाग द्वारा आवश्यक व्यवस्थाएं की जाएंगी। इसको लेकर दो दिन पहले आयोजित बैठक में दशहरा महोत्सव समिति ने अपनी मांगों से प्रशासन को अवगत करा दिया है। बैठक में शहर की दुर्गा समितियों के पदाधिकारियों सहित गोल बाजार रामलीला कमेटी एवं घंटाघर रामलीला कमेटी के पदाधिकारी शामिल रहे।



कटनी दशहरा महोत्सव समिति के द्वारा सुझाव गए बिंदुओं पर प्रशासन और पुलिस की ओर से भी इन व्यवस्थाओं को करने का आश्वासन दिया गया है।

सभी समिति पदाधिकारियो ने इस बात का भरोसा दिलाया कि वे प्रशासन की गाइड लाइन का पालन करते हुए धार्मिक परम्पराओं के अनुसार नवरात्रि पर्व पर माता की स्थापना करेंगे और चल समारोह में दुर्गा प्रतिमाओं को शामिल करते हुए श्रद्धा भक्ति के साथ प्रतिमाओं का विसर्जन करेंगे। बैठक में घंटाघर रामलीला कमेटी के अध्यक्ष आशीष गुप्ता, गोल बाजार रामलीला कमेटी से रवि खरे, रौनक खंडेलवाल, प्रदीप महाराज, अमर ताम्रकार, ललित सोनी, मंटू संदीप गुप्ता, विकास कनौजिया, हितेंद्र स्वर्णकार, आशीष ताम्रकार, महेश निषाद, आशीष कछवाहा, अमित गुप्ता, अभिनव चौरसिया, गोपी कंदेले, दीपक केसरवानी, अनिल ताम्रकार, कपिल रजक, सुशील बरसैयां, लकी सेन, आकाश ताम्रकार, हरिओम शिवहरे, संदीप साहू, कान्हा सोनी, शिवम साहू, कन्हैया रैकवार, निशांत, गोपी साहू, मुकेश साहू, दीपक गुमास्ता, राहुल जैन, अंशुल जैन, प्रिंस तिवारी, राज तिवारी, नीरज दुबे, विशाल रजक, आजाद शैलेंद्र कुशवाहा इत्यादि सहित अनेक दुर्गा पूजा समिति के पदाधिकारियों की उपस्थिति रही। बैठक के उपरांत सभी ने भोज प्रसाद ग्रहण किया।

# नवागत कलेक्टर आशीष तिवारी ने पदभार संभाला



**कटनी (स्वतंत्रमत)।** भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2016 बैच के अधिकारी आशीष तिवारी ने सोमवार को पूर्वान्ह कलेक्टर कटनी के पद का कार्यभार ग्रहण किया। नव पदस्थ कलेक्टर ने प्रभारी कलेक्टर एवं जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत से कलेक्टर के पद का प्रभार प्राप्त किया।

**नव पदस्थ कलेक्टर श्री तिवारी**-इसके पहले मुख्यसचिव कार्यालय में उप सचिव के पद पर पदस्थ थे। राज्य शासन ने कटनी में पदस्थ रहे निवर्तमान कलेक्टर दिलीप कुमार यादव की पदस्थापना इंदौर नगर निगम आयुक्त के पद पर की है। श्री यादव भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2014 बैच के अधिकारी हैं। विदित हो की राज्य शासन द्वारा हाल ही में 8 सितंबर को आदेश जारी कर भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों की नवीन पदस्थापना आदेश जारी किया था।

# 10 हजार रूपये से अधिक की अवैध शराब जब्त



कटनी (स्वतंत्रमत)।

जिले में अवैध शराब निर्माण, विक्रय एवं परिवहन के विरूद्ध आबकारी विभाग द्वारा निरंतर कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में आबकारी विभाग द्वारा आबकारी वृत्त बड़वारा, ढीमरखेड़ा एवं कटनी क्रमांक 02 के अंतर्गत ग्राम रोहनिया, बंदरी, बरगवां, नंबर 1, राय फैमिली रेस्टोरेंट, ग्राम झांपी, भजिया, धनगवा एवं ग्राम खिरहनी में अवैध शराब के विरूद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुये अवैध शराब जब्त की है। टीम ने दबिश के दौरान 78 पाव देशी मदिरा प्लेन, 25 पाव देशी मदिरा मसाला एवं 15 लीटर हाथ भट्टी मदिरा जब्त की। जब्त की गई सामग्री की कुल अनुमानित कीमत लगभग 10 हजार 750 रुपये आंकी गई है। इस मामले में, आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) क और च के तहत कुल 9 प्रकरण दर्ज किए गए हैं एवं 3 खाली तलाशी प्रकरण कायम किये गए हैं। इस कार्रवाई में सहायक जिला आबकारी अधिकारी मंशाराम उइके, आब उप-निरीक्षक अतुल कुटार, केशव उइके, केके पटेल एवं आब आरक्षक, रामसिंह, चंद्रप्रकाश त्रिपाठी, किसन लाल बराडिया, सैनिक प्रभु लाल सेन, संतोष तिवारी एवं रविशंकर तिवारी का योगदान रहा।



## सनशाइन एकेडमी रायवाड़ा में जागरूकता कार्यक्रम

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** छात्रों ने जंक फूड के हानिकारक प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों और अभिभावकों को स्वस्थ खान-पान के महत्व के बारे में जागरूक करना था। कार्यक्रम की शुरुआत पोस्टर और पेंटिंग प्रदर्शनी से हुई, जिसमें बच्चों ने जंक फूड के दुष्प्रभावों को रचनात्मक ढंग से चित्रित किया। इन पोस्टरों के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि जंक फूड किस तरह से स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है और कैसे संतुलित आहार अपनाकर बेहतर स्वास्थ्य पाया जा सकता है। छात्रों ने तैलीय और शक्करयुक्त खाद्य पदार्थों से होने वाली बीमारियों जैसे और मधुमेह के बारे में भी जागरूक किया। इसके बाद छात्रों ने एक प्रभावशाली नाटक प्रस्तुत किया, इस अवसर पर स्कूल की निर्देशिका जूही जैन ने कहा कि स्कूलों मे बच्चे अपनी शारीरिक और मानसिक क्षमता को विकसित करते हैं।

# 9 वर्षों से फरार गैर मियादी वारंटी गिरफ्तार




कटनी (स्वतंत्रमत)।

थाना माधव नगर अंतर्गत ग्राम टिकरिया निवासी तिलक सिंह पिता गणेश सिंह ठाकुर उम्र 40 वर्ष जो पिछले 9 वर्षों से फरार गैरमियादी वारंटी था, उसे चौकी निवार पुलिस द्वारा सक्रियता दिखाते हुए गिरफ्तार किया गया है। आरोपी लंबे समय से न्यायालय में पेशी से अनुपस्थित था, जिस पर गैरमियादी वारंट जारी था। आरोपी गिरफ्तारी से बचने के लिए वर्षों से फरार चल रहा था। चौकी निवार पुलिस की सतर्कता और अथक प्रयासों से आरोपी को पकड़कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

# विश्वकर्मा समाज कमेटी द्वारा भव्य शोभायात्रा का आयोजन



कटनी (स्वतंत्रमत)।

14 सितंबर को भगवान विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर विश्वकर्मा समाज कमेटी द्वारा भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। यह शोभायात्रा सुबह विश्वकर्मा सिविल लाइन मंदिर से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए पुनः सिविल लाइन स्थित विश्वकर्मा मंदिर परिसर में संपन्न होगी। समाजजनों ने बताया कि यह शोभायात्रा प्रतिवर्ष बड़ी धूमधाम और श्रद्धा के साथ निकाली जाती है। शोभायात्रा में विभिन्न झांकियां, भजन-कीर्तन तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम शामिल रहते हैं बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं भाग लेते हैं।

पुलिस प्रशासन द्वारा भी शोभायात्रा के दौरान सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था के विशेष प्रबंध किए गए हैं ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# साउथ जोन को हराकर सेंट्रल जोन ने जीता दलीप ट्रॉफी खिताब





बेंगलुरु (वार्ता)।

यश राठौड़ (194), सारांश जैन दो पारियों में (69/179 रन और आठ विकेट) के साथ रजत पाटीदार के तेज 101 रनों की बदौलत सेंट्रल जोन ने सोमवार को फाइनल मुकाबले के पांचवें दिन साउथ जोन पर छह विकेट जीत दर्ज करते हुए दलीप ट्रॉफी का खिताब अपने नाम किया। सेंट्रल जोन की आज यहां 65 रनों के लक्ष्य के लिए अपनी दूसरी पारी की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 24 के स्कोर तक अपने तीन विकेट गंवा दिये। दानिश मालेवर (पांच), शुभम शर्मा (आठ), सारांश जैन (चार) के विकेट गंवा दिये। कप्तान रजत पाटीदारी 13 रन बनाकर आउट हुये। ऐसे संकट के समय बल्लेबाजी करने आये यश राठौड़ ने अक्षय वड़कर के साथ पारी को संभाला और 20.3 ओवर में चार विकेट पर 66 रन बनाकर खिताबी मुकाबला छह विकेट से अपने नाम किया। पांचवें दिन सुबह बाएं हाथ के स्पिनर अंकित शर्मा के लिए गेंद काफी पकड़ और उछाल लेने वाली थी, जबकि तेज गेंदबाज गुरजपनीत सिंह ने भी साउथ जोन की दिलचस्पी बनाए रखने के लिए पर्याप्त मूवमेंट हासिल किया।

दोनों गेंदबाजों ने दो-दो विकेट लिए, लेकिन 65 रनों का लक्ष्य मुश्किल नहीं था। मैच की शुरुआत में दानिश मालेवर ने मिडविकेट पर क्लिप लगाकर दो रन बनाए, लेकिन जल्द ही अंकित की एक गेंद बल्ले का किनारा लेकर विकेट के पीछे चली गई। अंकित की यह एक हल्की सी ऊपर की ओर उछाली गई गेंद थी जो पिच हुई और मालेवर से तेजी से दूर मुड़ी, जिसे उन्होंने एक अनिश्चित ड्राइव के लिए मजबूर किया। शुभम शर्मा ने गुरजपनीत की गेंद पर लगातार दो चौके लगाए। पहले उनकी गेंद विकेटकीपर मोहम्मद अजहरुद्दीन के दाईं ओर गई और फिर गेंद का बाहरी किनारा लेकर गली के पार चली गई। हालांकि, अगली ही गेंद पर शुभम की किस्मत ने उनका साथ छोड़ दिया जब वह गुरजपनीत की फुल लेंथ आउटस्विंगर पर गए, लेकिन गेंद बाहरी किनारा लेकर अजहरुद्दीन के हाथों में चली गई। चौथे नंबर पर प्रमोशन पर आए जैन ने गुरजपनीत की गेंद को पहले प्वाइंट के ऊपर से खेला, लेकिन अगली ही गेंद पर बल्ले का मोटा अंदरूनी किनारा लेकर उनके पैड पर लग गई, शॉर्ट लेग पर एक आसान कैच लपक लिया गया। पाटीदार ने शुरुआत में कई बार शॉट खेला और चूके, लेकिन सेंट्रल ने आक्रामक रुख अपनाना जारी रखा, यहां तक कि वाडकर ने अंकित को बैकफुट से मिडविकेट पर खेला और फिर गुरजपनीत को स्क्वायर ड्राइव पर लगाई। पाटीदार स्टंपिंग के एक मौके से बच गए और सुबह की नमी सूखने के बाद, उन्होंने कुछ और शॉट खेले, विशेषकर अंकित के खिलाफ मिड ऑफ के बाईं ओर दो शानदार ऑन द अप ड्राइव। लेकिन सेंट्रल से 16 रन दूर रहते हुए, अंकित की सीधी गेंद पर स्वीप शॉट को लगाने के प्रयासा में वह मिडऑन पर लपके गए। राठौड़ ने वी कौशिक की गेंद को कवर्स की ओर खेलकर विजयी रन बनाया। यह सेंट्रल का सातवां दलीप ट्रॉफी खिताब था और 2014-15 सीजन के बाद उनका पहला खिताब है।

# मोहम्मद सिराज और ओरला प्रेंडरगैस्टर चुने गये प्लेयर ऑफ द मंथ



**दुबई (वार्ता)।** भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें टेस्ट में शानदार प्रदर्शन के लिए अगस्त महीने का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया है। वहीं महिला वर्ग में आयरलैंड की शीर्ष ऑलराउंडर ओरला प्रेंडरगैस्ट ने यह पुरस्कार जीता। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने आज अगस्त महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी की घोषणा की। सिराज ने न्यूजीलैंड के मैट हेनरी और वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज जेडन सील्स को पछाड़ते हुए आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ का पुरस्कार जीता। सिराज के शानदार प्रदर्शन ने भारत को ओवल टेस्ट मैच में छह रनों से जीत दर्ज की थी। सिराज ने इस मैच में कुल नौ विकेट हासिल किए थे। पुरस्कार जीतने के बाद सिराज ने कहा, आईसीसी प्लेयर ऑफ़ द मंथ चुना जाना मेरे लिए विशेष सम्मान की बात है। एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी एक यादगार सीरीज थी, और यह मेरे द्वारा अब तक खेले गए सबसे रोमांचक मुकाबलों में से एक थी। मुझे गर्व है कि मैं कुछ महत्वपूर्ण स्पेल के साथ, खासकर निर्णायक क्षणों में, योगदान दे सका। शीर्ष बल्लेबाज़ों के खिलाफ उनकी घरेलू परिस्थितियों में गेंदबाजी करना चुनौतीपूर्ण था, लेकिन इससे मेरा सर्वश्रेष्ठ भी सामने आया। उन्होंने कहा, यह पुरस्कार जितना मेरा है, उतना ही मेरे साथियों और सहयोगी स्टाफ का भी है, क्योंकि उनके निरंतर प्रोत्साहन और विश्वास ने मुझे आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। मैं कड़ी मेहनत करता रहूंगा और हर बार जब मैं भारत की जर्सी पहनूंगा, अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करूंगा । महिला वर्ग में आयरलैंड की शीर्ष ऑलराउंडर ओरला प्रेंडरगैस्ट को अगस्त महीने का आईसीसी महिला प्लेयर ऑफ द मंथ चुना गया है। 23 वर्षीय प्रेंडरगैस्ट ने नीदरलैंड की ऑलराउंडर आइरिस ज़्विलिंग और पाकिस्तान की विकेटकीपर मुनीबा अली को कड़ी टक्कर देते हुए यह सम्मान हासिल किया। अगस्त में पाकिस्तान के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय टी-20 सीरीज में दबदबा बनाने वाली प्रेंडरगैस्ट इस सम्मान के मिलने पर खुश व्यक्त करते हुए कहा, मुझे यह पुरस्कार पाकर बहुत खुशी हो रही है और मैं आईसीसी और मेरे लिए वोट करने वाले सभी लोगों का धन्यवाद करना चाहती हूं।

# भारत द्वारा हाथ मिलाने पर पीसीबी ने मैच रेफरी से की शिकायत



दुबई (वार्ता)

पाकिस्तान ने कल दुबई अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में एशिया कप 2025 के ग्रुप ए मुकाबले मे सात विकेट से मिली हार के बाद हाथ नहीं मिलाने पर भारतीय टीम के खिलाफ शिकात दर्ज करायी है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के टीम मैनेजर नवीद अकरम चीमा ने मैच रेफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट के समक्ष शिकायत दर्ज कराते हुए भारतीय टीम के व्यवहार को खेल भावना के विरुद्ध बताया है। यह शिकायत मैच से पहले की तनावपूर्ण स्थिति के बाद की गई है, जिसमें पहलगाम आतंकी हमले और भारत के ऑपरेशन सिंदूर के बाद दोनों देशों के संबंधों में आई तल्खी भी शामिल है। यह विवाद तब शुरू हुआ जब टॉस के समय न तो कप्तान सूर्यकुमार यादव और न ही पाकिस्तान के सलमान अली आगा ने हाथ मिलाया। मैच जीतने के बाद सूर्यकुमार और शिवम दुबे पाकिस्तानी खिलाड़ियों से बात किए बिना अपने ड्रेसिंग रूम लौट गए। पीसीबी ने कहा कि पाकिस्तानी कप्तान आगा ने विरोधस्वरूप आधिकारिक प्रसारणकर्ता सोनी के साथ मैच के बाद के साक्षात्कार में भाग नहीं लिया। कोच माइक हेसन ने पुष्टि की कि पाकिस्तानी टीम हाथ मिलाने के प्रोटोकॉल का पालन करना चाहती थी, लेकिन भारत ने ऐसा नहीं किया। सूर्यकुमार ने हाथ न मिलाने के अपने फैसले का बचाव करते हुए कहा कि यह बीसीसीआई के परामर्श से पूर्व नियोजित था और सरकारी निर्देशों के अनुरूप था।

प्रेस से बात बातचीत में उन्होंने कहा, जीवन में खेल भावना से बढ़कर कुछ नहीं है। हम पहलगाम आतंकवादी हमले के सभी पीड़ितों और उनके परिवारों के साथ खड़े हैं। हम इस जीत को अपने बहादुर सशस्त्र बलों को समर्पित करते हैं जिन्होंने ऑपरेशन सिंदूर में भाग लिया।

# एशिया कप में अफगानिस्तान सुपर चार में जगह पक्की करने उतरेगा

अबू धाबी (वार्ता)।




एशिया कप में बंगलादेश की टीम को टूर्नामेंट में बने रहने के लिए मंगलवार को होने वाले अफगानिस्तान के खिलाफ मैच को हर-हाल में जीतना होगा। वहीं अफगानिस्तान सुपर चार में जगह पक्की करने मैदान में उतरेगा। बंगलादेश के खिलाफ अफगानिस्तान का पलड़ा भारी रहा है। अब तक दोनों टीमों के बीच 12 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले गए हैं। इस दौरान पांच में बांग्लादेश को जीत मिली है। सात मुकाबले अफगानिस्तान ने जीत हैं। दोनों टीमों के बीच खेले गए आखिरी पांच मैचों की बात की जाये तो अफगानिस्तान ने तीन मैच जीते हैं और बंगलादेश को दो में सफलता मिली है। बंगलादेश को एशिया कप के अपने पिछले मैच में श्रीलंका के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा है। उसे हार की निराशा से बाहर निकलकर जायेद क्रिकेट स्टेडियम में कल अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाले मुकाबले में जीत के लिए पूरी ताकत झोकनी होगी।

बल्लेबाजी की बात की जाये तो टूर्नामेंट में बंगलादेश का शीर्ष क्रम बिल्कुल भी नहीं चल पा रहा है। दोनों सलामी बल्लेबाजों ने मिलकर दो मैचों में केवल 33 रन जोड़े हैं। कप्तान लिटन दास एक बेहतरीन खिलाड़ी है उन्हें स्वयं को पूरी तरह से झोंककर लय बनाते हुए थोड़ा साहस दिखाना होगा और जरूरत पड़ने पर लंबी पारी खेलनी होगी। तौहीद हृदय और महेदी हसन को उनका साथ देना होगा तथा जैकर अली और शमीम हुसैन जैसे बल्लेबाजो को निचले क्रम में मजबूती से बल्लेबाजी करनी होगी। दूसरी ओर, अफगानिस्तान कहीं अधिक आत्मविश्वास से भरी टीम दिख रही है।

राशिद खान की टीम ने अपने पिछले मैच में हांगकांग को 94 रनों से हराया था और वे इन परिस्थितियों में लगातार जीत रहे हैं। उन्होंने अपने पिछले आठ मैचों में से छह जीते हैं और ऐसा लगता है कि वह खाड़ी में खेलने में मजा ले रहे है।

हांगकांग के खिलाफ सिदिकुल्लाह अटल की 73 रनों की पारी ने उनकी बल्लेबाजी में मजबूती दिखाई, जबकि अजमतुल्लाह उमरजई और मोहम्मद नबी मध्यक्रम में जरूरत पड़ने पर अपनी लय बदल सकते है। राशिद और करीम जनत को इसमें शामिल कर लें, तो उनके पास ऐसे खिलाड़ी हैं जो बंगलादेश के गेंदबाजों की लेंथ बिगड़ सकते हैं। वहीं अगर गेंदबाजी की बात की जाये तो अफगानिस्तान के पास विविधता और आत्मविश्वास है। फजलहक फारूकी और ओमरजई नई गेंद से अहम ओवरों में योगदान दे सकते हैं और राशिद की स्पिन बेहतर रही है। अगर नूर अहमद या एएम गजनफर सही गेंदबाजी करते हैं, तो वे बीच के ओवरों में विपक्षी टीम को धूल चटा सकते हैं। बंगलादेश को अफगानिस्तान को हराने के लिए बल्ले से अनुशासन और गेंद से सटीकता की जरूरत होगी, क्योंकि अफगानिस्तान के पास लय और स्थिरता है। राशिद खान की टीम जानती है कि अगर वे संयम बनाये रखते है तो इस जीत के साथ उनका सुपर 4 में स्थान पक्का हो जाएगा।

इस बीच, बंगलादेश को अपनी गेंदबाजी की धार फिर से तलाशनी होगी। मुस्तफिजुर रहमान और शोरफुल इस्लाम अपनी लय में आकर खतरनाक साबित हो सकते हैं, लेकिन श्रीलंका के खिलाफ वे नाकाम रहे। महेदी हसन और रिशाद हुसैन को अफगानिस्तान के आक्रामक बल्लेबाजों के खिलाफ संयम बनाए रखना होगा।

# आधे से भी कम रह गया सोने-चांदी का आयात

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** देश का सोना आयात इस साल अगस्त में 543.93 करोड़ डॉलर रहा जो पिछले साल अगस्त के मुकाबले 56.67 प्रतिशत कम है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के सोमवार को जारी आंकड़ों में बताया गया है कि चालू वित्त वर्ष के पहले पांच महीने में अप्रैल से अगस्त के दौरान कुल 1,689.90 करोड़ डॉलर का सोना आयात किया गया। यह पिछले साल की समान अवधि के 2,439.17 करोड़ डॉलर की तुलना में 30.72 फीसदी कम है। उल्लेखनीय है कि सोने की ऊंची कीमत के कारण देश में सोने की मांग कम हो रही है। लोग भारी गहनों की तुलना में हल्के गहने खरीद रहे हैं। साथ ही कम कैरेट के सोने की मांग भी बढ़ी है। अगस्त में चांदी का आयात भी कम हुआ है जबकि वित्त वर्ष के दौरान अगस्त तक कुल मांग बढ़ी है। आंकड़ों के मुताबिक, अगस्त 2025 में 45.17 करोड़ डॉलर की चांदी आयात की गयी। यह एक साल पहले की तुलना में 59.67 प्रतिशत कम है। वहीं, पहले पांच महीने में चांदी का आयात 26.11 फीसदी बढ़कर 191.26 करोड़ डॉलर हो गया।

# गेहूं नरम, तेलों में घट-बढ़, दालें महंगी



**नयी दिल्ली, (वार्ता)** घरेलू थोक जिंस बाजारों में सोमवार को चावल के दाम बढ़ गये जबकि गेहूं की कीमतों में गिरावट रही। चीनी में भी मजबूती रही। खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया। दालों के दाम भी बढ़ गये। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में आज अवकाश रहा। अमेरिकी सोया तेल वायदा 1.07 प्रतिशत की बढ़त के साथ 52.73 डॉलर के भाव बोला गया। घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत करीब 100 रुपये बढ़कर 3,843.27 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गयी। गेहूं आठ रुपये टूटकर 2,856.21 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बोला गया। आटे के दाम में भी 25 रुपये की गिरावट रही और यह 3,304.70 रुपये प्रति क्विंटल बिका। खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया। सरसों तेल औसतन 63 रुपये प्रति क्विंटल लुढ़क गया।

सूरजमुखी तेल 43 रुपये और सोया तेल 66 रुपये प्रति क्विंटल टूटा जबकि पाम ऑयल में 99 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट रही। मूंगफली तेल 57 रुपये और वनस्पति 80 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गया। दाल-दलहनों में तेजी रही। तुअर दाल की औसत कीमत 222 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गयी। उड़द दाल में 64 रुपये और चना दाल में 144 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी देखी गयी। वहीं, मूंग दाल 131 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। मसूर दाल 163 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गयी।

गुड़-चीनी = मीठे के बाजार में आज तेजी रही। गुड़ की औसत कीमत 62 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गयी। चीनी भी 14 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई।

# बैंक ऑफ इंडिया ने पूरे किये 120 साल

**मुंबई, (वार्ता)** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ इंडिया ने सोमवार को अपना 120वां स्थापना दिवस मनाया। महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई के बीकेसी स्थित जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में आयोजित भव्य समारोह में कर्मचारियों, हितधारकों और साझेदारों ने बैंक की विरासत को याद किया। बैंक ऑफ इंडिया के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी रजनीश कर्नाटक ने कहा कि 120 साल से बैंक ऑफ इंडिया केवल एक वित्तीय संस्था नहीं रहा, बल्कि देश की विकास गाथा का साझेदार रहा है। उन्होंने कहा, भविष्य में हमारा ध्यान स्पष्ट है – डिजिटल बैंकिंग में अग्रणी बनना, समावेशी विकास को बढ़ावा देना और किसानों, गिग वर्कर्स से लेकर कॉरपोरेट और उपेक्षित वर्गों तक समाज के हर हिस्से के लिए नवाचार करना। समारोह में अगली पीढ़ी के ऐसे बैंकिंग समाधानों का अनावरण किया गया, जिनका उद्देश्य देश की डिजिटल अर्थव्यवस्था और वित्तीय समावेशन को और सशक्त करना है। बैंक ने ब्रेल डेबिट कार्ड पेश कर पहुंच और समावेशन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

# बिकवाली से शेयर बाजारों में गिरावट



**मुंबई (वार्ता)।** घरेलू शेयर बाजारों में सोमवार को दिग्गज और बड़ी कंपनियों में बिकवाली से प्रमुख सूचकांक गिरावट में बंद हुये जबकि मझौली और छोटी कंपनियों में तेजी रही। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 118.96 अंक (0.15 प्रतिशत) टूटकर 81,785.74 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 44.80 अंक यानी 0.18 फीसदी नीचे 25,069.20 अंक पर आ गया। आईटी, फार्मा, ऑटो और स्वास्थ्य सेक्टरों पर दबाव रहा। रियलिटी, सार्वजनिक बैंकों और तेल एवं गैस सेक्टरों में निवेशकों ने पैसा लगाया।

सेंसेक्स 20.81 अंक की तेजी के साथ 81,925.51 अंक पर खुला, लेकिन कुछ ही देर में लाल निशान में चला गया। यह ऊपर 81,998.51 अंक और नीचे 81,744.70 अंक तक गया। निफ्टी-50 सूचकांक भी 4.90 अंक चढ़कर 25,118.90 अंक पर खुला। इसका उच्चतम स्तर 25,138.45 अंक और निचला स्तर 25,048.75 अंक रहा। प्रमुख सूचकांकों के विपरीत निवेशकों ने मझौली और छोटी कंपनियों में निवेश किया। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक में 0.47 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.65 प्रतिशत मजबूत हुआ। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 20 के शेयर लाल निशान में और शेष 10 के हरे निशान में बंद हुये। महिंद्रा एंड महिंद्रा का शेयर 1.67 प्रतिशत लुढ़क गया। एशियन पेंट्स में 1.66 प्रतिशत, इंफोसिस में 1.15 प्रतिशत, टाइटन में 1.14 फीसदी, सनफार्मा में 0.85 प्रतिशत और टीसीएस में 0.72 प्रतिशत की गिरावट में बंद हुआ। टेक महिंद्रा, पावर ग्रिड, टाटा स्टील, मारुति सुजुकी और टाटा मोटर्स के शेयर लाल निशान में रहे। बजाज फाइनेंस में 0.68 प्रतिशत की तेजी रही। इटरनल का शेयर 0.58 प्रतिशत, अल्ट्राटेक का शेयर 0.46 प्रतिशत और एलएंडटी का 0.33 प्रतिशत चढ़ा। रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारतीय स्टेट बैंक, अडानी पोर्ट्स, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक और ट्रेंट के शेयर भी बढ़त में रहे। विदेशों में एशियाई शेयर बाजारों में मिश्रित रुख रहा। जापान का निक्केई सूचकांक 0.89 प्रतिशत और हांगकांग का हैंगसेंग 0.22 प्रतिशत चढ़कर बंद हुआ। वहीं, चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.26 फीसदी की गिरावट रही।

# वाणिज्यिक निर्यात में 6.7 प्रतिशत की वृद्धि

नयी दिल्ली (वार्ता)।



देश से वाणिज्यिक वस्तुओं का निर्यात अगस्त में सालाना आधार पर 6.7 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 35.1 अरब डालर पर पहुंच गया तथा माह के दौरान आयात 61.59 अरब डालर रहा जो पिछले वर्ष की तुलना में 10.12 प्रतिशत कम है। यह जानकारी वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा सोमवार को जारी आंकड़ों में दी गयी है। पिछले वर्ष अगस्त में वाणिज्यिक वस्तुओं का निर्यात 32.89 अरब डालर और आयात 68.53 अरब डॉलर के बराबर था। इस बार अगस्त माह में व्यापार घाटा ( वाणिज्यिक आयात और निर्यात का अंतर) गिर कर 26.49 अरब डालर के बराबर रहा जो एक माह पहले 27.35 अरब डालर और पिछले साल अगस्त में 35.64 अरब डालर था। चालू वित्त वर्ष के पहले पांच महीनों , अप्रैल-अगस्त 2025-26 में कुल वाणिज्यिक निर्यात 184.13 अरब डालर और आयात 306.52 अरब डालर के बराबर रहा। वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने संवाददाताओं से कहा कि वैश्विक वातावरण और व्यापार नीति संबंधी अनिश्चतताओं के बावजूद भारत के निर्यात क्षेत्र का प्रदर्शन मजबूत है।

निर्यात संघों के महासंघ फियो के अध्यक्ष एस. सी. रल्हन ने व्यापार आंकड़ों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि अगस्त 2025 में निर्यात में 6.7 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि खासकर, मौजूदा वैश्विक चुनौतियों और भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के मद्देनजर, भारत के निर्यात क्षेत्र के लिए एक स्वागत योग्य और उत्साहजनक संकेत है । आयात में 10 प्रतिशत से अधिक की गिरावट ने व्यापार घाटे को कम करने में भी मदद की है, जो अब पिछले वर्ष के इसी महीने की तुलना में काफी कम है।श्री रल्हन ने कहा कि यह प्रदर्शन विभिन्न क्षेत्रों में भारतीय निर्यातकों की लचीलापन और प्रतिस्पर्धात्मकता को दर्शाता है।

निर्यात बाजारों का विविधीकरण, उच्च-विकास वाले क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करना और प्रमुख नीतिगत उपायों के माध्यम से सरकार के निरंतर समर्थन ने इस सकारात्मक गति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अगस्त में सेवाओं का अनुमानित निर्यात 34.06 अरब डॉलर और आयात 17.45 अरब डॉलर रहा। पिछले साल इसी माह ये आंकड़े क्रमश30.36 अरब डालर और 16.49 अरब डॉलर के बराबर थे।

अगस्त माह में कुल निर्यात (वस्तु और सेवाओं को मिलाकर) 69.16 अरब डालर और आयात 79.04 अरब डॉलर था। पिछले साल अगस्त में कुल निर्यात 63.25 अरब डालर और कुल आयात 84.99 अरब डॉलर था।इस तरह अगस्त में कुल व्यापार घाटा एक साल पहले के 21.73 अरब डॉलर से घट कर 9.88 अरब डॉलर रहा। अप्रैल-अगस्त 2025-26 के दौरान कुल संचयी निर्यात (वस्तुएं और सेवाएं) 349.35 अरब डॉलर होने का अनुमान है, जबकि अप्रैल-अगस्त 2024 में यह 329.03 अरब डॉलर था। इस तरह इसमें सालाना आधार पर 6.18 प्रतिशत की वृद्धि दिखती है।

अगस्त में गैर पेट्रोलियम निर्यात 6.73 प्रतिशत बढ़ कर 30.62 अरब डालर रहा जो एक साल पहले जो एक साल पहले क्रमशः 28.69 अरब डॉलर था। गैर पेट्रोलियम आयात इस बार अगस्त में घट कर 48.33 अरब डॉलर रहा जो एक साल पहले 56.40 अरब डॉलर था। अप्रैल-अगस्त 2025 में संचयी गैर-पेट्रोलियम निर्यात 158.07 अरब डॉलर रहा, जो पिछले साल इसी अवधि के 147.25 अरब डॉलर की तुलना में 7.35 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। अगस्त में गैर पेट्रोलियम गैर रत्न-आभूषण आयात पिछले साल के 26.68 अरब डॉलर से बढ कर 28.30 अरब डॉलर और आयात 41.41 अरब डॉलर से हल्का घट कर 41.02 अरब डॉलर रहा।

# जैसे माँ के चरणों में चारधाम, वैसे ही मातृभाषा की गोद में आनंदधाम : डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव को वॉव अवार्ड एशियन टीम ने सौंपा गोल्ड अवार्ड

भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मां और मातृभाषा से ऊपर दूसरा कोई नहीं है। मां और मातृभाषा ही हमारी सबसे बड़ी पालक हैं। इनका स्थान कोई नहीं ले सकता है, जैसे मां के चरणों में चारधाम है, उसी प्रकार मातृभाषा की गोद में आनंदधाम है। जितना सटीक हमारी मातृभाषा का व्याकरण है, उतना ही समृद्ध हिन्दी साहित्य है। उन्होंने कहा कि 52 वर्णों में गुंथी हुई हिन्दी की वर्णमाला ही हमारी पहली पाठशाला है। जो अ से अनपढ़ बच्चे की अंगुली पकड़कर ज्ञ से ज्ञानी बना दे, वही हिन्दी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हिन्दी विश्व की सर्वाधिक बोली जाने वाली भाषाओं में से एक है। अंग्रेजी और मंदारिन के बाद हिन्दी विश्व की तीसरी सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा है। हिन्दी हमारी संस्कृति को जोड़ती है। हिन्दी के बिना हमारा साहित्य, हमारी भावनाएं और हमारी संवेदनाएं यकीनन अधूरी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को रवीन्द्र भवन के हंसध्वनि सभागार में हिन्दी दिवस के अनुक्रम में आयोजित भारतीय मातृभाषा अनुष्ठान कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में हिन्दी साहित्य लेखन और हिंदी के व्यापक स्तर पर लोकव्यापीकरण में योगदान देने वाले देश-विदेश के हिन्दी के 10 मूर्धन्य साहित्यकारों को विभिन्न राष्ट्रीय हिन्दी भाषा सम्मानों से सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विभिन्न साहित्यिक पुस्तकों का विमोचन/लोकार्पण भी किया। कार्यक्रम के दौरान ही महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ द्वारा आयोजित विक्रमोत्सव 2025 को एशिया के शासकीय समारोह की विशेष श्रेणी में वॉव अवार्ड एशिया की टीम द्वारा मुख्यमंत्री डॉ. यादव को सम्मान स्वरूप गोल्ड अवार्ड भेंट किया गया। कार्यक्रम में स्वदेशी जागरण अभियान अंतर्गत देश हित में द सूत्र का अभियान बी इंडियन, बाय इंडियन, हमारी-लक्ष्मी-हमारे पास का शुभारंभ किया गया। आरएनटीयू के विश्व हिंदी ओलंपियाड एवं विश्वरंग के पोस्टर का लोकार्पण भी इस अवसर पर किया गया।



***आल्हा-ऊदल के महाकाव्य में देखने को मिलती है हिंदी की सुंदरता***- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज ही अभियंता दिवस भी मनाया गया है। उन्होंने सभी को अभियंता दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि भारत एकमात्र देश है, जहां सर्वाधिक मातृभाषा हिंदी बोली जाती है। भगवान श्रीराम ने हजारों साल पहले मातृभाषा की गरिमा का उल्लेख किया था। आल्हा-ऊदल के महाकाव्य में हिंदी की सुंदरता देखने को मिलती है। रानी लक्ष्मीबाई और रानी दुर्गावती पर काव्य लिखकर इसे पाठ्यक्रम में शामिल करना चाहिए। राजाभोज के काल में कविता के रचनाकारों को स्वर्ण मुद्राएं देकर सम्मानित किया जाता था। महाकवि कालिदास की रचनाओं से मालवी, भीली, कोरकू जैसी अनेक भाषाएं निकली हैं। उन्होंने कहा कि भूतपूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी ने हिंदी काव्य रचनाओं को अलग स्थान दिलाया। उन्होंने 50 वर्ष के राजनीतिक जीवन में सर्वाधिक समय नेता प्रतिपक्ष के पद को सुशोभित किया। वर्तमान में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी दुनिया के हर बड़े मंच पर हिंदी भाषा में संबोधन के जरिए भारत को गौरवान्वित करते हैं। उनके पहुंचने मात्र से ही मंच प्रकाशमय हो जाता है।

***प्रदेश में मेडिकल की पढ़ाई हिंदी में*** - कार्यक्रम में संस्कृति एवं पर्यटन राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने कहा कि हिंदी विश्व में सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषाओं में तीसरे स्थान पर है। हिंदी हमारी सांस्कृतिक चेतना और हमारे विचारों को दर्शाने वाली भाषा है। सभी सम्मानित 10 विभूतियों को मध्यप्रदेश संस्कृति विभाग की ओर से बधाई देता हूं। हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाने के लिए राज्य सरकार कार्य कर रही है। प्रदेश में मेडिकल की पढ़ाई हिंदी में कराने की शुरुआत हुई है।

***अनेक देशों में हिंदी पढ़ाई जाती है***- आरएनटीयू के कुलगुरु डॉ. संतोष चौबे ने कहा कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा कला, संस्कृति के क्षेत्र में शुरू हुए कार्य देशभर में पहचान बना रहे हैं। विश्वरंग दुनिया के कई देशों तक फैल चुका है। मॉरीशस सहित अनेक देशों में हिंदी पढ़ाई जाती है। विश्व हिंदी ओलंपियाड 50 देशों में आयोजित हो रहा है और करीब 4 से 5 लाख लोग इसमें शामिल होंगे। विश्वरंग का समापन श्रीलंका की राजधानी कोलंबो में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हम मुख्यमंत्री जी को विश्व हिंदी ओलंपियाड के समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित करते हैं।

अपर मुख्य सचिव संस्कृति एवं पर्यटन शिवशेखर शुक्ला ने कहा कि भारतीय भाषा अनुष्ठान हिंदी के सम्मान का एक उल्लास पर्व है। मध्यप्रदेश सरकार हिंदी को सर्वोच्च स्थान दिलाने में योगदान करने वाली विभूतियों, लेखकों, साहित्यकारों और रचनाकारों को सम्मानित कर स्वयं गौरवान्वित हो रही है।

***सम्मान एवं अलंकरण***- कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इन 10 विभूतियों को विभिन्न राष्ट्रीय हिन्दी भाषा सम्मान से अलंकृत किया।

राष्ट्रीय सूचना प्रौद्योगिकी सम्मान- प्रशांत पोळ-जबलपुर (2024), लोकेन्द्र सिंह राजपूत- भोपाल (2025)

राष्ट्रीय निर्मल वर्मा सम्मान- रीता कौशल-ऑस्ट्रेलिया (2024),डॉ. वंदना मुकेश- इंग्लैण्ड (2025)

राष्ट्रीय फादर कामिल बुल्के सम्मान-डॉ. इंदिरा गाजिएवा-रूस (2024), पदमा जोसेफिन वीरसिंघे (2025)

राष्ट्रीय गुणाकर मुले सम्मान- डॉ. राधेश्याम नापित-शहडोल (2024), डॉ. सदानंद दामोदर सप्रे-भोपाल (2025)

राष्ट्रीय हिन्दी सेवा सम्मान- डॉ. के.सी. अजय कुमार-तिरुवनंतपुरम् (2024), डॉ. विनोद बब्बर-दिल्ली (2025)

साहित्यिक पुस्तकों/प्रकाशनों का हुआ लोकार्पण/विमोचन- भारतीय भाषा आलोक - राजेश्वर त्रिवेदी, समाज की भाषा का संकल्प - विजयदत्त श्रीधर, भोजपुरी प्रतिभाएं - डॉ. धर्मेन्द्र पारे, शिवगीता, दत्तात्रेयगीता, कपिलगीता, अवधूतगीता, भागवतगीता, यमगीता, हरिहरगीता, भृगुगीता, श्रीकृष्ण चरित्र - बंकिमचन्द्रम चट्टोपाध्याय, श्रीराधा द्वापर युग की महानायिका - अशोक शर्मा एवं लोक में वेदांत - डॉ. सरोज गुप्ता

कार्यक्रम में लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, विधायक भगवानदास सबनानी, माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय के कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी, संचालक संस्कृति एमपी नामदेव, वीर भारत न्यास के न्यासी सचिव श्रीराम तिवारी सहित सम्मानित हुए साहित्यकारों के परिजन, विद्वतजन सहित बड़ी संख्या में हिंदी भाषा एवं साहित्य के सुधिजन और संस्कृति प्रेमी उपस्थित थे।

# त्रिस्तरीय पंचायतों के हक और अधिकार कि लड़ाई 3 नवंबर 2025 को भोपाल में

## त्रिस्तरीय पंचायतों के सभी संगठनों का परिषद को समर्थन

भोपाल



मध्यप्रदेश में पंचायती राज के व्यवस्था को देखते हुए प्रदेश के त्रिस्तरीय पंचायतों के जनप्रतिधियों में सरकार के प्रति रोष व्याप्त है। जिसको देखते हुए मध्यप्रदेश राज्य पंचायत परिषद संबद्ध अखिल भारतीय पंचायत परिषद दिल्ली के प्रदेश अध्यक्ष अशोक सिंह सेंगर के नेतृत्व में प्रदेश भर में भ्रमण कर विभिन्न संभागों जिलों और जनपद स्तर में सम्मेलन कर संवाद स्थापित किया गया, जिसमें निष्कर्ष निकल कर आया कि मध्यप्रदेश में पंचायती राज के हक और अधिकार पर चोट किया जा रहा। जिसका समाधान किसी स्तर में जानबूझ कर नहीं किया जा रहा है। जिसके संबंध में मध्यप्रदेश राज्य पंचायत परिषद भोपाल ने प्रदेश स्तरीय विशेष समिति कि बैठक भोपाल के नाइन मसाला रेस्टोरेंट में सोमवार दिनांक 08/ 09/2025 को बैठक कर प्रस्ताव पास किया गया, कि दिन सोमवार 3 नवम्बर 2025 को त्रिस्तरीय पंचायतों का प्रदेश स्तरीय भोपाल में आंदोलन किया जाय। जिसके संबंध प्रदेश के जिले वार संपर्क और बैठक दौर जारी है और आयोजन को सफल बनाने मध्यप्रदेश राज्य पंचायत परिषद संबद्ध अखिल भारतीय पंचायत परिषद दिल्ली के बैनर तले आवाहन किया जा रहा है,जिसको भरपूर समर्थन मिल है। जिसकी सफलता को देखते हुए सरपंचों का नुकसान करने वाले राजनीतिक पार्टियों से समर्थित संगठन लोगो के द्वारा तारीख परिवर्तित कर भ्रामक जानकारी लोगो के बीच पहुंचा रहे है। ऐसे लोगों से सरपंच साथियों को सावधान और सचेत रहने कि आवश्यकता है। मालूम हो कि मध्यप्रदेश राज्य पंचायत परिषद भोपाल ने विधिवत बैठक कर निर्णय लिया गया है। जब की अन्य लोग स्वयं आयोजन को असफल करने घोषणा कर रहे। जबकि परिषद को सरपंचों के साथ त्रिस्तरीय पंचायतों का समर्थन प्राप्त है। जैसे जिला पंचायत सदस्य संघ, जनपद पंचयत अध्यक्ष संघ, जनपद सदस्य संघ प्रदेश पंच शामिल है। प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से मध्यप्रदेश राज्य पंचायत परिषद अध्यक्ष अशोक सिंह सेंगर, प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद त्रिपाठी, प्रदेश महासचिव शरद पाराशर, नीलेश तिवारी और सैयद मसूद पटेल शामिल हुए।

# जबेरा एवं पथरिया ब्लॉक के विभिन्न स्थानों में किया गया

दमोह

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देशन में मलेरिया विभाग द्वारा जैवीय तरीके से मच्छरों की ब्रीडिंग को रोकने की कोशिश भी की जा रही है इसके लिये मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देशन में गम्बूसिया मछली का संचयन जिले के स्थाई एवं अस्थाई जल स्त्रोतों में किया जा रहा है। इसी क्रम में जबेरा ब्लॉक के विभिन्न स्थानों के स्थाई एवं अस्थाई जलस्त्रोतों में लार्वाभक्षी गम्बूसिया मछली का संचयन किया गया है जिनमें जबेरा, ग्राम पुनरयाऊ, सिंग्रामपुर, भजिया, पौडीमानगढ़, कुसमी, गुबरा, घाना, चोपरा, रोंड, मौसीपुरा, नयागांव, कुलुआ, बहेरिया, घाघरी एवं गाडाघाट एंव अन्य ग्रामों के स्थाई एवं अस्थाई जल स्त्रोतों लार्वाभक्षी गम्बूंसिया मछली का संचयन किया गया। इसी क्रम में पथरिया ब्लॉक के विभिन्न स्थानों में स्थाई एवं अस्थाई जल स्त्रोतों में लार्वाभक्षी गम्बूसिया मछली का संचयन किया गया है जिनमें पथरिया ब्लॉक के पथरियाए ग्राम सदगुवां, बांसाकला, लखरौनी, रजवांस, किन्दरहो, बिलानी, करैयाखैजरा, किशुनगंज एंव अन्य ग्रामों के स्थाई एवं अस्थाई जलस्त्रोतों लार्वाभक्षी गम्बूंसिया मछली का संचयन किया गया। इसी क्रम में पथरिया ब्लॉक के विभिन्न स्थानों में स्थाई एवं अस्थाई जलस्त्रोतों में लार्वाभक्षी गम्बूंसिया मछली का संचयन किया गया है।

# समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन हेतु किसान पंजीयन शुरू

दमोह

खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन हेतु जिले में कुल 26 पंजीयन केन्द्र स्थापित किये गये है जिन पर 15 सितम्बर से 10 अक्टूबर तक किसान पंजीयन हेतु तिथि निर्धारित की गई है। किसान पंजीयन सप्ताह के सभी कार्य दिवसों में रविवार एवं शासकीय अवकाश छोड़कर किया जावेगा। भूमि स्वामी अपना पंजीयन समिति स्तर पर स्थापित पंजीयन केन्द्र पर नि:शुल्क करा सकेगें, एमपी किसान एप पर किसान स्वयं एवं कॉमन सर्विस सेंटर, लोक सेवा केन्द्र, साईबर कैफे, एमपी ऑनलाईन कियोस्क पर पंजीयन शुल्क 50 रुपये नर्धारित किया गया है।

इस संबंध में अपर कलेक्टर एवं जिला आपूर्ति अधिकारी मीना मसराम ने बताया कि सिकमी/वनाधिकार पट्टाधारी कृषकों का पंजीयन सेवा सहकारी समिति स्तर पर स्थापित पंजीयन केन्द्र पर ही किया जावेगा सिकमी पंजीयन हेतु अनुबंध निर्धारित प्रारूप में तहसीलदार के हस्ताक्षर से जारी अनुबंध ही मान्य होगें जिसका रिकार्ड समिति द्वारा संधारित किया जाना अनिवार्य होगा। कृषकों को नवीन पंजीयन हेतु भूमि की जानकारी बी-1, आधार नंबर, बैक खाता नंबर की प्रति एवं मोबाईल नंबर की जानकारी पंजीयन केन्द्र पर उपलब्ध कराना होगी। किसान की भूमि एवं फसल के बोये गये रकबे की जानकारी गिरदावरी डाटाबेस से ली जावेगी। विगत वर्ष के पंजीयन में उल्लेखित आधार नंबर, बैक खाता, मोबाईल नंबर में किसी प्रकार के संशोधन की आवश्यकता होने पर संबंधित दस्तावेज प्रमाण स्वरूप पंजीयन केन्द्र पर लाने होगें। पंजीयन करानें एवं फसल बेचनें के लिये आधार नंबर का वेरीफिकेशन अनिवार्य होगा। वेराफिकेशन आधार नंबर से लिंक मोबाईल नंबर पर ओटीपी से या बायोमेट्रिक डिवाईज से किया जावेगा। सफल पंजीयन की जानकारी एसएमएस के माध्यम से किसान को प्राप्त होगी जिसका पोर्टल से प्रिंट भी निकाला जा सकेगा।

उन्होने बताया कि किसानों के पंजीयन का फसल सत्यापन विगत वर्ष के पंजीयन से 50 प्रतिशत अधिक रकबा वाले, किन्तु 5 हेक्टेयर से अधिक पंजीकृत किसान की फसल का सत्यापन नायब तहसीलदार, तहसीलदार, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व द्वारा किया जायेगा। पंजीयन में किसान द्वारा उल्लेखित फसल/रकबा एवं गिरदावरी में दर्ज फसल/रकवा का सत्यापन नायब तहसीलदार/तहसीलदार/अनुविभागीय अधिकारी राजस्व द्वारा किया जायेगा।

# डीएपी खाद की समस्या से परेशान किसानों ने किया चक्काजाम प्रदर्शन

**हटा।** हटा में खाद की समस्या से परेशान किसानों ने हटा मंडी गेट के बाहर प्रदर्शन शुरू कर दिया। बड़ी संख्या में किसानों ने हटा बटियागढ़ मार्ग पर चक्का जाम कर प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। किसानों के प्रदर्शन से मुख्यमार्ग पर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई। स्कूल और कॉलेजों के छात्र छात्राओं को भी निकलने में परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं किसानों का आरोप है कि वे कई दिनों से डीएपी खाद के लिए डबल लॉक गोदाम हटा मंडी के चक्कर काट रहे हैं। कर्मचारियों ने आज सोमवार को खाद देने की बात कही थी लेकिन जब किसान खाद लेने पहुंचे तो न ही कूपन दिए गए और न ही उन्हें खाद मिला। किसानों ने डबल लोक गोदाम प्रभारी हरिशंकर पटेल एवं रमेश प्रसाद वेगा और कर्मचारियों पर खाद की कालाबाजारी के आरोप भी लगाए हैं। किसान अपने काम छोड़कर खाद लेने रोज भटक रहे है। लेकिन उन्हें खाद नहीं मिल रहा जिससे नतीजन प्रदर्शन को मजबूर हैं। वहीं चक्काजाम की सूचना पर मौके पर हटा थाने से एसआई सौरभ शर्मा पुलिस बल के साथ पहुंचे एवं किसानों से चर्चा कर चक्काजाम खुलवाया। इस दौरान उपस्थित प्रभारी तहसीलदार शिवराम चढ़ार ने बताया कि डीएपी खाद का रैक उपलब्ध नही है किसानों की मांग थी कि डीएपी खाद उपलब्ध कराया जाया। जबकि एनपी खाद पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है।



# जिला स्तरीय मोगली बाल उत्सव प्रतियोगिता संपन्न

दमोह

उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमोह में जिला स्तरीय मोगली बाल महोत्सव क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य आर.पी पटेल एवं कार्यक्रम प्रभारी प्रर्मेंद्र जैन के द्वारा सरस्वती पूजन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ जंगल जंगल बात चली है पता चला है गीत के साथ किया गया। जिले के सभी विकासखडों से जूनियर एवं सीनियर वर्ग में विकासखंड स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में प्रथम स्थान चयनित पर प्रतिभागियों ने सहभागिता की।



प्रश्न मंच का संचालन क्विज मास्टर कमलेश सेन द्वारा किया गया। सीनियर वर्ग से शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमोह के छात्र अभय चौरसिया एवं शासकीय सरदार पटेल उच्च माध्यमिक विद्यालय की छात्रा भुवनेश्वरी चक्रवर्ती ने जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा जूनियर वर्ग में सांदीपनि विद्यालय जबेरा से कु. ओवी जैन एवं आर्जव जैन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का आयोजन मास्टर ट्रेनर मोहन राय एवं क्विज मास्टर कमलेश सेन के द्वारा किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर चयनित वरिष्ठ वर्ग एवं कनिष्ठ वर्ग से एक-एक छात्र एवं एक-एक छात्रा प्रतिभागी अक्टूबर माह में पेंच अभ्यारण सिवनी भ्रमण हेतु जाएंगे। मार्गदर्शी शिक्षकों में बहादुर सिंह ठाकुर, माखन साहू, रेखा सिंह, केके यादव उपस्थित रहे। उत्कृष्ट विद्यालय प्राचार्य आरण्पी पटेल, इको क्लब प्रभारी मोहन राय व कार्यक्रम प्रभारी प्रमेंद्र जैन के द्वारा प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पर रहे छात्र-छात्राओं का मेडल एवं प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी एसके नेमा एवं एडीपीसी शैलेंद्र असाटी ने सभी विजेता प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं।


**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)**

**लोककर्म विभाग**

**निवदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है। के लिये ऑनलाइन निविदायें हैं।

| क्र. | टेंडर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ईएमडी | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | PRO 507 Date 16/9/2025 2025_UAD_451727_1 | वार्ड क्र. 72 के अंतर्गत कचनार सिटी आजाद पार्क पास प्रोफेसर कोस्टा के निवास स्थान से श्री खरे निवास स्थान तक एम 30 सी सी सड़क निर्माण कार्य ( अध्यक्ष मद ) | 2 माह<br>5.08 लाख | 2000/-<br>5083/- | 3-10-2025 |
| 2 | PRO 507 Date 16/9/2025 2025_UAD_451727_2 | वार्ड क्र. 77 के अंतर्गत उत्तम स्वीट्स से अनिल गुप्ता जी के घर की ओर एम-30 सी सी सड़क निर्माण कार्य | 2 माह<br>10.30 लाख | 2000/-<br>7730/- | 15-10-2025 |

नोट- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन https://mptenders.gov.in की वेवसाइट पर ही किया जायेगा, पृथक से सामचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री (लोककर्म विभाग)
नगर निगम, जबलपुर


# इंदौर के सांदीपनि मालव कन्या विद्यालय को मिला एक्सीलेंस स्कूल अवार्ड

## फ्यूचर रेडी स्किल श्रेणी प्रतियोगिता में शामिल हुआ था विद्यालय




भोपाल । सांदीपनि मालव कन्या विद्यालय इंदौर ने फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) का एक्सीलेंस राष्ट्रीय स्तर का स्कूल अवार्ड जीता है। अलायंस फॉर री-इमेजिनिंग स्कूल एजुकेशन अवार्ड (अराइज) फिक्की का प्रतिष्ठित अवार्ड है। विद्यालय को अवार्ड बच्चों में अकादमिक विषयों से आगे बढ़कर भविष्य के लिये स्किल्स डेव्हलपमेंट के क्षेत्र में नवाचार किये जाने केलिये दिया गया है। विद्यालय के बच्चों को कम्प्यूटर में कोडिंग सिखाई जा रही है। इसी के साथ कम्युनिकेशन और क्रिएटिव की नई तकनीक सिखाई जा रही है। सरकारी स्कूल के बच्चों में स्किल डेवलप कर भविष्य के लिये तैयार किया जा रहा है। नई दिल्ली के डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में हुए कार्यक्रम में अनेक शिक्षाविद् के साथ हाल ही में भारत से स्पेस स्टेशन पर गये ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला भी मौजूद थे। प्रदेश के लिये गौरव की बात है कि देश के एक हजार स्कूलों में इंदौर के सांदीपनि विद्यालय ने अपने नवाचार कार्यक्रम के जरिये यह पुरस्कार जीता है। पुरस्कार प्राचार्य रामकृष्ण कोरी और उनकी टीम ने प्राप्त किया। प्रदेश के सरकारी विद्यालयों में पीपल फाउंडेशन की मदद से बच्चों में कम्प्यूटर में दक्षता के लिये यह कार्यक्रम चलाया जा रहा है। ज्यूरी सदस्यों में केन्द्र सरकार की पूर्व शिक्षा सचिव सुश्री अनीता करवाल और नेशनल काउंसिल ऑफ टीचर एजुकेशन के चेयर पर्सन प्रो. पंकज अरोरा भी शामिल थे।


**न्यायालय नजूल अधिकारी नरसिंहपुर जिला नरसिंहपुर**

**सार्वजनिक नोटिस**

रा.मा.क्र. /अ-20(1)/वर्ष 2025-26

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लेख अनुसार पट्टा नवीनीकरण की कार्यवाही इस न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। कोई हितबद्ध व्यक्ति दिनांक 30/09/2025 को प्रात: 11 बजे स्थान नरसिंहपुर में इस न्यायालय के समक्ष या स्वंय या अपने अधिवक्ता जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिये गये हों या वैध प्रतिनिधि के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन प्रकरण के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

| नजूल शीट क्रमांक | नगरीय क्षे. का नाम | प्लाट नं. | क्षे. फल वर्गफुट में | विद्यमान अभिलेख में अंकित/धारक/धारकों का नाम/ पिता/माता/ पिता का नाम तथा पूर्ण पता | उस व्यक्ति/व्यक्तियों का नाम/पिता/माता/ पति का नाम तथा पूर्ण पता जिनके पक्ष में प्रकरण विचाराधीन है |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 22 | कंदेली | 23/2 | 1089.5 | नितिन कुमार पिस: नरेशचंद लूनावत सा. स्टेशनगंज कंदेली | नितिन कुमार पिस: नरेशचंद लूनावत सा. स्टेशनगंज कंदेली |

आज दिनांक 03/9/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय पदमुद्रा के अधीन जारी किया गया।

नजूल अधिकारी, नरसिंहपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-13 नगर निगम जबलपुर**

पत्र क्र. संभा. अधि./13/ मुख्यालय/ 2025/ 26/एम/120 दिनांक 15/9/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती कविता साहनी पति श्री तरूण साहनी ने मकान नं. 858 का भाग वार्ड सुभद्रा कुमारी चौहान खुली भूमि 1376.5 व.फु. विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा पदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है । जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर कार्यालय संभाग क्रमांक - 13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें ।

**राजस्व निरीक्षक संभाग क्रमांक 13 मुख्यालय नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-13 नगर निगम जबलपुर**

पत्र क्र. संभा. अधि./13/ मुख्यालय/ 2025/ 26/एम/121 दिनांक 15/9/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती रेखा पटेल पति श्री जवाहर पटेल ने मकान नं. 858 का भाग वार्ड सुभद्रा कुमारी चौहान खुली भूमि 1396.5 व.फु. विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा पदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है । जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर कार्यालय संभाग क्रमांक - 13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें ।

**राजस्व निरीक्षक संभाग क्रमांक 13 मुख्यालय नगर निगम जबलपुर**





# इंजीनियर ही देश की प्रगति के शिल्पकार

## हितकारिणी इंजीनियरिंग कॉलेज में मनाया गया अभियंता दिवस

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



वर्तमान समय में इंजीनियर ने केवल तकनीकी प्रगति के सूत्राधार हैं, बल्कि वे सामाजिक और सांस्कृतिक बदलाव के भी वाहक हैं । आज इंजीनियरों की भूमिका केवल मशीनों तक सीमित नहीं है, वे समाज की समस्याओं के समाधान करने वाले विचारशील नागरिक भी हैं । उक्त बांते हितकारिणी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नालॉजी में इंजीनियर्स डे के अवसर पर मुख्य अतिथि गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज के प्राचार्य डॉ राजीव चांडक ने भावी इंजीनियरों से कही। शासीनिकाय अध्यक्ष इंजी नितिन अग्रवाल ने कहा कि इंजीनियर समाज के निर्माता होते हैं । उनकी सोच और रचनात्मकता ही किसी राष्ट्र को तकनीकी तौर से आत्मनिर्भर बनाती है ।

***पोस्टर मेकिंग, टेक्नीकल गेम के आयोजन***– विशिष्ट अतिथि आईआईआईटीडीएम के मैकेनिकल विभाग के डॉ पुनीत टंडन और सीएस विभाग के डॉ अतुल गुप्ता ने भावी इंजीनियरों से कहा कि वे अपने ज्ञान का उपयोग समाज हित में करें और नवाचार को प्राथमिकता दें। इससे पहले कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और भारत रत्न सर विश्वेश्वरैया की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुआ। इस मौके पर पोस्टर मेकिंग, टेक्नीकल गेम, वन मिनिट स्पीच चैलेंज और डांस कॉम्पीटीशन का भी आयोजन किया गया।

छात्रों ने अपने इनोवेटिव आइडियाज प्रस्तुत किए जिसे सभी ने सराहा। इस अवसर पर शासी निकाय अध्यक्ष नितिन अग्रवाल, हितकारिणी सभा के उपसभापति मुकुल खंपरिया, विद्या परिषद के सचिव जयेश सिंह राठौर, वित्तनियंत्रक सतीश रांका, प्राचार्य डॉ रिंकू कथूरिया, कार्यक्रम समन्वयक प्रो. सरिता पटेल सहित विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष और स्टुडेंट्स उपस्थित रहे।

# रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ी गई महिला क्लर्क

## कार्यालय असिस्टेंट रजिस्ट्रार फर्म्स एवं संस्था का मामला



जबलपुर (स्वतंत्र मत)

रजिस्ट्रेशन करने एवज में 5 हजार रुपए सेवा शुल्क मांगने वाली असिस्टेंट रजिस्ट्रार फर्म्स एवं संस्थाएं जबलपुर संभाग कार्यालय में पदस्थ महिला क्लर्क को रिश्वत लेते लोकायुक्त जबलपुर की टीम ने पकड़ा है। दरअसल लोकायुक्त एसपी को ग्राम कौड़िया तहसील स्लीमनाबाद जिला कटनी के रहने वाले शिवप्रसाद कुशवाहा ने लिखित शिकायत दी थी। जिसमें आवेदक ने बताया कि उसके द्वारा परमलोक धाम आश्रम सेवा समिति का रजिस्ट्रेशन करवाने आवेदन दिया गया है। जिसके एवज में कार्यालय असिस्टेंट रजिस्ट्रार फर्म्स एवं संस्थाएं जबलपुर में कार्यरत प्रीति ठाकुर सहायक ग्रेड 2 द्वारा 5000 रु रिश्वत की मांग की जा रही है। शिकायत सत्यापन के बाद सोमवार, 15 सितंबर को लोकायुक्त टीम ने महिला क्लर्क को घूस कि राशि लेते रंगे हाथ पकड़ लिया । लोकायुक्त ने आरोपी के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (संशोधन)2018 की धारा-7,13(1)क्ख, 13(2) के अंतर्गत कार्यवाही की जा रही है। ट्रेप दल में उप पुलिस अधीक्षक श्रीमती नीतू त्रिपाठी, निरीक्षक रेखा प्रजापति, निरीक्षक बीएस नरवरिया एवम् अन्य मौजूद रहे।

## रेलवे स्टेशन से पकड़ी गई 8 हजार थाईलैंड मांगुर

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)**। सहायक संचालय मत्स्योद्योग राजतिलक धुर्वे ने विभागीय दल के साथ थाईलैंड मांगुर के बच्चे का परिवहन करते हुए रेलवे स्टेशन के पास पकड़ा। मौके से थाईलैंड मांगुर के तीन कंटेनर पकड़े गए, जिसमें लगभग 8000 नग थाईलैंड मांगुर के बच्चे पाए गए । थाइलैंड मांगुर को नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल, भारत सरकार के द्वारा पालन, संवर्धन, परिवहन एवं विक्रय में प्रतिबंध लगाया गया है।

# सिंहस्थ मेले से एक साल पहले पूरे हो सभी कार्य

## एमपी ट्रांसको में हुई समीक्षा बैठक, एमडी ने दिए निर्देश

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



सिंहस्थ-2028 के सफल आयोजन को ध्यान में रखते हुए मप्र पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) उज्जैन में अपनी पारेषण प्रणाली को और सुदृढ़ बना रही है। इस संबंध में आयोजित समीक्षा बैठक में प्रबंध संचालक सुनील तिवारी ने वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देश दिए कि सिंहस्थ के कार्यों की नियमित निगरानी की जाए और उन्हें समयसीमा व उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि कार्ययोजना इस प्रकार बनाई जाए कि सिंहस्थ आयोजन से एक वर्ष पूर्व सभी कार्य पूर्ण हो जाएं, जिससे पारेषण तंत्र की स्थिरता और विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त समय उपलब्ध हो सके। बैठक में इंदौर और उज्जैन मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। अतिरिक्त मुख्य अभियंता राजीव अग्रवाल ने जानकारी दी कि सिंहस्थ अवधि में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए पहले चरण में 132 केव्ही चिंतामन सबस्टेशन के निर्माण का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। त्रिवेणी बिहार, उज्जैन में प्रस्तावित सबस्टेशन के लिए टेंडर प्रक्रिया जारी है। इसके अलावा 220 केव्ही शंकरपुर सबस्टेशन पर वर्तमान 20 एमव्हीए ट्रांसफार्मर को अपग्रेड कर 50 एमव्हीए का नया ट्रांसफार्मर स्थापित किए जाने का प्रस्ताव है। श्री अग्रवाल ने बताया कि 400 केव्ही ताजपुर (उज्जैन) सबस्टेशन में 132 केव्ही नेटवर्क का विस्तार किया जाएगा। इसमें 50 एमव्हीए क्षमता का नया ट्रांसफार्मर स्थापित कर 33 केव्ही के चार नए फीडर निकाले जाएंगे ।

## आगामी पर्वों को लेकर महापौर ने की मैराथन बैठक

**जबलपुर**। नवरात्रि पर्व पर की जाने वाली तैयारियों को लेकर सोमवार को महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने अधिकारियों के साथ मैराथन बैठक की। महापौर ने स्वास्थ्य विभाग, लोककर्म और विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ संयुक्त रूप से बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की और सभी संबंधित अधिकारियों को हिदात देते हुए निर्देशित किया कि नवरात्रि पर्व पर श्रद्धालुओं को कोई भी परेशानी नहीं होनी चाहिए। इसके लिए नगरीय निकाय क्षेत्रों के सभी 79 वार्डो में पेंचवर्क के कार्यो को गुणवत्ता के साथ कराने के साथ-साथ बिजली व्यवस्था और स्वच्छता के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिये। उन्हांने समीक्षा बैठक में सभी संबंधितों को 24 घंटे अलर्ट रहकर कार्य करने के निर्देश दिये। उक्त कार्यो में कोई भी अधिकारी कर्मचारी लापरवाही न बरतें अन्यथा कार्यवाही के लिए तैयार रहें। महापौर ने लोककर्म विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि जिन ठेकेदारों के द्वारा कार्यो को पूर्ण करने में हीलाहवाली तथा निर्देशों की अव्हेलना की जा रही है, ऐसी स्थिति में निगम अपने स्तर से कोई ठोस उपाय करके कार्य कराये और कार्यो पर जो व्यय हो उस व्यय राशि को ठेकेदारों के देयकों से की जाये।

# हितकारिणी लॉ कॉलेज में पेरेंट्स टीचर मीटिंग का आयोजन

## अभिभावकों ने दी सराहनीय प्रतिक्रिया

## छात्रों के सर्वागीण विकास पर हुई चर्चा

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



हितकारिणी लॉ कॉलेज में पेरेंट्स-टीचर मीटिंग का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज के प्राचार्य डॉ. विकाश सिंह, उप प्राचार्य डॉ. भावना वर्मा सहित सहायक प्राध्यापकगण मोनिका सिंह, यामिनी मिश्रा, जॉली जैन, अभिषेक नेमा, राजेश सेन, शिवांगी गोलछा, स्वाती यादव, लोकेन्द्र सिंह एवं अश्विनी दोशी उपस्थित रहे। इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक मोनिका सिंह ने विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति पर विस्तृत प्रस्तुति दी और अभिभावकों से संवाद कर उनके सुझाव प्राप्त किए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी-शिक्षक अभिभावक का मजबूत संवाद ही उत्कृष्ट परिणामों की कुंजी है। बैठक में शिक्षकों ने अभिभावकों को विद्यार्थियों की उपस्थिति एवं अनुशासन संबंधी जानकारी दी। अभिभावकों ने भी अपनी राय और सुझाव साझा किए तथा कॉलेज की व्यवस्थाओं की सराहना की। प्राचार्य डॉ. विकाश सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य हेतु अभिभावक और शिक्षक दोनों का संयुक्त प्रयास आवश्यक है। उप प्राचार्य डॉ. भावना वर्मा ने विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन के साथ-साथ सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में भागीदारी के लिए प्रेरित किया। बैठक में कॉलेज की आगामी योजनाओं और शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने पर भी विस्तृत चर्चा हुई। अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ ।

# कट्टे की नोंक पर लूट करने वाले बदमाशों को पुलिस ने दबोचा

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

लार्डगंज थाना अंतर्गत 13 सितंबर को राजकुमार पटैल नामक व्यक्ति के साथ कट्टे की नोंक पर हुई लूट के मामले पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के मुताबिक राजेश पटेल के साथ यश तिवारी ने कट्टा और मुक्कू उर्फ मुकेश पटैल ने चाकू अड़ाकर 50 हजार रूपए नगद लूट लिए हैं। ऐसी रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया था। दरअसल इस मामले में लार्डगंज थाना प्रभारी नवल सिंह आर्य के निर्देशन में चौकी प्रभारी यादव कालोनी उप निरीक्षक अनिल कुमार के नेतृत्व में टीम गठित कर लगायी गयी। मुखबिर की सूचना पर माढोताल क्षेत्र मे दबिश देते हुये यश तिवारी उम्र 23 वर्ष निवासी कछपुरा मालगोदाम के पास लार्डगंज एवं मुकेश पटेल उम्र 28 वर्ष निवासी मेहता पेट्रोल पंप के पास मदनमहल को अभिरक्षा में लेते हुए पूछताछ करने पर दोनों ने कट्टा चाकू अडाकर नगद 15 हजार रूपये छीनना स्वीकार करते हुए छीने हुए रूपयों को आपस में बांट लेना बताये। मिले हुए 7500-7500 रूपयों में से यश ने 3 हजार रूपये एवं मुकेश ने 2 हजार रूपये पास में होना तथा दोनों ने शेष रूपये खर्च कर देना बताये।

## पुरानी रंजिश पर मारपीट

**जबलपुर** । गोरखपुर थाने में गगन वंशकार उम्र 28 वर्ष निवासी महर्षि स्कूल के पीछे गोरखपुर ने रिपोर्ट दर्ज कर बताया कि घर में सोया था तभी मोहल्ले का जितेन्द्र वंशकार आया और पुरानी रंजिश को लेकर गाली गलौज करने लगा, उसने एवं उसकी पत्नी ने गालियां देने से मना किया तो उसे धक्का मार दिया तथा पत्थर उठाकर वायें आंख के पास चोट पहुंचा दी तथा जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गया। पुलिस ने मामले को जांच में लिया है।

# जबलपुर-दिल्ली के बीच चलेगी 12 फेरे स्पेशल ट्रेन

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)**। रेल प्रशासन द्वारा त्यौहारों पर यात्रियों को बेहतर सुविधा प्रदान करने हेतु सदैव प्रयासरत रहता है। इसी कड़ी में पश्चिम मध्य रेल ने दिवाली एवं छठ पूजा त्यौहारों के पर्व पर अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लीयर करने एवं यात्रियों की सुविधा के लिए जबलपुर-आनन्द विहार टर्मिनल-जबलपुर के मध्य साप्ताहिक 06-06 ट्रिप स्पेशल ट्रेन विशेष किराये पर चलाने का निर्णय लिया है। यह गाड़ी पश्चिम मध्य रेल के जबलपुर से प्रस्थान कर कटनी, मैहर एवं सतना स्टेशनों से होकर गन्तव्य को जाएगी। स्पेशल



ट्रेन गाड़ी संख्या 01707 जबलपुर से आनन्द विहार टर्मिनल स्पेशल ट्रेन 29 सितंबर से 3 नवंबर तक साप्ताहिक सोमवार को एक्सप्रेस ट्रेन जबलपुर से दोपहर 02.40 बजे प्रस्थान कर कटनी 04.50 बजे, मैहर शाम 06.28 बजे, सतना सायं 06.50 बजे, मानिकपुर जंक्शन रात 09.28 बजे, शंकरगढ़ 10.15 बजे, प्रयागराज जंक्शन रात्रि 11.20 बजे, पहुंचकर अगले दिन फतेहपुर मध्यरात्रि 01-00 बजे, गोविन्दपुरी 03.20 बजे, इटावा 05.10 बजे, टूण्डला 06.45 बजे, अलीगढ जंक्शन 08.18 बजे, गाज़ियाबाद 11.48 बजे पहुंचकर और दूसरे दिन मंगलवार को दोपहर 12.25 बजे आनन्द विहार टर्मिनल स्टेशन पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 01708 आनन्द विहार टर्मिनल से जबलपुर स्पेशल ट्रेन 30 सितंबर से 4 नवंबर तक साप्ताहिक मंगलवार को एक्सप्रेस ट्रेन आनन्द विहार टर्मिनल स्टेशन से दोपहर 01.45 बजे प्रस्थान कर, गाज़ियाबाद 02.18 बजे, अलीगढ़ जंक्शन सायं 04.03 बजे, टूण्डला 05.10 बजे, इटावा 06.15 बजे, गोविन्दपुरी रात 08.20 बजे, फतेहपुर 09.28 बजे, पहुंचकर अगले दिन प्रयागराज जंक्शन मध्यरात्रि 01.30 बजे, शंकरगढ़ 02.28 बजे, मानिकपुर जंक्शन 04.58 बजे, सतना सुबह 06.30 बजे, मैहर 06.53 बजे, कटनी 08 बजे और बुधवार को सुबह 09.30 बजे जबलपुर स्टेशन पहुंचेगी।

# दर्जनों की तादाद में ट्रैक्टर लेकर निकले किसान, पुलिस ने रोका

## मांगों को लेकर किया प्रदर्शन, सरकार को दी चेतावनी

जबलपुर (स्वतंत्र मत)





भारतीय किसान संघ के नेतृत्व में किसानों की समस्या और प्रदेश सरकार के लेंड को लेकर सोमवार को पूरे प्रदेश में आंदोलन किया जा रहा है। प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर किसान प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंप रहे हैं। इसके लिए किसानों का ट्रैक्टर रैली से पहुंच रहे हैं। इधर राजधानी में मुख्यमंत्री ने बिल पर सभी से संवाद की बात कही है। दरअसल सोमवार को किसान कृषि उपज मंडी से ट्रैक्टर रैली निकालकर घंटाघर पहुंचेंगे और अपनी मांगों को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपेंगे। रैली को देखते हुए पुलिस ने घंटाघर क्षेत्र में बैरिकेडिंग कर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। इसी तरह टीकमगढ़ में भी किसानों ने एक बजे रैली निकालना शुरू कर दिया है। जिला मंत्री धनंजय पटेल ने बताया कि दोपहर 12 बजे किसान कृषि उपज मंडी में एकत्रित हुए हैं।। सभा के बाद ट्रैक्टर रैली मंडी से शुरू होकर दमोह नाका, रानीताल, यातायात चौक, तीन पत्ती चौक और नौदरा ब्रिज से होती हुई घंटाघर पहुंची जहां पर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर आंदोलन समाप्त किया गया।

***ये हैं किसानों की मुख्य मांगें***- लैंड पूलिंग एक्ट को तत्काल वापस लिया जाए, यूरिया और डीएपी सहित खाद की पर्याप्त व्यवस्था की जाए, खाद-बीज की कालाबाजारी पर सख्ती से रोक लगाई जाए, धान, गेहूं, मूंग और उड़द का रुका हुआ भुगतान किसानों को तुरंत दिया जाए। गेहूं 2700 रुपए और धान 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से खरीदी की जाए। जिले में तीन साल से अधिक समय से पदस्थ कृषि विभाग के अधिकारियों का ट्रांसफर हो और भ्रष्ट अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए। इन मांगों को किसानों द्वारा जिला प्रशासन के समक्ष रखा गया।

# मुंह बोले बेटे ने घर से पार किया 6 लाख का सोना

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)**। बेलबाग थाने में रत्ना मेश्राम उम्र 50 वर्ष निवासी छाया निवास फूटाताल बेलबाग ने रिपोर्ट दर्ज कर बताया कि वह नागपुर इलाज के लिये परिवार के साथ गई थी, उसके परिवार के पहचान के एक व्यक्ति को घर की चाबी देकर गयी थी जो घर की देखरेख करते थे। नागपुर से वापस आई तो देखा अपना सामान पेटी में चैक कर रही थी पेटी में सोने के 2 कंगन, 1 हार, 1 चेन गायब थे पेटी का कुंदा टूटा था कोई अज्ञात चोर उसके सोने के जेवर कीमती लगभग 6 लाख रूपये के चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर कर विवेचना में लिया गया। पुलिस ने आरोपी की पतासाजी पर ज्ञात हुआ कि घर के सामने रहने वाले युवक काब्य साहू जिसे रत्ना बेटे की तरह मानती थीं जो रत्ना मेश्राम के घर आता था। संदेह होने पर काब्य साहू पिता संजय साहू उम्र 19 वर्ष निवासी फूटाताल को अभिरक्षा में लेकर सघन पूछताछ की जिसने चोरी करना स्वीकार किया एवं चुराये हुये सोने के गहने अपने घर में छुपाकर रखना बताया। पुलिस ने आरोपी काब्य साहू के कब्जे से 6 लाख केजेवर बरामद कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

South Avenue Mall | moviemagic | ruby moviemagic

Book tickets & F&B on Movie Magic App at ZERO PLATFORM FEE
MOVIE MAGIC 5 BIG SCREENS
@moviemagic_jbp

| | |
|---|---|
| DEMON SLAYER: KIMETSU NO YAIBA INFINITY CASTLE (ENG/HIN/JPN) | ENGLISH - 5:00 PM; RUBY 6:45 PM, 9:35 PM; HINDI - 11:20 AM; JAPANESE - 8:30 AM |
| MIRAI (HIN) | 3:15 PM 6:25 PM & 9:40 PM |
| HEER EXPRESS (HIN) | 1:30 PM |
| THE BENGAL FILES (HIN) | RUBY 12:00 PM |
| PARAM SUNDARI (HIN) | 4:15 PM; RUBY 6:30 PM |
| THE CONJURING: LAST RITES (HINDI) | 2:20 PM, 8:00 PM & 10:35 PM; RUBY 1:40 PM, 4:15 PM |
| BAAGHI 4 (HIN) | 10:30 AM & 12:20 PM; RUBY 3:45 PM |

Bulk Booking / Advertising 9425807507 | Movie Magic, South Avenue Mall, Narmada Road 9425807508

मल्टीस्पेशालिटी हॉस्पीटल श्री विचक्षण जैन हॉस्पीटल 24/7
क्रिटीकल केयर एवं किडनी डायलिसिस सेंटर (प्युरिटी सर्विसेस नागपुर द्वारा संचालित)
भारतीय स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में निम्नलिखित ऑपरेशन रियायती दरों में नागपुर के विशेषज्ञों द्वारा किया जायेगा।
मात्र 20000/- सुविधाएं ही सुविधाएं
• बच्चेदानी का ऑपरेशन • हार्निया का ऑपरेशन • पाईल्स • प्रसव(डलेवरी)
• अपेंडिक्स • फिश्चुला/भगंदर • फिशर • सिस्ट
• हायड्रोसिल • सर्जन • अनेस्थिशिया • ओटी चार्जेस
• बेड चार्जेस • दवाईयाँ • खुन की जाँच
नोटः- यह सारी सुविधाएं दि. 16 अगस्त से 15 सितम्बर 2025 तक हॉस्पिटल में उपलब्ध हैं।
कृपया ज्यादा से ज्यादा संख्या में स्वास्थ्य का लाभ उठायें।
वार्ड नं. 32, मोती नगर, बालाघाट (म.प्र.)-401001, सम्पर्क करें:- 8959193333, 9685612023, 07632-243906,243907

हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी।
ई-मेल-smatjbp1@ gmail.com, फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2023-25, RNI No. 64561/96.